वाराणसी, सोमवार, 20 मार्च, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 13, वर्ष 12, अंक 40, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : यूट्यूब से कथक सीखना नामुमकिन



अन्दर : निकहत जरीन प्री क्वार्टरफाइनल में बोलीं- मेरी रणनीति दबदबा बनाने की थी

# बिजली कर्मियों की हड़ताल 65 घंटे बाद खत्म

## ऊर्जा मंत्री के साथ बैठक के बाद निर्णय, तीन हजार से ज्यादा संविदाकर्मी किए गए थे बर्खास्त

**लखनऊ।** यूपी में बिजली कर्मियों की हड़ताल खत्म हो गई है। 65 घंटे चली हड़ताल से यूपी की जनता परेशान थी। रविवार दोपहर को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और बिजली कर्मचारी नेताओं के बीच तीसरे राउंड की बैठक में बात बनी। इसके बाद बिजली कर्मचारी संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने हड़ताल खत्म होने का ऐलान किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री भी मौजूद रहे।संघर्ष समिति और कारपोरेशन सोमवार को हाई कोर्ट में अपना पक्ष रखेगा। हड़ताल खत्म होने की घोषणा के बाद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से कर्मचारियों की सभी मांगों पर सकारात्मक तरीके से विचार किया जा रहा है।

शैलेंद्र दुबे ने कहा,सरकार ने जिन 3000 बिजली कर्मचारियों को नौकरी से बाहर किया है। उनको वापस लिया जाएगा। इसके अलावा, 22 लोगों पर एस्मा लगाया था, 29 लोगों पर मुकदमा

**मिली राहत**

**ऊर्जा मंत्री-कर्मचारी नेताओं की बैठक में बनी सहमति**

**बहाल होंगे बर्खास्त कर्मचारी**

**कर्मचारियों को एक बार फिर नहीं मिला कहीं भी कोई लिखित आश्वासन**

दर्ज हुआ था। इसे भी सरकार वापस लेगी। यह हड़ताल ऊर्जा मंत्री के आश्वासन और हाईकोर्ट के सम्मान में वापस हुई है। उन्होंने कर्मचारियों से तत्काल काम पर वापस लौटने की बात कही। हालांकि, एक बार फिर से कर्मचारियों को कहीं भी कोई लिखित आश्वासन नहीं मिला है। तीसरे राउंड की बैठक दोपहर दो बजे हुई थी। ये बैठक करीब 20 मिनट तक चली। जिसमें ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, पावर



कारपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज और बिजली कर्मचारी संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बातचीत में मंत्री और कर्मचारियों नेताओं के बीच सहमति बनी। जिसके बाद मीडिया को बुलाया गया।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मीडिया से कहा कि विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति ने हड़ताल वापस ले ली है। इस दौरान सरकार की तरफ से जितनी भी दंडात्मक कार्रवाई की गई है। उसे वापस लिया जाएगा। संविदा कर्मचारियों की बर्खास्तगी नहीं होगी। जिन 22 कर्मचारी नेताओं पर एस्मा लगाया गया था। उसका भी हटाया जाएगा। इसके अलावा कर्मचारियों के खिलाफ जो 29 मुकदमे दर्ज कराए गए

**कई जिलों में हुई 20-20 घंटे बिजली कटौती**

प्रयागराज, कानपुर, फतेहपुर, उरई, जौनपुर, मेरठ, अयोध्या, वाराणसी समेत कई जिलों के कुछ इलाकों में 20-20 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित रही। प्रदेश में शुक्रवार को दिक्कत इसलिए भी ज्यादा बढ़ गई कि तेज हवाओं और बारिश के बाद कई जगह फॉल्ट हुए, लेकिन वह ठीक नहीं हो सके। 3 हजार से ज्यादा संविदा कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का आदेश जारी किया गया। वहीं संघर्ष समिति के 22 कर्मचारी नेताओं पर एस्मा लगाया गया। 29 अन्य लोगों पर मुकदमें दर्ज किए गए।

थे। सरकार उसको भी वापस लेगी। कर्मचारियों की मांगों पर जल्द ही वार्ता कर उसका निस्तारण किया जाएगा। रविवार सुबह 11 बजे दूसरे राउंड की वार्ता के लिए कर्मचारी नेता बैठक में पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे तक मंत्री का इंतजार किया। मगर, ऊर्जा मंत्री नहीं आए। इसके बाद संघर्ष समिति के नेता चले गए। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के शैलेंद्र दुबे ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने रविवार को बातचीत के लिए बुलाया था। इसलिए, हम लोग आए थे। लेकिन, मंत्री नहीं आए। इससे पहले, शनिवार रात ऊर्जा मंत्री और विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बीच 3 घंटे की पहली मैराथन बैठक हुई। मगर, इसमें कोई नतीजा नहीं निकला। बिजली कटौती से प्रदेश में करीब 50 लाख उपभोक्ता परेशान हैं।

सूत्रों के मुताबिक, शनिवार रात की बैठक में ही आंदोलन वापस लेने पर सहमति बन गई थी। इसमें यह तय हुआ कि जितने लोगों को निकाला गया है, उन सब को वापस कर लिया जाए। 29 लोगों पर जो एफआईआर दर्ज है उसे हटाया जाए। 22 कर्मचारी नेताओं पर जो एस्मा लगा है उसको वापस लिया जाए। ये होने पर कर्मचारी अपनी हड़ताल वापस ले लेंगे। बताया जा रहा है कि ऊर्जा मंत्री इस पर सहमत थे, लेकिन वह लिखित में नहीं देने की बात कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री का कहना था कि आप हड़ताल वापस लीजिए और हम मीडिया में बयान दे देंगे कि अब तक हुई सारी कार्रवाई वापस ले ली गई है। इस पर कर्मचारी नेताओं ने हड़ताल वापस लेने से मना कर दिया। उनका कहना था कि वह लिखित समझौते के बिना हड़ताल वापस नहीं लेंगे। पिछली बार जब लिखित के बाद भी मांगें नहीं मानी गई तो मौखिक का कोई आधार नहीं होता।

**बिजली कर्मियों की ये थी मांग**

- बिजली कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाए।
- ट्रांसफॉर्मर वर्कशॉप के निजीकरण के आदेश वापस लें। आगरा फ्रेंचाईजी और ग्रेटर नोएडा का निजीकरण रद्द हो।
- बिजली कर्मियों को कई साल से लंबित बोनस का भुगतान दिया जाए।
- 9 साल, 14 साल और 19 साल की सेवा के बाद 3 प्रमोशन वेतनमान दें।
- ऊर्जा कर्मियों की सुरक्षा के लिए पावर सेक्टर इम्प्लॉइज प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो।
- निर्धारित प्रक्रिया के तहत चेयरमैन, प्रबंध निदेशकों और निदेशकों का चयन हो।
- 765/400/220 केवी विद्युत उपकेंद्रों को आउटसोर्सिंग से चलाने का निर्णय रद्द हो।
- तेलंगाना, पंजाब, दिल्ली, ओडिशा की तरह सभी संविदा कर्मियों को नियमित करें।
- भ्रष्टाचार- फिजूलखर्ची रोकने के लिए 25 हजार करोड़ के मीटर खरीद के आदेश को रद्द करें।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
SUNDAY OPEN

C.U.E.T BHU / DU / AU
CHS ENTRANCE EXAM - 2023 9th & 11th
B.Sc. B.Com. B.A. LL.B
Selection 1218 in CUET 155 in CHS
संकल्प ट्यूटोरियल्स
पॉलिटेक्निक
1. बादशाह बाग (G.G.I.C. के पास) मलदहिया
2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन 3. नेवादा 4. सिगरा बाजार
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसही, वाराणसी
9335418689, 9335720660

# पंजाब में दहशत का माहौल

## पुलिस को चकमा देकर भागा खालिस्तान समर्थक अमृतपाल

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्य में मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं के निलंबन की अवधि सोमवार दोपहर तक बढ़ा दी है। इस बीच, कट्टरपंथी उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की तलाश जारी है। राज्य के प्राधिकारियों ने शनिवार को इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं रविवार दोपहर तक के लिए निलंबित कर दी थीं। पुलिस ने कहा था कि वे अमृतपाल को जल्द गिरफ्तार कर लेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा रविवार को जारी आधिकारिक आदेश में कहा गया है, भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निर्देश दिया जाता है कि पंजाब के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में सभी



मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, सभी एसएमएस सेवाएं (बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और वॉयस कॉल को छोड़कर मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाओं को 19 मार्च (दोपहर 12 बजे) से 20 मार्च (दोपहर 12 बजे) तक के लिए निलंबित किया जाएगा, ताकि हिंसा भड़का सकने और शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ सकने वाली हर प्रकार की घटना को रोका जा सके। आदेश में कहा गया है कि ब्रॉडबैंड सेवाओं को निलंबित नहीं किया जा रहा है, ताकि बैंकिंग सुविधाएं, अस्पताल सेवाएं और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध रहें। जालंधर के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने शनिवार रात जालंधर में नकोदर के पास पत्रकारों से कहा, वह (अमृतपाल) अब भगोड़ा है और हम उसकी तलाश कर रहे हैं तथा उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई शुरू की थी और उसके नेतृत्व वाले एक संगठन के 78 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया था। जालंधर जिले में अमृतपाल के काफिले को रोका गया, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अधिकारियों ने कई स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस ने शनिवार को अमृतपाल के नेतृत्व वाले वारिस पंजाब दे से जुड़े लोगों के खिलाफ बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया है।

## संयुक्त किसान मोर्चा की महापंचायत आज

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली में सोमवार को किसान संगठनों की महापंचायत करने का एलान किया है। यह कार्यक्रम रामलीला मैदान में सुबह 10 से शाम 3.30 बजे तक बैठक करेगा। इस दौरान किसान एमएसपी जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि केंद्र सरकार ने बीते 14 महीने में किसानों के लिए कुछ नहीं किया। महापंचायत से पहले संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने बताया कि किसान आंदोलन के दौरान दर्ज हुए मुकदमों में यूपी के कई किसानों को पुलिस के नोटिस जा रहे हैं। यहां तक की कई किसान नेताओं को डोमेस्टिक फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें घंटों डिटेन कर के रखा जाता है, जिसका हम विरोध करते हैं। कल दिल्ली के रामलीला मैदान पर होनी वाली बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। इसमें 32 किसान संगठन भाग लेंगे।

# भाजपा को सत्ता से बाहर करने का प्लान तैयार

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सपा प्रमुख ने लिए बड़े फैसले

**कोलकाता।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। इसके लिए पार्टी ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके लिए पूरे देश में सभी क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से बातचीत चल रही है। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग भी भाजपा की हार का एक बड़ा कारण होगा। उन्होंने कहा, इस बार पार्टी अमेठी और रायबरेली से भी उम्मीदवार उतारने पर विचार कर रही है क्योंकि इन जगह पर सपाइयों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पार्टी बूथ स्तर पर पूरा ध्यान देगी साथ ही जातीय जन गणना को भी एक मुद्दा बनाएगी, ताकि सभी जातियों को विकास का एक समान अवसर मिल सके। वे यहां समाजवादी पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अखिलेश ने कहा, पार्टी ने पूरा प्लान बना लिया है। उन्होंने कहा, 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। दो दिन तक जो मंथन हुआ, उसके बाद यह तय हो गया कि पार्टी बूथ स्तर तक अपने जनाधार को और मजबूत करेगी। युवाओं को पार्टी से जोड़ने का एक विशेष कार्यक्रम चलाया जाएगा।

जाति गणना को मुद्दा बनाया जाएगा। अति पिछड़ों को साथ में जोड़ने का मुहिम तेज किया जाएगा। जो लोग पिछले दिनों कहीं दूसरी ओर चले गए थे, उनको विश्वास दिलाया जाएगा और उनको साथ जोड़ने का काम किया जाएगा। पूरे देश में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से बातचीत चल रही है। आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। उत्तर प्रदेश में सभी सीटों पर सपा चुनाव लड़ेगी। अमेठी और रायबरेली से भी उम्मीदवार उतारने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा, मैं हाल ही में अमेठी गया था। वहां के लोग कह रहे हैं कि हम कांग्रेस को वोट देते हैं, लेकिन कांग्रेस हमारी ओर नहीं देखती है। लोग कह रहे हैं कि सपा को अमेठी में लड़ना चाहिए,



क्योंकि कांग्रेस वहां के लोगों का समर्थन नहीं करती है। देश के सामने संकट इतना बड़ा है कि हम और आप उसकी कल्पना नहीं कर सकते। भाजपा के लोग कहते थे, भाजपा की आर्थिक नीतियां इतनी अच्छी हैं। एक उद्योगपति नंबर दो पर है। आज वो उद्योगपति पति कहां है? देश का, बैंकों, एलआईसी का पैसा डूबा है। क्या सरकार कार्रवाई करेगी?

अखिलेश ने कहा, भाजपा लगातार विरोधियों पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। एक समय था जब कांग्रेस यही काम किया करती थी। उसका हश्र देखिए। भाजपा का भी यही हाल होगा। कीमतें आसमान छू रही हैं। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। सपा के एक नेता ने बताया कि दो दिवसीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि गठबंधन करने की सारी शक्तियां पार्टी ने अध्यक्ष अखिलेश यादव को दे दी है। वह गठबंधन के लिए स्वतंत्र होकर निर्णय ले सकेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि इस बार नेता जी ने दो नारे दिए हैं। एक करो या मरो और दूसरा अभी नहीं तो कभी नहीं। इस लिए पार्टी के जितने भी नेता इस बार आए हुए थे, उनको कह दिया गया है। बूथ स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ना है।

सपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, पूरा प्लान तैयार है। पार्टी राजनीतिक दलों से बातचीत कर रही है। उत्तर प्रदेश में सपा खुद भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाएगी। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस भाजपा को बढ़ने नहीं देगी। बिहार में माहौल भाजपा के खिलाफ बन रहा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और दक्षिण में भाजपा को वहां की क्षेत्रीय पार्टियां आगे बढ़ने नहीं देंगी। सपा को जहां-जहां मौका दिया जाएगा, वहां एक दो सीट पर चुनाव लड़ेगी और बाकी जगह सहयोगी दलों की मदद करेगी। सपा नेता ने कहा, पूरी तैयारी के साथ समीकरण बनाया जा रहा है। सबसे बड़ी बात, लोग भाजपा से दुखी हैं और बदलाव चाहते हैं। लोगों ने भाजपा का असली चेहरा देख लिया है।

अखिलेश ने कहा, कांग्रेस और वाम मोर्चो दोनों ही बड़ी पार्टियां हैं। आने वाले समय में उनको खुद ही अपनी भूमिका तय करनी होगी। तीसरे मोर्चे में कौन होगा, इस पर बात हो चुकी है। कांग्रेस और वाम के इतर समान विचारधारा वाली राज नीतिक पार्टियों से बातचीत कर रहे हैं। क्षेत्रीय दलों की भूमिका अहम होने वाली है। एजेंसी

**एकजुटता**

**सभी सीटों पर सपा लड़ेगी चुनाव, अमेठी और रायबरेली से भी उम्मीदवार उतारने पर विचार**

**जातीय जनगणना को मुद्दा बनाएगी सपा, बोले-'केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही सरकार', कांग्रेस जैसा होगा हाल**

# सीएम योगी के नाम एक और रिकार्ड

**लखनऊ/अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में लगातार छह वर्ष तक मुख्यमंत्री पद पर रहने का नया रिकॉर्ड बनाने के बाद योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ी में संकट मोचन हनुमान जी और रामलला के दर्शन-पूजन किए तथा आरती एवं परिक्रमा की। उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनायी थी और योगी ने 19 मार्च, 2017 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को दोबारा बहुमत मिलने के बाद योगी ने 25 मार्च, 2022 को पुनः मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के विराजमान होने के पूर्व यहां श्रीरामकृतु के भव्य लोकार्पण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह मेरे लिए प्रफुल्लित करने वाला क्षण है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस पवित्र स्थल पर नाम और नामी दोनों विराजमान हैं। रामचरित मानस में 'कलियुग केवल नाम अधारा, सुमरि-सुमरि नर उतरहिं पारा' यानी

**उपलब्धि**

**यूपी में लगातार 6 वर्ष तक सीएम रहने का योगी ने बनाया रिकॉर्ड रामलला के किए दर्शन**



कलियुग में नाम का महत्व है। उसके बारे में भी कहा गया है कि जप से सौ गुना अधिक पुण्य नाम लिखने से मिलता है। यहां 28 करोड़ नाम रामकृतु में संरक्षित किए गए हैं। इसमें निरंतर वृद्धि होती दिखाई देगी। इसका पुण्य अनंत काल तक हमें न केवल सन्मार्ग पर ले चलने, बल्कि जीवन के समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर करने की प्रेरणा प्रदान करेगा। श्रीरामकृतु में प्रभु का नाम है। लेखन के माध्यम से प्रभु के 28 करोड़ नाम को संरक्षित कर हम पुण्य के भागी बन सकते हैं। यह बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे रविवार को अशर्फी भवन पीठ के अंतर्गत नवनिर्मित श्रीरामकृतु स्तंभ व श्रीरामलला भवन के लोकार्पण पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि जगद्गुरु रामानुजाचार्य पूज्य स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज को बधाई दूंगा कि राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के पूर्व अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने भव्य धर्मशाला व अतिथिशाला का निर्माण कराया। हर आश्रम को ऐसा करना चाहिए। अभी से तैयारी हो जाए। देश से कोई भी श्रद्धालु आए तो उसे अयोध्या में सुविधा भी मिले। यहां रुककर प्रभु के नाम का स्मरण, जप या रहकर साधना करना चाहे तो उसे यहां सब कुछ सुलभ हो। सरकार यहां बुनियादी सुविधाओं के लिए बेहतरीन कार्य कर रही है।

## स्वामी प्रसाद के एजेंडे से सपा का यू टर्न

**लखनऊ।** सपा ने रामचरित मानस की चौपाई के बहाने 85-15 के फॉमूर्ले के हिसाब से बंटवारा कर पिछड़ों को पक्ष में करने की मुहिम से पैर पीछे खींच लिए हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में धार्मिक पुस्तकों और धर्म से जुड़े संतों पर टिप्पणी से बचने का संदेश देकर समाज में किसी को भी छोड़ने की जगह सभी वर्गों को साधने की रणनीति पर बढ़ने का संदेश दिया गया है। कार्यकारिणी को लेकर सबसे ज्यादा नजर इसी बात पर थी कि रामचरित मानस को लेकर की गई स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणी पर पार्टी क्या स्टैंड लेती है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने पिछले दिनों लगातार धार्मिक टिप्पणी की। रामचरित मानस की चौपाई ढोल, गंवार, सूद्र, पशु, नारी.... को लेकर इस तरह सवाल उठाया कि सपा को आलोचना का शिकार होना पड़ा। इतना ही नहीं पार्टी के भीतर से भी विरोध शुरू हो गया। लेकिन, स्वामी प्रसाद की सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद यह मुद्दा ज्यादा चर्चा का विषय बना।

# राहुल गांधी के घर दिल्ली पुलिस की 'किलेबंदी'

## महिलाओं के यौन उत्पीड़न' संबंधी बयान को लेकर राहुल गांधी के आवास पर पहुंची दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिए भाषण को लेकर दिल्ली पुलिस ने जो नोटिस जारी किया था, राहुल गांधी ने उसका प्रारंभिक जवाब दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, राहुल गांधी ने चार पेज 10 पॉइंट में दिल्ली पुलिस को अपना जवाब दिया है। अपने जवाब में राहुल गांधी ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने पुलिस की कार्रवाई को अभूतपूर्व बताया है और आरोप लगाया कि अदाणी मामले को उठाने के चलते उनके खिलाफ यह कार्रवाई हुई है।

अपने प्रारंभिक जवाब में राहुल गांधी ने उनके भाषण के 45 दिन बाद पुलिस कार्रवाई और उसकी प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस के नोटिस का विस्तृत जवाब देने के लिए 8-10 दिन का समय मांगा है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि अगर जरूरत पड़ी तो आगे भी राहुल गांधी से

**पूछताछ**

**पूछताछ के पहले उनके घर की सुरक्षा बढ़ी**

**समर्थकों ने किया जमकर हंगामा, लगाया आरोप**

**कांग्रेस के कई दिग्गज नेता पहुंचे राहुल के घर**



पूछताछ की जा सकती है। बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने अपने एक भाषण में दावा किया था कि कई महिलाएं उनसे मिलने आई थी। वो रो रहीं थी और काफी भावुक थीं। उनमें से कुछ ने बताया कि उनके साथ बलात्कार हुआ है, उत्पीड़न हुआ है। राहुल गांधी ने बताया कि जब उन्होंने महिलाओं से पूछा कि क्या वह पुलिस को इस बारे में बताएं तो महिलाओं ने कथित तौर पर कहा कि नहीं पुलिस को इस बारे में मत बताइए, वर्ना उन्हें ज्यादा परेशानी होगी। राहुल गांधी के इस बयान पर दिल्ली पुलिस ने उन्हें नोटिस जारी कर महिलाओं के बारे में जानकारी देने को कहा था ताकि पुलिस इसकी जांच कर सके। रविवार को दिल्ली पुलिस, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आवास भी पहुंची थी। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर ऑफ पुलिस सागर प्रीत हुड्डा ने बताया कि राहुल गांधी से उनके बयान के बारे में जानकारी मांगी गई। राहुल गांधी ने जवाब देने के लिए थोड़ा वक्त मांगा है। इससे पहले राहुल गांधी के बयान पर दिल्ली पुलिस की एक टीम बीती 15 मार्च को नोटिस देने गई थी। टीम ने वहां तीन घंटे इंतजार किया लेकिन राहुल गांधी से मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद 16 मार्च को दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी फिर से राहुल गांधी के आवास पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे के इंतजार के बाद राहुल गांधी उनसे मिले और नोटिस रिसीव किया। वहीं दिल्ली पुलिस की बयान के इतने दिनों बाद कार्रवाई पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली पुलिस को महिलाओं की इतनी चिंता थी को फरवरी में क्यों नहीं आए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की कानूनी सलाहकार टीम नोटिस का जवाब देगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी दिल्ली पुलिस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय के इशारे पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि राहुल गांधी का प्रारंभिक जवाब मिल गया है लेकिन इसमें ऐसी कोई जानकारी नहीं है, जिससे जांच आगे बढ़ सके। इससे पहले दिल्ली पुलिस की एक टीम ने राहुल गांधी से उनके आवास पर मुलाकात भी की थी और उनसे भारत जोड़ो यात्रा के दौरान यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को लेकर दिए बयान पर जानकारी मांगी थी।

# 80 फीसदी प्राथमिक सहकारी समितियों पर भाजपा का कब्जा

**लखनऊ।** प्राथमिक सहकारी समितियों के चुनाव में भाजपा ने एक तरफा जीत हासिल की है। प्रदेश में करीब 80 फीसदी समितियों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार जीते हैं। वहीं कुछ जिलों में समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन भी बेहतर रहा है। निर्दलीय भी बड़ी संख्या में बाजी मारी है।

राजधानी लखनऊ में 81 प्राथमिक सहकारी समितियों में से 76 पर चुनाव हुए हैं। इसमें से 61 समितियों में भाजपा के उम्मीदवार जीते हैं और सपा को सिर्फ दो समितियों में जीत मिली है। 13 समितियों में निर्दलीयों ने बाजी मारी है ।प्रदेश में 7148 सहकारी समितियों में से 7000 समितियों के चुनाव हुए हैं। रविवार को समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव में करीब 6200 से अधिक समितियों में भाजपा के उम्मीदवार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। बदायूं जिले की सभी 115 समितियों में भाजपा के उम्मीदवार चुनाव जीते हैं।

सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर के गृह जिले शाहजहांपुर में 115 समितियों में से 111 में भाजपा ने परचम फहराया है। वहीं तीन समितियों में निर्दलीय जीते हैं। एक समिति का चुनाव रद्द हुआ है। करीब पांच सौ से अधिक समितियों में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

**चुनाव**

**लखनऊ में 76 में से 61 पर भाजपा जीती**

# आइएएस में नाकाम होने पर लगाई फांसी

**दबाव की इंतिहा**

### सुसाइड नोट में लिखा, मैं आईएएस का एग्जाम पास नहीं कर सका, माफ कर दो




**मंडुवाडीह।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के ककरमत्ता रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर में रविवार को विकास यादव (26) वर्ष ने पंखे के सहारे लगाकर फांसी लगाकर अपनी इहलीला खत्म कर ली।

जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ निवासी अमर बहादुर जो पेशे से किसान हैं। उनका पुत्र विकास यादव अपने मामा राकेश कुमार यादव जो बरेकाकर्मी हैं के ककरमत्ता स्थित रेलवे कॉलोनी के आवास में रह कर पढ़ाई कर रहा था। मामा राकेश कुमार ने बताया कि रविवार की दोपहर लगभग पौने ग्यारह बजे उनका भांजा विकास यादव पंखे में तार के सहारे फांसी लगा ली, जब मामा की नजर भांजे विकास यादव पर पड़ी तो वह तत्काल विकास को नीचे उतारकर डीएलडब्लू के सेंट्रल हॉस्पिटल में लेकर आए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राकेश ने बताया की विकास के पास से सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने लिखा है की मम्मी पापा आप लोगों ने मुझे पढ़ाने के लिए काफी मेहनत की लेकिन मैं आईएएस का एक्जाम पास नहीं कर सका, हो सके तो मुझे माफ कीजियेगा। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया।

## दी लॉयर्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण

**रामनगर।** दी लॉयर्स एसोसिएशन रामनगर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में शपथ दिलाई गई। पुराना रामनगर में स्थित एक निजी लान में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता विजेंद्र लाल श्रीवास्तव ने अध्यक्ष प्रशांत सिंह,महामंत्री रामकुमार यादव राजू, महामंत्री विध्नेश्वर चौरसिया सहित अन्य पदाधिकारियों और को पद और दायित्व का शपथ दिलाया। इसके अलावा होली मिलन समारोह आयोजित भी किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं और पत्रकारों का भी स्वागत और अभिनन्दन किया गया। इस दौरान एसोसिएशन के संरक्षक मुरारी लाल यादव, काउंसिल सदस्य हरिशंकर सिंह, विनोद कुमार पांडेय,सेंट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु नाथ पांडेय महामंत्री शशिकांत दुबे,बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह महामंत्री अश्विनी राय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## ससुराल दूर होने का पता चलते ही दुल्हन ने तोड़ दी शादी

**बवाल**

### बीच रास्ते में पीआरवी से मांगी मदद, फिर लौट आयी वाराणसी



**वाराणसी।** कोर्ट मैरिज के बाद जब दुल्हन ससुराल के लिए निकली और करीब 400 किमी का सफर तय कि तो उसके बाद रिश्ता को तोड़ घर जाने के लिए अड़ गयी। क्योंकि उसे लगा कि उसका ससुराल बहुत दूर है। अंत में दुल्हन को वाराणसी भेजना पड़ा।

वाराणसी निवासी एक युवती की शादी घरवालों की मर्जी से रवि नाम के लड़के से हुई। इसके बाद दुल्हन की विदाई करवाई गई। वापसी के समय बारात कानपुर पहुंची तो दुल्हन का दिमाग ठनका। उसने 400 किलोमीटर का सफर तय कर लिया था। अब दुल्हन को पता चला कि उसकी ससुराल अभी 900 किलोमीटर दूर है तो वह शादी तोड़ने की बात पर अड़ गई। एक पुलिसकर्मी के मुताबिक कानपुर के महाराजपुर के पास जब लड़के पक्ष के लोग चाय-नाश्ता करने के लिए रुके तो लड़की रोते हुए पुलिस के पास पहुंच गई। वह इस जिद पर अड़ गई कि उसे अब आगे नहीं जाना है। उसने यह भी कहा कि वह इस शादी को मानने को तैयार नहीं है। ऐसे में पुलिस ने लड़की को वापस भेज दिया और दूल्हे को बैरंग लौटना पड़ गया। इसके पहले पुलिस ने जब लड़की की मां से बात की तो उसने भी कह दिया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि लड़का बीकानेर का रहने वाला है।

## संक्षेप

### जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ दर्ज परिवाद पर सुनवाई आज

**वाराणसी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सोमवार को शृंगार गौरी केस के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ दर्ज परिवाद पर सुनवाई होगी। ज्ञानवापी-शृंगार गौरी प्रकरण की ही चार वादी महिलाएं रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी व सीता साहू ने पांचवीं वादी राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन के खिलाफ कोर्ट में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। आरोप है कि जितेंद्र सिंह की ओर से मुकदमे की पॉवर ऑफ अटार्नी मुख्यमंत्री को सौंपने के लिए धमकाया गया। कोर्ट में सुनवाई में जाने के दौरान परिसर में गाली-गलौज भी की गई। कोर्ट में अर्जी के समर्थन में बहस की कहा की उनके द्वारा अपराध कारित किया गया। कोर्ट ने पिछले तिथि पर परिवाद के रूप में दर्ज किया था।और परिवादी के बयान के लिए आदेश दिया।

### महिला को पीटने वाले तीन पर मुकदमा

**सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के दादूपुर गांव में शनिवार देर रात मामूली विवाद को लेकर महिला को पीटने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रपट दर्ज की। पीड़िता शीला देवी की माने तो पड़ोसी रमेश,लकी और सरिता से किसी बात को लेकर विवाद हुआ और तीनों ने मिलकर शीला को पीट दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शीला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवापुरी में इलाज के लिए भिजवाया और आरोपियों के खिलाफ रपट दर्ज की।

## सभापति-उपसभापति का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**इलेक्शन**

### जनपद की साधन सहकारी समितियों के सभापति एवं उपसभापति का निर्वाचन

**जनसंदेश टीम**

**वाराणसी।** जनपद की साधन सहकारी समितियों के सभापति एवं उपसभापति का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। कई जगह उम्मीदवार निर्विरोध भी निर्वाचित हुए। परिणाम की घोषणा होते हुए संबंधित विजेताओं के समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गया। लोगों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।

पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार ब्लॉक में नौ समितियों के सभापति निर्विरोध चुने गये। विभाग की एडीओ प्रियंका मिश्रा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगारी में उमेश सिंह, मरुई छतांव में राजेश सिंह, गरथमा में राजेश सिंह 'बबलू', फूलपुर में आशीष राय, भानपुर में राजेश कुमार सिंह, गरखड़ा में राजमन मिश्र, बाबतपुर में गौरव सिंह, रसूलपुर में महेंद्र कुमार पांडेय और तरसड़ा में विकास सिंह निर्विरोध चुने गये।

चिरईगांव प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय विकास खंड में नौ समितियों पर निर्विरोध तथा एक पर मतदान के जरिये चुनाव हुआ। यहां एडीएओ दिलीप सोनकर के मुताबिक सभापति एवं उपसभापति पदों पर क्रमशः चिरईगांव में नंदलाल पटेल, नागेंद्र कुमार, नरायनपुर में साधु शरण, अरविंद कुमार, छितौनी में सुमन देवी, शोभनाथ पांडेय, बर्थराकला में विभा मिश्रा, संजय राम, गोबरहां में करुणा सिंह, भैया राम, जाल्हूपुर में विजय कुमार सिंह, जीउत तिवारी, छितौना में रिंकी सिंह, रामा यादव, कमौली नेवादा में धनंजय पांडेय, श्यामा प्रसाद, गोपपुर छांही में वंदना गुप्ता, ललिता देवी निर्विरोध चुनी गईं। जबकि पांडेयपुर में प्रिंस चौबे ने अपने प्रतिद्वंदी पन्ना यादव को हराकर सभापति निर्वाचित हुए। वहीं, पुष्पा देवी निर्विरोध उपसभापति चुनी गईं।

सेवापुरी प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय ब्लॉक के एक दर्जन समितियों पर निर्विरोध इलेक्शन हुआ। जिसके तहत हरिभानपुर में रवींद्र प्रताप सिंह एवं अनुज कुमार द्विवेदी, भिटकुरी में ईश्वर दयाल पाठक, हाथी में संजय कुमार शर्मा, कपसेठी में मन्नलाल, सेवापुरी में विकास कुमार सिंह, नहवानीपुर में उदल, लेड़ुवाई में राज बहादुर, बरकी में संध्या, तमाचाबाद में रमेश सिंहस देईपुर में अशोक कुमार सिंह, रैसीपुर में अंबिका प्रसाद और भटौली में अवधेश कुमार यादव निर्विरोध सभापति निर्वाचित हुए। रोहनिया प्रतिनिधि के मुताबिक आराजी लाइन ब्लॉक के गजापुर में अश्वनी पांडेय 'प्रबल' एवं कृष्ण मोहन सिंह, कचनार में विजय प्रकाश सिंह, कैलाश पटेल चुने गये। इसी प्रकार अन्य स्थान पर चुनाव हुआ।

## ट्रैफिक की 'तीसरी आंख' हुई बंद

**कटौती का असर**

### ठप हुआ सिगनल तो हाथ के इशारे से चलाना पड़ा काम



**वाराणसी।** बिजली हड़ताल से केवल आमजन ही परेशान नहीं हुए ट्रैफिक व्यवस्था भी चरमरा गयी और त्रिनेत्र की नेत्र भी पलकें झपकती दिखी। हड़ताल वापसी के पहले बिजली आपूर्ति ठप होने से ट्रैफिक विभाग की सिग्नल लाइट भी बंद हो गयी। ज्यादातर चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस को मैन्युअली काम चलाना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस हाथ के इसारे से आवागमन को सुचारू कराने में जुटी रहीं। हालांकि हड़ताल वापसी के बाद बिजली व्यवस्था सामान्य होने पर सिग्नल और सिटी कामांड कंट्रोल सेंटर का त्रिनेत्र सामान्य ढंग से काम करने लगा।

बिजली कटौती का दंश सभी को उठाना पड़ा। रोजमर्रा का काम तो प्रभावित हुआ साथ ही आर्थिक दृष्टीकोण से भी काफी परेशान करने वाला रहा। रोजाना कमा कर जीवन यापन करने वालों को दिक्कतों का सामना करनास पड़ा। बैटरी से संचालित ई रिक्शा जहां तहा ठप पड़ गये। हालांकि इसका असर ये रहा कि ट्रैफिक की समस्या न के बराबर रही। दूसरी तरफ आक्रोशित जनता द्वारा जगह-जगह चक्काजाम और घेराव की वजह से वाहन मुख्य मार्ग छोड़कर गली और संकरे रास्तों से गुजरती नजर आयीं। मुख्य मार्ग पर वाहनों का दबाव दो दिनों में समान्य दिनों की अपेक्षा 60 प्रतिशत कम रहा जो ट्रैफिक विभाग के लिए भी राहत की बात रही। हां ये रहा कि इस बीच आमजनों को दिक्कतों का समाना करना पड़ा। साजन तिराहे से कैंट और रोडवेज तक लोगों को पैदल सफर करना पड़ा।

# हाइवे पर डीजल चोरी करने वाला गिरोह धराया



**शिकंजे में**

### ट्रक और हाइवे किनारे खड़ी कार को बनाते थे निशाना

**रोहनिया।** हाइवे पर डीजल चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने खलीलपुर, बन्देपुर स्थित एक सूनसान मकान से दबोचा। अभियुक्तों में एक बाल अपचारी जबकि दूसरे की पहचान रमसीपुर राजातालाब निवासी सुजीत कुमार के तौर पर हुई। तलाशी में अभियुक्तों के पास से देशी रिवाल्वर, दो कारतूस, चोरी के आभूषण समेत अन्य सामान बरामद हुआ। आगे की कार्रवाई में बाल अपचारी को बाल सुधार गृह जबकि एक को जेल भेजा गया।

पुलिस पूछताछ में दोनों ने स्वीकारा कि हाइवे पर खड़े ट्रकों की टंकी से डीजल चोरी की घटना को अंजाम देते थे और औने पौने दाम पर बेच देते थे। इस दौरान चालकों के केबिन में घुसकर उनका पर्स मोबाइल समेत अन्य सामान भी साफ कर देते थे। 17 मार्च को तड़के मोहनसराय एक ढाबा के पास खड़े एक ट्रक से लगभग 310 लीटर डीजल चोरी कर राहगिरों को बेचा था।

इतना ही नहीं, लंबी दूरी तय करने वाले शैलानियों की कार को भी निशाना उस वक्त बनाते थे जब सड़क किनारे पार्क कर चालक और उसमें सवार लोग सोते थे। इस दौरान महिलाओं के पर्स आभूषण नकदी आदि सामान पर हाथ साफ करते थे। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने एक निमार्णाधीन टीनशेड चोरी का माल बरामद किया। बीते कुछ सालों से ये काम करते थे इस चोरी में शामिल तीन अन्य फरार है जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हैं।

### चोरी की ई-रिक्शा और बैट्री के साथ तीन गिरफ्तार



**सारनाथ।** सारनाथ पुलिस ने तीन शातिर चोरों को दबोचा। अभियुक्तों के पास से चोरी का ई रिक्शा और बैटरी समेत एक ऑटो जो चोरी के समय उपयोग में लायी जाती थी बरामद किया। आगे की कार्रवाई में तीनों को जेल भेजा गया। चोरों की पहचान धर्मेंद प्रजापति निवासी रसूलगढ़ सलारपुर, अजय यादव निवासी रसूलगढ़ मुक्तेश्वर धाम कॉलोनी और दिनेश कुमार गुप्ता निवासी बनियापुर थाना चोलापुर के तौर पर हुई।

## एक साथ सुनवाई की याचिका पर आज आ सकता है आदेश

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर पर कब्जा, भगवान आदि विश्वेश्वर को सौंपने आदि सभी मामले एक साथ एक कोर्ट में सुनवाई करने सबंधित प्रार्थना पत्र पर सोमवार को आदेश आने की संभावना है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट ने आदेश के लिए पहले एक मार्च फिर 13 मार्च और इसके बाद 20 मार्च की तिथि नियत की थी।

शृंगार गौरी प्रकरण के चार वादिनियों लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से आवेदन दिया गया है। कहा गया है कि किरण सिंह और अन्य की ओर से दाखिल वाद को स्थानांतरण कर स्वयं जिला जज की कोर्ट सुनने के आदेश देने को गुहार लगाई गई थी। इस अर्जी पर सभी पक्ष के सुनने के बाद आदेश के लिए तिथि नियत की है।

उधर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सोमवार को क्षेत्राधिकार के लेकर दाखिल निगरानी अर्जी पर भी सुनवाई होनी है। निगरानी कर्ता अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से जुलाई 2021 में निगरानी याचिका दाखिल की गई थी।

कहा गया था कि ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। उसकी सुनवाई के अधिकार लखनऊ वक्फ बोर्ड को है, सिविल न्यायालय को नहीं। इसके बावजूद अवर न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज करते हुए पुरातात्विक सर्वेक्षण के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई जारी रखी और प्रतिवादी के क्षेत्राधिकार के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। इसके बाद अंजुमन इंतजामिया ने लोअर कोर्ट के आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में निगरानी याचिका दाखिल की थी। इस मामले पिछले तिथियों पर शैलेन्द्र कुमार पाठक व जैनेन्द्र कुमार पाठक ने पक्षकार बनाए जाने के लिए अधिवक्ता देशरत्न श्रीवास्तव के जरिये प्रार्थना पत्र दिया था। इस प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई थी। इस पर भी आदेश आने की संभावना है ।

## बेहतर कार्यशैली पर जीआरपी को रिवार्ड



स्टेशन पर सुरक्षा का निरीक्षण करते जीआरपी एसपी ए.पी.सिंह व अन्य

**निरीक्षण**

### प्रयागराज से आये जीआरपी एसपी ने निरीक्षण में कार्यशैली पायी बेहतर

**वाराणसी।** जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) के एसपी ने रविवार को कैंट जीआरपी थाने के साथ ही बैरक व अन्य स्थानों को निरीक्षण कर टीम की ओर से किये गये कार्यशैली की सराहना की।

रविवार को कैंट स्टेशन पहुंचे जीआरपी एसपी ए.पी सिंह का जीआरपी क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह व इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने स्वागत किया, उन्होंने जीआरपी थाने का निरीक्षण कर वहां रखे जीडी रजिस्टर सहित अब तक पकड़े गये अपराधियों की जानकारी ली, इसके साथ लॉकअप व थाने की अन्य व्यवस्थाओं को परखा, एसपी ए.पी सिंह क्षेत्राधिकारी व इंस्पेक्टर के साथ मालगोदाम की ओर बने जीआरपी बैरक व मेस का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों के साथ उन्होंने थाने पर कार्यशैली के प्रति वार्ता कर कई निर्देश भी दिये। एसपी जीआरपी ने कैंट जीआरपी की ओर अपराध नियंत्रण व शराब तस्करी के प्रति किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए पूरी टीम को रिवार्ड देने की भी बात कही। इसके बाद वह जीआरपी वाराणसी के सर्किल के तहत आने वाले जौनपुर थाने के निरीक्षण को चले गये। इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने और बेहतर कार्य के लिए सभी को निर्देश दिये।

## जमीन विवाद में मारपीट चार घायल

**पिंडरा।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के खटौरा गांव में दोपहर लगभग 12 बजे जमीन विवाद में एक महिला समेत चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस मामले में पीड़ित दोनों पक्ष ने रपट दर्ज करायी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार खटौरा गांव के जितेंद्र सिंह और नवनीत सिंह के बीच लंबे समय से जमीन का विवाद चला आ रहा है। रविवार की दोपहर इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई जो मारपीट में बदल गयी। मारपीट में एक पक्ष से नवनीत सिंह (34) मां गीता सिंह को चोट आयी वहीं दूसरे पक्ष से जितेंद्र सिंह(50) और उनकी पत्नी प्रमिला सिंह (46) घायल हुई। एक पक्ष ने चार लोगों के खिलाफ तथा दूसरे पक्ष ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस के देखरेख में चारों लोगों का मेडिकल मुआयना कराया गया है।

## चचेरे भाई के साथ गंगा नहाने आया युवक डूबा

**दुखद**

### दर्शन-पूजन करने के बाद गंगा स्नान करने आए थे



**वाराणसी।** दशाश्वमेध थाना क्षेत्र अंतर्गत ललिता घाट पर रविवार को गंगा स्नान करने चचेरे भाई के साथ आये युवक रवि पटेल की डूबने से मौत हो गयी। मंडुवाडीह सरकारीपुरा निवासी रवि पटेल चचेरे भाई के साथ गंगा स्नान के लिए पहुंचा था। इसके बाद बाबा का दर्शन पूजन करने का कार्यक्रम था। सूचना पर पहुंची पुलिस और एनडीआरएफ और स्थानीय मल्लाहों की मदद से उसे पानी से बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। रवि तीन भाईयों में सबसे छोटा था।

जानकारी के अनुसार मंडुवाडीह सरकारीपुरा निवासी रवि पटेल चचेरे भाई शुभम के साथ नहाने गंगा घाट पहुंचा। स्नान करने के पीछे ये भी बात आयी कि बिजली कटौती से उत्पन्न पानी की समस्या थी, ऐसे में दोनों ने सोचा कि इसी बहाने गंगा स्नान और दर्शन पूजन भी हो जायेगा। दोनों ललिता घाट पहुंचकर स्नान करने लगे। रवि को तैराकी नहीं आती थी। ऐसे में स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख शुभम ने शोर मचाया। जबतक स्थानीय मल्लाह पहुंचते वह पानी में समा गया था। मल्लाहों ने खोजबीन शुरु की इस बीच स्थानीय पुलिस और एनडीआरएफ भी वहां पहुंची। कुछ देर के प्रयास के बाद उसे पानी से बाहर निकला गया और तत्काल पास के अस्पताल में लाया गया। यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जनसंदेश टाइम्स

**वर्गीकृत**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अवधेश यादव पुत्र जितेन्द्र यादव ग्राम-महरानी, पो0 व थाना-निजामाबाद, जिला-आजमगढ़ तथा मेरी वास्तविक जन्मतिथि 10.10.1995 है।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** एस.के.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन रग्घूपुर, बेहड़ा, केराकत, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य/ विभागाध्यक्ष प्रवक्ताओं (बी.एड.) हेतु योग्य अभ्यर्थी योग्यता यू.जी.सी./ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगी। योग्य अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु 21 दिन के अंदर अपने शैक्षणिक अभिलेखों के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में संपर्क करें। **प्रबंधक चंद्रभान सिंह** 9793103333

# यात्रा में खाली बर्थ की मिल सकेगी जानकारी

**सुविधा**

### चार्ट बनने के पूर्व ही जान सकेंगे यात्री, लंबी दूरी के यात्रियों को होगी सुविधा



**वाराणसी।** आरक्षण चार्ट बनने से पहले ही बीच रास्ते में बर्थ कहां से खाली है, यात्रियों को इसका पता चल सकेगा। व्यवस्था लागू होने पर यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलेंगी। रेलवे ने अधिक से अधिक यात्रियों को बर्थ उपलब्ध कराने के लिए यह योजना बनाई है। सिस्टम उच्चीकृत करने के लिए बजट में प्रविधान किया गया है।

**यात्रियों को नहीं मिल पाता था कंफर्म टिकट :** ट्रेनों में आरक्षित टिकट की लंबी वेटिंग लिस्ट और टिकट कंफर्म नहीं हो पाने को लेकर यात्रियों में नाराजगी रहती है। रेलवे लगातार यात्रियों को कंफर्म टिकट उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है, लेकिन सफलता नहीं मिली। देश में कई ऐसी ट्रेनें हैं जिनमें चार माह पहले आरक्षण कराने पर भी वेटिंग का टिकट मिलता है। इससे यात्री परेशान हो जाते हैं। ट्रेनों में बीच रास्ते में बर्थ खाली होती हैं, लेकिन इसकी जानकारी नहीं हो पाती। उदाहरण के लिए अमृतसर से हावड़ा जाने वाली पंजाब मेल में बीच रास्ते में आरक्षण के लिए बर्थ आरक्षित होता है।

**चार्ट बनने से पहले लग जाएगा पता:** वाराणसी से लंबी व कम दूरी का आरक्षण टिकट लेने के बाद वेटिंग का टिकट मिलना शुरू हो जाता है। चार्ट बनने के बाद लखनऊ के यात्रियों का बर्थ कंफर्म हो जाता है। रेलवे आरक्षण सिस्टम को उच्चीकृत करने जा रहा है। इससे यात्री को आरक्षण चार्ट बनाने से पहले पता चल जाएगा कि किस स्टेशन से किस स्टेशन तक कितनी बर्थ खाली है। यात्री बिना परेशान हुए कंफर्म बर्थ पा सकते हैं। यात्री दो अलग-अलग कंफर्म टिकट लेकर पूरी यात्रा कर सकते हैं।

**एक अप्रैल से सिस्टम होगा अपडेट**

रेल प्रबंधन ने पिंक बुक में कंप्यूटरीकृत कंट्रोल चार्टिंग सिस्टम को उच्चीकृत करने के लिए 86.30 लाख रुपये बजट का प्रविधान किया है। एक अप्रैल के बाद सिस्टम कर उच्चीकरण किया जाना प्रस्तावित है। इस सिस्टम के लागू हो जाने के बाद तत्काल टिकट पर दबाव कम हो जाएगा।

## त्योहारी सीजन में टिकट दलाल सक्रिय

**समस्या**

### कर्मचारियों की ओर से नहीं लग पा रहा अंकुश, एक दिन पूर्व आरपीएफ ने एक दलाल को किया था गिरफ्तार

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) स्थित मुख्य आरक्षण केंद्र पर इन दिनों टिकट दलाल पूरी तरह से सक्रिय हैं, मांग के अनुसार यात्रियों को ऊंचे दामों में टिकट बेच मोटी कमायी कर रहें हैं।

होली के बाद महानगरों को जाने वालें पूर्वांचल के ग्रामीण क्षेत्रों के कामगार कंफर्म टिकट के लिए परेशान है, इसी का फायदा उठाते हुए मुख्य आरक्षण केंद्र के इर्द गिर्द टिकट दलाल पूरी तरह से सक्रिय हैं, रात से ही आरक्षण केंद्र के बाहर तत्काल फार्म के लिए बैठे रहने वाले यात्रियों को तत्काल का पहला फार्म नहीं मिल पा रहा। टिकट दलाल कंफर्म टिकट दिलाने के लिए उनसे सम्पर्क कर ज्यादा कीमत वसूल रहें हैं।



### मुम्बई की मांग ज्यादा

पूर्वांचल के कई शहरों से मुम्बई जाने वालों की तादात ज्यादा है। वाराणसी से मुम्बई जाने के लिए महानगरी, दादर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कामायनी, गोरखपुर दादर, काशी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें हैं जिनमें टिकट लेने के लिए यात्री दलालों के शिकंजे में फंस रहें हैं। वाराणसी से मुम्बई जाने के लिए स्लीपर का टिकट लगभग छह सौ से सात सौ तक है लेकिन दलाल इसी टिकट के लिए दो-दो हजार रुपये यात्री से वसूल रहें हैं।

### बोले यात्री

जौनपुर के रामपुर से आये हर्षित जायसवाल मुम्बई में ऑटो चलाते हैं बताया कि होली पर घर आये थे, अब मुम्बई जाने के लिए एक हफ्ते से टिकट के लिए वाराणसी आ रहें हैं, आरक्षण केंद्र के बाहर रातभर बैठने के बाद भी तत्काल का एक नंबर का फार्म नहीं मिल रहा, वहीं चंदवक के भूषण राम कहते हैं कि परिवार के साथ जाना है जब तक कंफर्म टिकट नहीं उतनी दूर का सफर करने की स्थिति नहीं हैं। एक दलाल ने एक टिकट के लिए दो हजार रुपये की मांग की।



# वाराणसी भारत



# 'बिजली दंगा' की चपेट में आने से बची काशी



शक्तिपीठ उपकेंद्र पर धरना-प्रदर्शन करती पब्लिक

**चहुंओर हाहाकार**

- आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर बिजली-पानी के लिए चक्काजाम
- कहीं 60 घंटे तो कहीं 70 घंटे से अधिक समय से रही बिजली गुल
- हड़ताली बिजलीकर्मियों को कोसतीं नजर आयीं महिलाएं और जनता
- देर रात तक शहर और देहात क्षेत्र की आपूर्ति व्यवस्था हो सकी नार्मल



आशापुर ओवरब्रिज के समीप चक्काजाम करते लोग

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** हड़ताली विद्युतकर्मियों की एकजुटता और ऊर्जा प्रबंधन की हठवादिता के बीच काशी की जनता बिजली-पानी संकट को झेलने को विवश हुई। बुधवार और गुरुवार को दो दिन कार्य बहिष्कार के दौरान ही बिजली-पानी का संकट बढ़ना शुरू हुआ तो गुरुवार की रात 10 बजे से 72 घंटे के हड़ताल पर विद्युतकर्मियों के चले जाने के बाद तो हाहाकार मचना शुरू हो गया। शुक्रवार, शनिवार के बाद रविवार को तो हालात बद से बदतर हो गए थे।

जिधर देखिए उधर, जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था। शहर से लेकर देहात क्षेत्र में त्राहिमाम-त्राहिमाम की स्थिति हो गयी थी। जनता सड़क पर उतर कर धरना, प्रदर्शन और चक्काजाम करने लगी थी। काशी में 'बिजली दंगा' जैसा नजारा बनने लगा था। भला हो प्रदेश सरकार का, जिनके हस्तक्षेप के बाद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और हड़ताल का नेतृत्व कर रहे नेताओं के बीच रविवार को दोपहर में हुई सकारात्मक वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त हो गया और काशी 'बिजली दंगा' की चपेट में आने से बच गयी। हालांकि, काम पर लौटने के बाद जगह-जगह हुए फॉल्ट आदि को दूर कर शहर व देहात क्षेत्र की आपूर्ति देर रात तक ही नार्मल हो पायी।

हालांकि विद्युतकर्मियों के 72 घंटे की हड़ताल के चलते शहर एवं देहात क्षेत्र की आक्रोशित जनता का मिजाज बिगड़ गया था। रविवार को भी आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर बिजली-पानी के लिए चक्काजाम, धरना-प्रदर्शन का दौर चला। कहीं 60 घंटे तो कहीं 70 घंटे से अधिक से संकट झेलती महिलाएं व जनता सड़क पर उतर कर बिजली कर्मचारियों को कोसती नजर आईं। अस्सी स्थित भदैनी उपकेंद्र के सामने, आदमपुर, आशापुर ओवरब्रिज के पास, गिलट बाजार बाईपास व भोजुबीर-सिंधोरा मार्ग पर जहां लोगों ने चक्काजाम कर विरोध जताया। वहीं, सारनाथ स्थित शक्तिपीठ, कबीरनगर उपकेंद्र व शिवपुर स्थित कोईलहवा उपकेंद्र पर धरना-प्रदर्शन कर गुस्से का इजहार किया। बिजली-पानी संकट से जूझते लोगों ने भदैनी उपकेंद्र के सामने बांस-बल्ली लगाकर सड़क जाम कर दिया और बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग करने लगे। चक्काजाम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची भेलूपुर पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित जनता मानने को तैयार नहीं थी। फिर भी पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया।

चक्का जाम करने वालों में योगेंद्र यादव, राजेश सोनकर, गोविंद, जय प्रकाश मिश्रा, अभिषेक, दिलीप, विजय आदि शामिल थे। दूसरी तरफ, बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग को लेकर कबीर नगर उपकेंद्र पर भी रविवार की सुबह काफी संख्या में लोग पहुंचे। जहां मौजूद पुलिस और राजस्व कर्मियों ने लोगों को समझा-बुझाकर वापस लौटा दिया।

## आशापुर आरओबी के समीप चक्काजाम, शक्तिपीठ उपकेंद्र पर धरना

**सारनाथ।** बिजली-पानी संकट से बिलबिलाएं लोहिया नगर कॉलोनी, मवैया, आशापुर, पंचकोशी, चंद्रा चौराहे के लोगों का गुस्सा रविवार के उस समय टूटा जब 50 घंटे बाद भी बिजली बहाली नहीं हो सकी। क्षेत्र में दैनिक उपयोग से लेकर पेयजल संकट उत्पन हो गया। इससे परेशान महिलाएं व पुरुषों ने गाजीपुर-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित आशापुर आरओबी के पास सड़क जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। इस मौके पर हरिशंकर सिन्हा, संगीता चौबे, डॉ. जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र पांडे, राजू राय, नवीन श्रीवास्तव, ममता सारण, ललित मोहन तिवारी, अजय मैत्रै, राजेश सिंह अरविंद कुमार सिंह, इंदू सिंह, शिल्पी सिंह, महेश पांडे, छेदी पांडे, विक्की आदि उपस्थित थे। दूसरी तरफ, संकट से बेहाल लोगों ने शक्तिपीठ स्थित विद्युत उपकेंद्र पर धरना दिया। नेतृत्व आशीष पांडेय ने किया। लोगों का कहना था कि आपूर्ति बहाल नहीं होगी तो आंदोलन किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक धर्मपाल सिंह ने आश्वासन दिया कि दो घंटे में विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी। इसके बाद धरना समाप्त हुआ। धरने पर आनन्द पांडेय, संजय, विवेक, मनोज उपाध्याय, संदीप, प्रविश आदि बैठे थे।

## बिजली-पानी न मिलने से त्रस्त लोगों का फूटा गुस्सा, चक्काजाम



भोजूबीर-सिंधोरा मार्ग पर चक्काजाम किये लोग

**चांदमारी।** शिवपुर थाना क्षेत्र के भोजुबीर-सिंधोरा मार्ग पर एक स्कूल के सामने बिजली-पानी के लिए बेहाल जनता ने रविवार को चक्काजाम कर दिया। डेढ़ घंटे तक चले जाम में दोनो तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। लोगों का कहना रहा कि बड़ालालपुर उपकेंद्र से दो दिन से बिजली बंद होने से दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई। काम-धंधा पूरी तरह बंद है। पानी की टंकी पूरी तरह खाली है। पीने के पानी से लेकर स्नान-ध्यान नहीं हो पा रहा है। खाना बनाने के लिए भी पानी नसीब नही है। मौके पर फोर्स के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह ने समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। चक्काजाम का नेतृत्व रघुवीर सिंह ने किया।

# बिजली कर्मियों की हड़ताल सशर्त खत्म



भिखारीपुर स्थित हनुमानजी मंदिर पर नारेबाजी करते हड़ताली विद्युतकर्मी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** ऊर्जा मंत्री के साथ हुई सकारात्मक व सशर्त वार्ता के बाद बिजलीकर्मियों ने रविवार को अपराह्न बाद हड़ताल समाप्त कर दिया। हड़ताल समाप्त होते ही काशी की जनता ने राहत की सांस ली। देर शाम तक विद्युत उपकेंद्रों पर कर्मचारी काम पर लौटे। इसके पूर्व भिखारीपुर स्थित हनुमान मंदिर पर हड़ताली कर्मचारी डटे रहे और सभा की।

सभा में बताया गया कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से वार्ता के बाद 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल समय के पूर्व वापस लेने की घोषणा की गयी। ऊर्जा मंत्री के सकारात्मक घोषणा के दृष्टिगत विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने आभार जताया और उच्च न्यायालय के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए हड़ताल वापस लेने का ऐलान किया। संघर्ष समिति ने बिजली कर्मियों से अपील की कि वे जनता की तकलीफों को देखते हुए तत्काल काम पर वापस लौटे और शीघ्रातिशीघ्र बिजली व्यवस्था सुचारू करने हेतु सभी कार्य करें।

इसके पूर्व भिखारीपुर स्थित हनुमानजी मंदिर पर हड़ताल के तीसरे दिन कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और 14सूत्रीय समझौते को लागू कराने के लिए मुख्यमंत्री से अपील की थी।

सभा को चंद्रशेखर चौरसिया, सुनील कुमार, संजीव भारती, मनोज कुमार, आशीष कुमार, राजेन्द्र सिंह, जिउतलाल, अंकुर पांडेय, विजय सिंह, बीरेंद्र सिंह, रमाशंकर पाल, संतोष कुमार, आरके पाण्डेय आदि ने संबोधित किया।

**राहत भरी खबर**

### देर शाम तक विद्युत उपकेंद्रों पर काम पर लौटे कर्मचारी

## देर शाम तक सप्लाई रही प्रभावित

**पिंडरा।** बिजली कर्मचारियों की हड़ताल रविवार को खत्म होने के बावजूद देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हुई। फलस्वरूप पेयजल के लिए लगे नलकूप और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण महज शो पीस बने रहे। वहीं, इलाके के आधा दर्जन विद्युत उपकेंद्र बंद थे। जानकारी के मुताबिक गजोखर पावर स्टेशन में किसी तकनीकी खामी के कारण सप्लाई ठप थी। इस बारे में पूछे जाने पर एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित ने बताया कि गत शनिवार की शाम आंधी-पानी के चलते गजोखर पावर स्टेशन में आयी खराबी को दूर करने का प्रयास जारी है।

## भदऊ चुंगी पर भी पब्लिक ने किया सड़क जाम



**वाराणसी।** आदमपुर थाना क्षेत्र के भदऊ चुंगी स्थित भदऊ बीर बाबा मंदिर के सामने बिजली-पानी समस्या को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों ने रविवार को चक्काजाम कर धरना दिया। इसके चलते कैंट से मुगलसराय जाने वाले मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। चक्काजाम करने वालों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर अपने गुस्से का इजहार किया। मौके पर पहुंचकर आदमपुर इंस्पेक्टर अजीत कुमार वर्मा ने धरना दे रहे लोगों से बातचीत करके मनाया और धरना को समाप्त कराया। इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू हुआ।

### कई गांवों में हैंडपंप दे रहे थे मटमैला पानी



**रोहनिया।** काशीपुर, रोहनिया, जक्खिनी, तोरडपुर आदि उपकेंद्रों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से इससे जुड़े सैकड़ों गांवों में हाहाकार मच गया था। ऐसे में लोगों को दिनचर्या निपटाने के लिए हैंडपंप से पानी लेना मजबूरी बन गया था। लेकिन कई गांवों में हैंडपंप से मटमैला पानी निकलने से ग्रामीण परेशान नजर आए। राजातालाब उपकेंद्र से जुड़े ग्रामीणों का यह भी कहना था कि बिजली विभाग के कोई भी कर्मचारी फोन नहीं उठा रहे हैं। केसरीपुर में हैंडपंप से गंदा पानी आने से लोगों में नाराजगी थी। लोगों का कहना था कि री-री-बोरिंग न होने से ऐसा हो रहा है। ऐसे में लोग आरो का पानी तीस रुपये प्रति बोतल खरीदने को विवश हुए। पानी की किल्लत के चलते लोग ट्राली पर बाल्टी-डिब्बा के जरिए पानी ढोते नजर आए।

## कोईलहवा उपकेंद्र पर प्रदर्शन गिलट बाजार में चक्काजाम



कोईलहवा उपकेंद्र पर प्रदर्शन करतीं आक्रोशित पब्लिक

**तरना।** विगत तीन दिन से बिजली और पानी की समस्या झेल रहे हैं शिवपुर वासियों ने रविवार की सुबह करीब आठ बजे कोईलहवा उपकेंद्र पर प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। कांशीराम पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेंद्र शुक्ला ने धरनारत लोगों से बातचीत किया और समझाया-बुझाया। लेकिन नाराज पब्लिक मानने को तैयार नहीं हुई।

चौकी इंचाज्र ने बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से फोन से सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद परेशान और नाराज जनता ने गिलट बाजार बाईपास पर दोपहर में सड़क जाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गयी और यातायात अवरुद्ध हो गया। मौके पर पहुंचे शिवपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ सिंह ने शीघ्र समस्या समाधान का आश्वासन पर जाम समाप्त कराया। तब जाकर यातायात व्यवस्था बहाल हुई। दूसरी तरफ, हड़ताल समाप्त होने के बाद बिजली आई तो पब्लिक ने राहत की सांस ली। आंदोलन में शिवपुर उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री रमेश केशरी, उपाध्यक्ष मनोज केशरी, अरविंद सिंह उर्फ पिंकू, पृथ्वीनाथ शर्मा, रोहित मौर्या, दुर्गावती, संगीता, रानी सोनकर, मालती देवी, मो. शमीम, आशा शर्मा, सुरेन्द्र नाथ सिंह, जिम्मी श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## मोबाइल चार्जिंग का रेट प्रति घंटे 10 रुपये



**वाराणसी।** बीते कई दिन से बिजली संकट के चलते लोगों के जहां इंर्वटर टें बोल गए थे। वहीं मोबाइल भी खिलौना बन चुके थे। जनरेटर वालों के यहां मोबाइल चार्ज कराने पहुंचे लोगों से 10-10 रुपये प्रति घंटा वसूला गया। यह सीन शहर के विभिन्न इलाकों में देखने को मिला। मोबाइल चार्ज कराने पहुंचे लोगों का कहना था कि मजबूरी है। बिजली कर्मियों ने जीना मुहाल कर दिया है। चार्ज न होने से मोबाइल बंद है और लोगों से सम्पर्क भंग हो चुका है। मोबाइल जीवन का एक अनिवार्य बन जाने के कारण इसे चार्ज कराना मजबूरी है।

## बत्ती गुल और जनप्रतिनिधि नदारद



**पिंडरा।** बीते तीन दिन तक बिजली आपूर्ति ठप रहने के चलते नागरिकों की समस्या बढ़ने, जन-जीवन अस्त-व्यस्त होने से आक्रोशित कांग्रेसजनों ने रविवार को दिन में गजोखर स्थित विद्युत उपकेंद्र पर धरना दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि जनता बेहाल है और जनप्रतिनिधि नदारद हैं। नागरिकों की समस्या सुनने के लिए न तो कोई जनप्रतिनिधि दिख रहा और न ही सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है। धरने में श्रीप्रकाश सिंह, राजीव कुमार 'राजू', शांतनु राय, विघ्नेश्वरानंद उपाध्याय, सुरेंद्र सिंह, राकेश सिंह, रिशु सिंह, अंजनी पांडेय, सावन राजभर, चुन्नू सिंह, बृजेश विश्वकर्मा, प्रेम विश्वकर्मा, रवींद्र कुमार, चक्रवर्ती पटेल और राकेश कनौजिया आदि रहे।

# कुएं व हैंडपंपों पर लगी पानी के लिए भीड़



बिजली संकट के चलते कुएं से पानी भरते लोग



तेलियाबाग क्षेत्र में एक निजी बोरिंग वाले घर से पानी के लिए लगी कतार

**बेहाली**

## निजी बोरिंग वाले घरों के सामने बाल्टियों-डिब्बों की कतार

### शहर में 500 से 800 रुपये में टंकी भर रहे थे जेनरेटर वाले

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बिजली कर्मियों की चली करीब तीन की हड़ताल और कार्य बहिष्कार के चलते बिजली न मिलने से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी थी। नहाने-धोने के साथ ही नित्यक्रिया और पीने के पानी के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ा। गंगा नदी ही नहीं कुएं और हैंडपंपों पर भीड़ नजर आई।

निजी बोरिंग वाले घरों के सामने बाल्टियों-डिब्बों आदि की कतार लगी। शहर में जनरेटर वाले घूम-घूम कर लोगों के घरों की पानी टंकियां भर रहे थे। बदले में 500 से लेकर 800 रुपये चार्ज कर रहे थे। मरता क्या न करता, लोग मजबूरी में भारी-भरकम रकम देकर टंकी भरवाने को विवश हुए।

बिजली कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। तेलियाबाग, औसानगंज, ईश्वरगंगी, आशापुर, सारनाथ, भिटारी, डाफी, मंडुवाडीह, लहरतारा, लंका, भेलूपुर, चितईपुर, उत्तरी ककरमत्ता समेत दर्जनों क्षेत्रों में रहने वालों ने कुएं व हैंडपंपों से पानी लेकर काम चलाया। लोग कुएं से पानी लेना तक भूल चुके थे।

बिजली संकट से पुराने दिनों की याद ताजा कर दी। घरों में लगे निजी बोरिंग वालों के यहां भी पानी लेने वालों की भीड़ देखने को मिली। लंका के भोगावीर, रश्मि नगर, सामने घाट, अस्सी, भदैनी, आदित्य नगर, सुसुवाही आदि इलाके में रहने वाले लोग हैंडपंप और कुएं से पानी लेकर अपनी जरूरतों की पूरा किया।

वजह, बिजली संकट से जलकल की तरफ से होने वाली सप्लाई भी बाधित हो गई थी। क्षेत्र के मुकेश गुप्ता, अजय पटेल, दिनेश पटेल, अजय सिंह, राजकुमार सिंह, दिलीप भारती आदि ने बताया कि कुएं व हैंडपंप से पानी ढोने में महिलाओं व बच्चों का हाल बेहाल रहा।



















# पीएम की जनसभा के लिए पंडाल को दे रहे आकार




पीएम नरेंद्र मोदी के संभावित दौरे को देखते हुए मार्गों पर बैरिकेडिंग और जनसभा के लिए पंडाल बनाने का काम तेजी से चल रहा है

**तैयारी**

**24 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रुद्राक्ष और संपूर्णानंद संस्कृत विवि में आयोजित कार्यक्रमों को करेंगे संबोधित**

**जिले के सांसद मोदी के संभावित आवागमन वाले मार्गों पर बैरीकेडिंग व जनसभा के लिए दिन-रात जारी है काम**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 24 मार्च को अपने संसदीय क्षेत्र में एकदिनी दौरे पर आएंगे। उनके आगमन को देखते हुए संबंधित तैयारियां आरंभ हो चुकी हैं। रुद्राक्ष में प्रस्तावित मोदी के कार्यक्रम को देखते हुए मार्ग पर बैरीकेडिंग का काम शुरु हो चुका है। जबकि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान में होने वाली जनसभा के लिए पंडाल बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री अपने इस दौरे में जनपदवासियों को कई सौगात देते हुए विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी आगामी शुक्रवार को दिन में वाराणसी आकर कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद अपराह्न लौट जाएंगे। संभावना है कि इस अवसर पर वह कुल मिलाकर लगभग 1744.04 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। उनमें 1547.49 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित करीब एह्न प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास होगा। इसमें पेयजल योजनाओं से संबद्ध 59 योजनाएं भी शामिल हैं।

पीएम के हाथों लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं पुलिस कल्याण से जुड़ी 13.57 करोड़ रुपये लागत की पांच, स्मार्ट सिटी तथा शहरी परियोजनाओं से जुड़ी 63.63 करोड़ रुपये लागत की सात और 119.35 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अन्य लगभग नौ परियोजनाएं शामिल किये जाने की उम्मीद है। संभावना है कि प्रधानमंत्री अपने इस दौरे में सबसे पहले सिगरा स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर सभागार में क्षय रोग से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रस्तावित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह कई जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्रों को भी लाभांवित कर सकते हैं।

## संचालक अपने लॉन का मानचित्र दाखिल करें

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) सचिव ने बताया कि वीडीए क्षेत्र के अंतर्गत शादीघर या लॉन का सर्वे कराते हुए संचालकों के विरूद्ध उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा के अंतर्गत नोटिस की कार्रवाई की गयी थी। जो सुनवाई प्रक्रिया में है। बताया कि बीते दिनों वीडीए के विकास क्षेत्र के अंतर्गत संचालित लॉन संचालकों के प्रतिनिधियों के अनुरोध पर प्राधिकरण सभागार में बैठक की गयी थी। लॉन संचालकों के प्रतिनिधियों द्वारा मांग की गयी कि समस्त लॉन को भवन निर्माण एवं विकास उपविधि की धाराओं से अवमुक्त कर दिया जाय। परंतु लॉन संचालकों के प्रतिनिधियों की यह मांग शासन द्वारा नियत प्रावधानों के प्रतिकूल होने के कारण वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा अस्वीकार कर दी गयी एवं बैठक के दौरान ही उन्हें अवगत करा दिया गया कि उनकी मांग वैध नहीं है और लॉन पर भी शासन द्वारा नियत भवन उपविधि के प्रावधान लागू होते है। लॉन संचालकों को यह भी अवगत कराया कि लॉन संचालक अपने लॉन का मानचित्र दाखिल करें, वीडीए द्वारा दाखिल मानचित्र का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण किया जायेगा। बैठक में लॉन संचालकों व उनके पदाधिकारियों को लॉन व गेस्ट हाउस के संदर्भ में भवन निर्माण व विकास उपविधि के सुसंगत प्रावधानों से अवगत कराया गया।

# राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न



**वाराणसी।** राजातालाब बंगालीपुर स्थित वाराणसी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चल रहे पांच दिवसीय 51 वीं. राष्ट्रीय महिला हैण्डबॉल प्रतियोगिता-2023 के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि सीमा द्विवेदी (सांसद राज्यसभा एवं पूर्व सदस्य विधानसभा उप्र) विशिष्ट अतिथि सुशील सिंह (विधायक सैय्यदराजा, चन्दौली) व संजय हरि शुक्ला (जिला जज सोनभद्र) विशेष अतिथि जगमोहन राव (अध्यक्ष हैण्डबॉल संघ) व तेजराज सिंह (महासचिव, भारतीय हैण्डबॉल संघ) रहे। मुख्य अतिथि ने स्व. श्यामनारायण पाण्डेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके उपरान्त विद्यालय के बच्चों ने स्वागतगीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी की सोच बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं की कथन को बढ़ावा देते है यही नही इससे खेलेगा इण्डिया व बढ़ेगा इण्डिया का कथन भी सार्थक होगा। खेल के परिणाम में हरियाणा ने भारतीय रेल को 37/29 से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर के.के. पांडेय, अमित पांडेय, विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता पॉल, उप-प्रधानाचार्य डॉ. नित्या चौबे, समन्वयक मीना, प्रध्यापकगण सभी प्रतिभागी कोच आदि थे।

## वाणिज्य विभाग में पुरातन छात्र समागम

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के वाणिज्य विभाग द्वारा रविवार को वाणिज्य एवं प्रबंध शास्त्र संकाय भवन में दूसरा पुरातन छात्र समागम समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. राजीव चैधरी स्कूल ऑफ स्टडीज इन फिजिकल एजूकेशन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ थे। अध्यक्षता करते हुए प्रो. कृपाशंकर जायसवाल ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य युवा सशक्तिकरण को प्रेरित करना है। कोई भी संस्था प्रगति करती है तो उसके पीछे वहां के भूतपूर्व छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में वहां के पुरातन छात्र ही उनकी असली संपत्ति है पुरातन छात्र संघ को मजबूत करने एवं भविष्य में सहयोग बनाये रखने का वचन दिया और अपने आमंत्रण के लिए विभाग को धन्यवाद दिया। धन्यवाद ज्ञापन सहा. प्रो. डॉ. आयुष कुमार व संचालन डॉ. धनन्जय विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में विभाग के समस्त शोध छात्रो के साथ डॉ. जयशंकर, डॉ. किशन, गोपाल नारायण सिंह, डॉ. प्रभात सिंह, डॉ. रविकांत सिंह, डॉ. संदीप, डॉ. विरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# रॉयल मसाले के लकी ड्रॉ में व्यापारियों को 1060 उपहार

**लकी ड्रॉ**

**वार्षिकी उपहार योजना समारोह में बोले रॉयल मसाले के निदेशक**



**वाराणसी।** मसाले में अग्रणी रॉयल मसाला अपने उत्पाद का देश भर में विस्तार करेगा। रविवार को वार्षिकी उपहार योजना के तहत निकाले जा रहे लकी ड्रॉ समारोह में इस बात को साझा करते हुए रॉयल मसाले के निदेशक शशांक चौरसिया ने बताया।

बलिया में आयोजित समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला सहकारी -को-आपरेटिव बैंक के अध्यक्ष विजय शंकर दूबे व रॉयल मसाले के निदेशक शशांक चौरसिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शशांक चौरसिया ने कहा कि व्यापार का हित व्यापारी बंधुओ के हित के साथ ही जुड़ा हुआ है इसलिए अपनी शुरूआत से ही रॉयल मसाले समूह अपने साथ जुड़े हुए व्यापारी बंधुओं के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। यह समारोह हमारे उसी संकल्प का एक हिस्सा है। अपने लाभ के हिस्से से वितरक और विक्रेता बंधुओं को प्रोत्साहन स्वरुप उपहार व सामान देना इस वार्षिक उपहार योजना का मुख्य लक्ष्य होता है।

वर्ष प्रति वर्ष जोन वाइज व्यापारी बंधुओ के गृहनगर या उसके समीप जाकर समारोह पूर्वक लकी ड्रा का आयोजन और उनके साथ एक खुशनुमा समय सांझा करना रॉयल मसाले की परम्परा बन गयी है और व्यापारी बंधुओ ने अपने सहयोग से इसे एक व्यापक रूप से सफल श्रृंखला का रूप दे दिया है। समूह के जनरल मैनेजर नरेंद्र द्विवेदी ने सभी वितरक और विक्रेता बंधुओ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया, रॉयल मसाले देश के छह से भी ज्यादा राज्यों में 75 से भी ज्यादा उत्पाद और 250 से अधिक वैरायटी में उपलब्ध है और बहुत जल्द हम देश के अधिकांश राज्यों को रॉयल मसाले के स्वाद से परिचित करायेंगे।

जोन संख्या 3 (मऊ, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़) के लकी ड्रा में मोटर साईकिल, ए.सी., फ्रिज, एल.ई.डी.टी.वी. सहित कुल 1060 उपहारों के लिए लकी ड्रा निकाला गया है। सभी पुरस्कार विजेता को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि रॉयल मसाले की सफलता में आप सभी का योगदान अतुलनीय है। धन्यवाद ज्ञापन अयोध्या जिले के सुपर स्टॉकिस्ट सौरभ ट्रेडर्स के सौरभ चौरसिया ने किया।

# रेलवे के दोनों फेडरेशनों की देन है एनपीएस : अनुपम

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ का दो दिवसीय जोनल अधिवेशन रविवार को आयोजित किया गया।



अधिवेशन का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथिगण

मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित क्षेत्रीय संगठन मन्त्री (उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड एव प्रभारी नेपाल राष्ट्र) अनुपम ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकताओं को संगठन और समाज के प्रति निष्ठावान धैर्यवान और विवेकवान होना चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ और भारतीय मजदूर संघ के प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन के साथ साथ समाज के कार्यों का भी निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी से करना होगा। आज भारतीय मजदूर संघ न सिर्फ भारत का बल्कि विश्व का सबसे बड़ा सगठन है, इसलिए हमारे दायित्व भी ज्यादा है। एनपीएस पर जानकारी दी और रेल कर्मचारी से कहा की सच्चाई को पहचाने को कहा। कहा कि जब देश मे एनपीएस लागू हो रहा था तो रेलवे के दोनों मान्यता प्राप्त फेडरेशन के मुखिया शिवगोपाल मिश्रा एवम राघवैया सरकार की गोद में बैठकर हां में हां मिला रहे थे। बंजरगी दूबे महामन्त्री पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिकसंघ ने दो वर्षो के क्रिया कलाप को सभी के समक्ष रखा एवं कोषाध्यक्ष रवीन्द्र पाण्डेय ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कहा कि गार्ड लोको पायलटों के बक्सो की पुरानी व्यवस्था पुनः बहाल हो। सीयूजी फोन पर गार्ड, टीटी, लोको पायलटो के साथ अभद्रता ना किया जाए। इस दौरान अशोक कुमार, अनिल, जेपी गुप्ता, राधाभल्लव त्रिपाठी, विशेश्वर राय, संजय, रविन्द्र, सुरेन्द्र यादव, जे.एस. भदौरिया आदि थे।

## आईआरसीटीसी ने लांच किया लद्दाख पैकेज

**वाराणसी।** आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन) ने यात्रियों की सुविधा के लिए लद्दाख का पैकेज लांच किया है। यह पैकेज अप्रैल से मई के लिए रखा गया है। आईआरसीटीसी के लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत सिन्हा के मुताबिक यात्रियों की मांग को देखते हुए इस पैकेज को लांच किया गया है। लखनऊ व कानपुर से लद्दाख (वाया नई दिल्ली) भ्रमण के लिये हवाई टूर पैकेज छह रात्रि एवं सात दिन का रखा गया है। इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से लेह वाया नई दिल्ली जाने/आने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। यात्रा के दौरान लेह में होटल स्टे के साथ स्तूप एवं मठ दर्शन, शाम वैली में लेह पैलेस, शांतिस्तूप, गुरूद्वारा, नुब्रा वैली में स्थित कैंप में रात्रि विश्राम, दिस्कीत, हुण्डर व तुर्तुक गॉव एवं स्थानीय जगहों की सैर के साथ प्रसिद्व पेन्गॉन्ग झील का भ्रमण कराया जायेगा।

## पं. हरिराम द्विवेदी की धर्मपत्नी का निधन

**वाराणसी।** भोजपुरी के शीर्ष गीतकार पंडित हरिराम द्विवेदी की धर्मपत्नी सत्यभामा देवी का निधन हो गया। रविवार को मध्यरात्रि में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह 84 वर्ष की थीं। सत्यभामा द्विवेदी होली के बाद से ही अस्वस्थ चल रही थीं। उन्हें बीएचयू में भर्ती कराया गया था। उनका अंतिम संस्कार रविवार को मणिकर्णिका घाट पर किया गया। मुखाग्नि जेष्ठ पुत्र राजेश द्विवेदी ने दी। उनकी शवयात्रा महमूरगंज स्थित आवास से मणिकर्णिका घाट के लिए रविवार की सुबह निकाली गई। शवयात्रा में प्रमुख रूप से डॉ रामसुधार सिंह, अशोक आनंद, गौतम अरोड़ा सरस, दिनेश दत्त पाठक विजयचंद्र त्रिपाठी, सजल श्रीवास्तव, मृत्युंजय पांडेय, संतोष पांडेय, संजय पांडेय, मृत्युंजय नारायण दीक्षित समेत काफी लोग शामिल थे। उधर, उत्तर प्रदेश भोजपुरी संघ की ओर से साहित्यभूषण हरिराम द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती सत्यभामा द्विवेदी की धर्मपत्नी के निधन पर दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके अपूर्व नारायण, राजेन्द्र गुप्त, शिवशंकर, सुरेश, मुन्नालाल रामगोपाल सर्राफ, राजन कसेरा आदि मौजूद थे।

# 50% अनुदान पर लीजिए कृषि यंत्र और मोटे अनाज के बीज

**कैबिनेट मंत्री का आह्वान**

**खरीदी गयी सामग्री का मौके पर सत्यापन कर किसान के खाते में भेजेंगे सब्सिडी**

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अवसर पर मोटे अनाज की फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के सभी विकास खंड स्तरीय राजकीय बीज गोदामों पर अनुदान आधारित संबंधित बीज उपलब्ध कराया गया हैं। इसी के साथ खेती-बाड़ी में यंत्रीकरण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कृषि से जुड़े छोटे उपकरणों पर भी सब्सिडी की व्यवस्था की गयी है। इसके पर्याप्त प्रचार-प्रसार और कृषकों को अनुदान पर बीज एवं कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए ब्लॉकों के संबंधित गोदामों पर स्टॉल लगाने का दो दिनी कार्यक्रम सोमवार से आरंभ होगा।

सूबे के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने एक वक्तव्य के माध्यम से यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि यूपी के प्रत्येक ब्लॉक में स्थापित सरकारी बीज गोदामों पर ज्वार, बाजरा एवं मक्का के बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को मुहैया कराए जा रहे हैं। वहीं, यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए दस हजार रुपये तक सब्सिडी वाले उपकरणों भी उपलब्ध करा रहे हैं। उनमें मुख्य रूप से पावर स्प्रेयर, बखारी, चारा काटने की मशीन, ड्रम सीडर, पंप सेट, लपेटा पाइप और इको फ्रेंडली लाइट ट्रैप आदि कृषि यंत्र शामिल हैं। कैबिनेट मंत्री के अनुसार किसानों को आसानी से यह सामग्री मुहैया कराने के लिए 20 एवं 21 मार्च को विकास खंडों के सरकारी बीज गोदामों पर स्टॉल लगाएंगे। विभिन्न कंपनियां यह स्टॉल लगाएंगी। ताकि कृषक मौके पर ही बुकिंग कर कृषि यंत्र खरीद सकें। खरीदे गये यंत्रों का मौके पर ही कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। उसके तुरंत बाद किसान के खाते में अनुदान की धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी।

# युवा प्रतिभा को मौके व बढ़ावा दे समाज : दीपक बजाज



**वाराणसी।** सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल्स बनारस द्वारा सभी स्कूलों के बच्चों और अभिभावकों के लिए रविवार को एक दिन में दो मेगा किड्स कार्निवाल बाबतपुर एवं पड़ाव कैंपस में आयोजित किये गये। रंगारंग गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और उपहारों से सजे आयोजन एक्सप्रेशन 2023 में विभिन्न स्कूलों के नर्सरी से कक्षा नौ तक के एक हजार बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्जवलन कर किया। चेयरमैन ने कहा कि युवा प्रतिभा को अवसर और बढ़ावा देना समाज की जिम्मेदारी है।

नए दौर के बच्चों में असीमित प्रतिभा होती है। पढ़ाई व खेलकुद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ा जा सकता है और बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। इस अवसर पर बॉलीवुड व टेलिविजन के कलाकार सिद्धार्थ अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होने कहा कि विद्यालय हम सबके जीवन में बड़ी भूमिका निभाता है और मुझे खुशी है कि वाराणसी में एक ऐसा विद्यालय है जो सभी क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मौका प्रदान कर रहा है और आगे भी करता रहेगा।

## ललित कला विभाग में पुरातन छात्र समागम का आयोजन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग में रविवार को पुरातन छात्र समागम का उद्घाटन पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. प्रेमचंद विश्वकर्मा ने विभाग के सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने ने कहा कि विभाग के पास स्थान की कमी होने के बावजूद कला के क्षेत्र में यहां से पढ़े छात्र देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में काम कर रहे हैं। संस्थानों के साथ-साथ ललित कला विभाग का भी नाम ऊंचा कर है। स्थान की कमी हमेशा रही है फिर भी छात्र-छात्राओं में सीखने की प्रवृत्ति जबरदस्त है। इस अवसर पर डॉ. सत्य प्रकाश यादव और चंद्र शेखर पांडे ने भी कई संस्मरण व्यक्त किए। धन्यवाद एवं स्वागत विभाग के प्रभारी डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने किया।



# अन्नदाताओं की मेहनत पर प्रकृति ने फेरा पानी

**संकट में किसान**

**शनिवार के बाद रविवार को तेज हवा और बारिश ने खेतों में लेट गई गेहूं की फसलें**

**बेमौसम बादलों की, चमक, गरज एवं बरसात से किसानों के उड़े होश**



**चांदमारी।** बीते शनिवार को मौसम ने करवट बदली तो किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं। उनकी गाढ़ी कमाई को जब काटने की बारी आयी तो प्रकृति की बेरुखी ने अन्नदाताओं के बीच मायूसी की डेरा जमा दिया। पहले तेज हवा के झोंखे से धूलभरी आंधी और उसके थोड़ी ही देर बाद बादलों की तेज चमक-गरज। फिर झमाझम बरसात। रविवार की रात भी बारिश ने बंटाधार कर दिया।

इस बारिश ने किसानों के अरमानों को धूल-धूसरित कर दिया। बेमौसम की बरसात से अब उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। हुआ यह कि खेतों में लहलहा रहीं गेहूं की फसलें तेज हवा के कारण लोट गईं। आम के बौर बड़ी संख्या में झड़ गए। वर्षा से किसानों पर मानो पहाड़ टूटने लगा। बेमौसम की बरसात से फसलों को किसी भी तरह का कोई फायदा नहीं है। उसकी हर एक बूंद से नुकसान ही नुकसान होना तय है। यह क्षति कृषकों को भी उठानी पड़ेगी। गेहूं, सरसों, अरहर का फूल झड़ेगा तो वहीं बालियां सड़ेंगी। उन फसलों की रंगत उड़ जाएगी। दूसरी ओर, शाकभाजी की खेती करने वाले किसानों के खेतों में नेनुआ, करैला, कोहड़ा, कद्दू आदि की शाखाएं उलट-पलट गयी हैं।

हरहुआ विकास खंड के आयर, अहिरौली, कुरौली, अटेसुआ, मुर्दहां, काकलपुर आदि गांवों में हुई बारिश से किसान मायूस हो गये। आयर के किसान रामबालक यादव ने बताया कि यह बदलों की गड़गड़ाहट नहीं बल्कि किसानों की बढ़ी हुई धड़कनें गूंज रही हैं। अन्नदाताओं की इस धड़कन की गूंज सिर्फ किसान ही महसूस कर सकते हैं।

कुरौली के दुर्गा चौबे ने कहा कि अब गेहूं और सरसों की फसल कटाई का समय हो गया था। बरसात के कारण बहुत नुकसान होगा। आसमान में बिजली की चमक ने कृषकों के चेहरे रौनक छीन ली है। किसान दयाराम यादव के मुताबिक जब बारिश की जरूरत थी, तब हुई नहीं और अब नुकसान ही नुकसान है। बर्फीला पानी हर फसल को क्षति पहुंचाने वाला है। यह वर्षा किसानों की मेहनत पर पानी फेर रही है।

## संक्षेप

### स्पर्धा शुद्ध निष्ठा व लगन का सामंजस्य : प्रकाशध्यानानंद



**वाराणसी।** रमना स्थित स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल गड़वाघाट का वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह रविवार को विद्यालय में मौजूद अभिभावकों, छात्र-छात्राओं और शिक्षकगणों के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय के प्रेरणा हरसेवानंद जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर-के विद्यालय प्रबंधक प्रकाशयानानंद ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। जिसके बाद प्रधानाचार्य चंद्रशेखर सिंह में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि इस वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जो कि पिछले शैक्षणिक की तुलना में सर्वोत्तम रहा, विद्यालय की गृह परीक्षा में शामिल 60 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से भी अधिक अंक प्राप्त किए। प्रकाशध्यानानंद ने कहा कि प्रतियोगिता शुद्ध निष्ठा एवं लगन का सामजस्य है एवं परीक्षाफल मूल्यांकन की व्यवस्था है परंतु छात्रों को चाहिए कि इस सोच से अलग हटकर कुछ नया करने की कोशिश करें, तभी वह श्रेष्ठता की ओर आगे बढ़ सकते हैं और अपना एक नया मुकाम बना सकते हैं, वह उन बुलंदियों को छू सकते हैं जो उनके लिए अकल्पनीय है। क्योंकि वह क्षमता उनमें है, उसे केवल दिशा-निर्देशन की आवश्यकता है और यह योग्यता हमारे शिक्षकों में है।

### स्वयंसेवकों ने कबीर प्राकट्य स्थल में की साफ-सफाई

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुर्गेश कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में लहरतारा नई बस्ती स्थित प्राचीन कबीर प्राकट्य स्थल में 19 से 25 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष शिविर के प्रथम दिन रविवार को स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्यगीत के गायन के उपरांत योगाभ्यास किया गया। द्वितीय सत्र में आगामी छः दिवसों में संपादित की जाने वाली गतिविधियों, कार्य योजनाओं ओर इनके क्रियान्वयन के लिए स्वयंसेवकों की विभिन्न समितियां गठित की गयीं। भोजन के उपरांत तृतीय सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल की साफ-सफाई का कार्य किया और 'निक्षय दिवस' की प्रासंगिकता पर बौद्धिक चर्चा की।

### समाजशास्त्र विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाजशास्त्र विभाग में रविवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें प्रो. कुमुद सिंह, श्री अग्रसेन कन्या पी जी कालेज के द्वारा पीएचडी कोर्स वर्क के शोधार्थियों को सामाजिक शोध के विभिन्न पहलुओं जैसे सामाजिक शोध के चरण और अध्ययन क्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा द्वारा अतिथि का परिचय डॉ. जेपी यादव व धन्यवाद ज्ञापन शोध छात्रा शोभा प्रजापति द्वारा दिया गया। इस अवसर पर प्रो. बृजेश कुमार सिंह, प्रो. टीवी सिंह, प्रो. भारतीय रस्तोगी, डॉ. सौम्या यादव, डॉ. संजय कुमार सोनकर, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. मनीषा देवी आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

### राज्यपाल के ओएसडी ने नैक मूल्यांकन की तैयारियों का लिया जायजा

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि उप्र की राज्यपाल व कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी प्रो. पंकज एल जानी ने रविवार को योगसाधना केंद्र से विश्वविद्यालय की नैक मूल्यांकन की तैयारियों के प्रस्तुतीकरण को बारीकी से देखा और परखा। मूल्यांकन की तैयारी तीन भाषाओं (संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी) में की गई थी जिसमें नियम-परिनियम व निदर्शनों का संस्कृत रुपांतरण भी होना। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अनुसंधान, परामर्श, छात्र सुविधाओं, संस्थान के संसाधन प्रबंधन, छात्र व संस्थान के मध्य अनुशासन, मूल्यांकन के लिए संस्थान के संसाधन और शिक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक उपकरण आदि सभी विषयों पर विश्वविद्यालय पूर्ण गुणवत्ता और नैक के मानकों के अनुरूप कार्य करें। जिससे मूल्यांकन श्रेणी वर्तमान ए ग्रेड से ए प्लस हो सके। इस दौरान कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि स्पेशल ऑफिसर राज्यपाल प्रो. पंकज जानी ने कहा है कि यह विश्वविद्यालय देश का अधिष्ठान, संस्कृत व संस्कार से युक्त है। यहां से देश भर के लोगों को बहुत अपेक्षायें है। आपकी तैयारी बहुत अच्छी है लेकिन और परिमार्जित उन अपेक्षाओं को अनुरुप अपने प्रस्तुतिकरण को थोड़ा और तैयार करें। विशेषाधिकारी राज्यपाल ने पूरे परिसर के हॉस्टल को देखा कुलपति के साथ परिसर के छात्रावासों का निरीक्षण कर उचित संतोष व्यक्त किया। मौके पर कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. रामपूजन, प्रो. हरिशंकर, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. शंभूनाथ, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. शैलेश कुमार मिश्र, प्रो. विजय पांडेय, प्रो. हीरक कान्त, प्रो. महेंद्र पांडेय, प्रो. दिनेश गर्ग, डॉ. रविशंकर, डॉ. विद्या चंद्रा, डॉ. मधुसूदन मिश्र, डॉ. राजा व अन्य उपस्थित रहे।

### निरक्षरों की परीक्षा फोटो स्टेट प्रश्न पत्र के सहारे

**पिंडरा।** विकास खंड के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में रविवार को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत निरक्षरों की परीक्षा फोटो स्टेट प्रश्न पत्र के सहारे हुई। रविवार को आनन फानन में एक दिन पूर्व हुए आदेश के क्रम में किसी सेंटर पर 10 तो किसी सेंटर पर 15 लोग परीक्षा देने पहुंचे। कई सेंटर पर परीक्षा देने में निरक्षरों में उत्साह दिखा। खंड के जमापुर परीक्षा केंद्र पर पहुंचे 82 वर्षीय बुजुर्ग राजपत पटेल ने बताया कि प्रश्नपत्र की छपाई धुंधली होने के कारण चित्र और अक्षर साफ नहीं दिखाई दे रहे थे। जिससे उत्तर देने में दिक्कत हुई। उक्त केंद्र पर 10 महिला व पुरुषों ने परीक्षा दी। चित्र, अक्षर पहचान व गलत सही के पहचान पर आधारित प्रश्नों को करने में निरक्षरों को पसीने छूट गए। इस बाबत खंड शिक्षा अधिकारी देवी प्रसाद दुबे ने फूलपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा शासन के निर्देश पर आयोजित की गई थी।

### बारी समाज के होली मिलन में फूलों की वर्षा

**रामनगर।** रामनगर रामपुर में स्थित बारी समाज की ओर से रविवार की शाम होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में जुटे बारी समाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान अबीर गुलाल तो उड़े ही हास्य रस और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही फूलों के पंखुड़ियों की भी बरसात हुई। बारी समाज कल्याण समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सौरभ श्रीवास्तव थे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश बारी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अलगू प्रसाद शास्त्री ने की।

### डॉ. नवरत्न को मिला पूर्वांचल रत्न अलंकरण सम्मान

**वाराणसी।** कला, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाली शख्सियतों को सम्मानित करने वाली संस्था उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद द्वारा डॉ. नवरत्न सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में अपना अहम योगदान देने के लिए रविवार को सम्मानित किया गया। डॉ. नवरत्न काशी विद्यापीठ के अंग्रेजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर तैनात हैं और साथ ही साथ विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी के पद को भी अपने कर्तव्यों से सुसज्जित कर रहे हैं।

### कमल कुमार अध्यक्ष और सतीश सिंह महामंत्री बने



**वाराणसी।** स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी के साधारण सभा की बैठक पहड़िया स्थित श्रीनगर कॉलोनी में रविवार को हुई। जिसमें संगठन का चुनाव भी हुआ। इसमें कमल कुमार सिंह अध्यक्ष, घनश्याम सेठ बच्चा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीश कुमार सिंह महामंत्री व विष्णु सेठ कोषाध्यक्ष चुने गये। जबकि सरोज सेठ, विनोद कुमार सेठ, श्याम सुंदर सिंह, रवि सर्राफ व कृष्ण कुमार सेठ को संरक्षक बनाया गया। बैठक में तय हुआ कि इस साल भी बाबा कालभैरव की शोभायात्रा और भव्यता के साथ 20 जून को निकाली जाएगी। अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष किशोर सेठ ने की। संचालन श्याम कुमार सर्राफ ने किया। धन्यवाद घनश्याम सेठ बच्चा ने दिया। बैठक में मुरली मनोहर सिंह, डॉ. कैलाश सिंह विकास, घनश्याम सेठ, अनुज गौतम, सत्यप्रकाश सेठ, दुर्गा प्रसाद, जनार्दन वर्मा, सत्यनारायण सेठ, विष्णु दयाल, राजू वर्मा, विद्या चंद्र सेठ आदि उपस्थित रहे।

### परीक्षा के मूल्यांकन में 827 परीक्षक अनुपस्थित

**वाराणसी।** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न होने के बाद मूल्यांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। जिसमें रविवार को चार प्रमुख मुल्यांकन केंद्रों पर आवंटित किए गए कुल परीक्षकों में से 827 अनुपस्थित पाए गए। जबकि 1837 परीक्षक उपस्थित रहे। मूल्यांकन केंद्र पर आवंटित परीक्षकों की संख्या कुल 2664 इतनी निर्धारित की गई है। बता दें कि बीते 4 मार्च को यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं संपन्न होने के बाद चार मुख्य केंद्रों पर कुल 640316 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू किया गया है। इन चार मुल्यांकन केंद्रों में प्रभु नारायण राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर, राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज लहुराबीर, महाबोधी इंटर कॉलेज सारनाथ, भारतीय शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज इंग्लिशिया लाइन में मूल्यांकन का कार्य चल रहा है।

# भीड़ ने तोड़ा रिकार्ड, बम-बम बोला सहतवार


अभिवादन करते सांसद रवि किशन


जनता का अभिवादन करते सांसद रवि किशन, रविन्द्र कुशवाहा, विधायक केतकी सिंह, अजय सिंह एवं अन्य


जनता को प्रणाम करते सांसद रवि किशन


सांसद रवि किशन के साथ बसपा विधायक उमाशंकर सिंह

**बलिया।** सहतवार का होली मिलन समारोह ऐतिहासिक रहा। यह क्षण पूरे सहतवार वासियों को हमेशा के लिये यादगार साबित हुआ। भीड़ ने तोड़ी रिकार्ड और देर शाम तक बम-बम बोलता रहा सहतवार। वहीं, भीड़ का अभिवादन करते समय चैनराम बाबा के धरती के प्रणाम करत बानी का शब्द जैसे ही सांसद रवि किशन के मुंह से निकला, वैसे ही पूरे समारोह में महादेव के नारे लगने लगे।

हमेशा राजनीतिक सुर्खियों में रहने वाला बांसडीह विधानसभा क्षेत्र का सहतवार नगर पंचायत क्षेत्र के बड़े पोखरे के पास होली मिलन समारोह के मंच पर जैसे ही गोरखपुर के सांसद रवि किशन मंच पर पहुंचे, वैसे ही तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा आयोजन स्थल गूंज उठा। वही, भीड़ को देख गदगद देख सांसद रवि किशन ने सबसे पहले जनसमुदाय का दोनों हाथ उठाकर अभिवादन किया। इधर, कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी अजय सिंह की टीम द्वारा अबीर गुलाल उड़ाये गये।

उसके बाद एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी गयी। सांसद रवि किशन ने सबसे पहले राजनीतिक मंच से कार्यक्रम को संबोधित किया और अजय सिंह के लिये जनता से अपील की।

कहा कि चैनराम बाबा अजय सिंह की मनोकामना पूरी करें। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच पर हो रहे रंगारंग कार्यक्रमों को देखकर सांसद रवि किशन खुद रोक नहीं सके और सांस्कृतिक मंच पर पहुंच गये। उसके बाद दर्शकों के बीच होली गीत पर जमकर ठुमके लगाये।

## बोले रवि किशन

### चैन राम बाबा के धरती के प्रणाम करत बानी


जनता को संबोधित करते सांसद रवि किशन


समाजसेवी अजय सिंह के समर्थन में आशीर्वाद मांगते सांसद रवि किशन


जनता का अभिवादन करते अजय सिंह


सांसद रवि किशन को माला पहनाते अजय सिंह व अन्य

## रवि किशन के ठुमके के दीवाने हुए लोग

**बलिया।** जब किसी कलाकार के अंदर की कला जग जाय तो आगे क्या होता है? इसका जीता जागता उदारण सहतवार में समाजसेवी अजय सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के सांसद रवि किशन के अंदर दिखी। वह नेताओं के मंच से बोलते-बोलते कलाकारों के मंच पर पहुंच गए और एक से बढ़कर एक होली गीत, धार्मिक गीत, देश भक्ति गीत गाना शुरू कर दिया। जब दर्शकों ने उन्हें अपनी तरफ देखने के लिए इशारा करना शुरु किया तो वह ठुमके भी लगाने लगे। सांसद रवि किशन का यह अंदाज सहतवारवासियों को बहुत ही प्यारा लगा। क्योंकि वहां उपस्थित जनसमुदाय सांसद रवि किशन को नेता के साथ-साथ अभिनेता के रोल में भी देखना चाहती थी। जनता की डिमांड पर नेताओं के मंच से कलाकारों के मंच पर पहुंचे रवि किशन का जलवा जबरदस्त रहा। जनता भी खड़े होकर रवि किशन के सामने गाने लगी। वैसे, होली मिलन समारोह में एक से बढ़कर एक कलाकार सांस्कृतिक मंच पर थे,, लेकिन करीब 45 मिनट तक सांसद रवि किशन मंच पर अपना जलवा बिखरते रहे।



## जनता का पैसा जनता में जात बा : रवि किशन

**बलिया।** सांसद रवि किशन ने कहा कि जनता का पैसा जनता में जात बा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री निःस्वार्थ है। जनता के टैक्स का पैसा जनता को दिया जा रहा है। कहा कि आज प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है। मैं गरीब का बच्चा हूं। मेरे गांव में जाने के लिए सड़के नहीं थी। लेकिन आज सड़कों का जाल बिछा हुआ है। कहा कि कलाकारों को कहीं अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। अब गोरखपुर में फिल्म इंडस्ट्रीज का निर्माण मुख्यमंत्री के नेतृत्व में होने जा रहा है। यहां नौजवान कलाकारों को रोजगार मिलेगा और गोरखपुर का नाम पूरे फिल्ड इंडस्ट्रीज में जाना जाएगा। कहा कि योगी सरकार ने कलाकारों का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। जो अब तक के सरकारों ने नहीं सोचा होगा, वह योगी सरकार में हो रहा है।

## माफ नहीं करेंगे महादेव

**बलिया।** इ लोग बुद्धिहीन हो चुकल बाड़न। 24 और 29 हारते हुए दिख रहा है। इन लोगों को पंद्रह- बीस साल पर हिमालय चला जाना चाहिए। राहुल गांधी, अखिलेश को आत्म चिंतन की सख्त जरूरत है। राहुल बाबू विदेश में जाकर हमारे भारत का गला घोंट रहे हैं। आज पूरे विश्व राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री भारत में आकर तारीफ कर रहे हैं। सांसद रवि किशन ने कहा आज राहुल वो काम कर रहे हैं, जिसको देशद्रोह कह सकते हैं। राहुल विदेशी ताकतों से मदद मांग रहे हैं, अपने देश को तोड़ने के लिये। ये कूटनीति, अलगाववादी वाली सोच है, जो बड़ी घातक है। इसीलिए हम लोग सदन में उनको माफी मांगने को बोल रहे हैं। उन्हे देश की जनता से माफी मांगना है। उन्होंने बहुत बड़ा पाप किया है। महादेव भी माफ नही करेंगे।


कार्यक्रम में अजय सिंह को अबीर-गुलाल लगाते लोग

## रवि किशन का अजय ने बढ़ाया सम्मान

**बलिया।** सहतवार स्थित बड़ा पोखरा प्रांगण में आयोजित होली मिलन समारोह का शुभारंभ सिने स्टार तथा गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने दीप प्रज्वलित कर-के किया। वहीं, सलेमपुर के सांसद रविंद्र कुशवाहा, बांसडीह विधायक केतकी सिंह, कार्यक्रम आयोजक अजय सिंह सहित मंच पर मौजूद लोगों को अबीर गुलाल लगाकर मुख्य अतिथि सांसद रवि किशन ने होली की बधाई दी। आयोजक मंडल की तरफ से मुख्य अतिथि सांसद रवि किशन का स्वागत 51 किलो की माला पहनाने के बाद अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

## मुख्य मंच से सांस्कृतिक मंच पर पहुंचे सांसद

**बलिया।** मुख्य मंच से सरकार की उपलब्धियों को गिनाने के पश्चात सांसद रवि किशन मुख्य मंच छोड़कर सांस्कृतिक मंच पर पहुंच गये। इसके बाद रवि किशन ने रंग बरसे भीगे चुनरवाली सहित विभिन्न गीतों के माध्यम से उपस्थित जनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। होली गीतों को गाते हुए सांसद रवि किशन ने ठुमके भी लगाए। इस दौरान मौजूद अपार भीड़ ने आवाज देकर अपने चहेते रवि किशन का उत्साहवर्धन किया।

## रवि किशन ने गाया 'यूपी में सब बा'

**बलिया।** 'यूपी में का बा' नेहा सिंह राठौर के गीत का जवाब सांसद रवि किशन ने गीत गाते और थिरकते दिया। कहा कि 'यूपी में सब बा, जे कबो ना रहल उ अब बा'। उसके बाद सांसद रवि किशन ने कहा कि सहतवार के चैन राम बाबा के आशीर्वाद से इस धरती पर हम आए हैं। बलिया में आकर बहुत अच्छा लगा। हरेक जिलों में योगी जी ने नवरात्रि में पाठ करवाने को एक-एक लाख रूपया दिया है, के सवाल पर सांसद ने कहा यह ऐतिहासिक है। पूज्य महाराज जी को दिल से साधुवाद। सांसद ने कहा कि विरोधी लोगन के एक करोड़ रूपया पहुंचते-पहुंचते दो रूपया पहुंचता है। योगी जी का एक लाख रूपया एक करोड़ के बराबर है। पूरा का पूरा पैसा पहुंचता है।

## अजय के सम्मान में आगे आये उमाशंकर

**बलिया।** वैसे तो बसपा विधायक उमाशंकर सिंह समाज के क्षेत्र में भी अलग नाम कमाये है। वह अपने लोगों के लिये कहीं भी किसी भी समय पहुंच जाते है। ये जीता जागता उदाहरण सहतवार के होली मिलन समारोह में देखने को मिला। जब अजय सिंह के होली मिलन समारोह में बसपा विधायक उमाशंकर सिंह भी पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले जनसमुदाय का अभिवादन किया। उसके बाद सांसद रवि किशन का स्वागत किया। फिर आयोजक अजय सिंह का भी सम्मान बढ़ाया।

## सांसद ने की बसपा विधायक की तारीफ

**बलिया।** सांसद रवि किशन ने कहा कि चाहे कोई भी हो, अगर अच्छा कार्य करता है तो मैं उसकी तारीफ करता हूं। उन्होंने बसपा विधायक उमाशंकर सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि उमाशंकर सिंह ने अपने क्षेत्र का विकास किया है। उनके क्षेत्र में चकाचक सड़के हैं। कहा कि इस सरकार में हर तरफ विकास का कार्य हो रहा है।

## रवि किशन को देखने उमड़ी भीड़

**बलिया।** सहतवार स्थित बड़ा पोखरा प्रांगण खचाखच भरा हुआ था। जगह न मिलने पर लोग अगल-बगल की छतों पर चढ़कर कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे। बीच-बीच में दर्शक चैन राम बाबा की जय, हर हर महादेव आदि के उद्घोष से मुख्य अतिथि सांसद रवि किशन सहित अन्य का उत्साहवर्धन कर रहे थे।

## अजय के लिए जनता से मांगा समर्थन

**बलिया।** सांसद रवि किशन ने कहा कि यह बलिया के धरती है। यह बागियों की धरती है। मैं इस पावन पवित्र भूमि को नमन करता हूं। बलिया के लोगों ने अंग्रेजों को पस्त करने का कार्य किया था। इस दौरान सांसद रवि किशन ने कार्यक्रम के आयोजक अजय सिंह को आशीर्वाद भी दिया।

## कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

**बलिया।** इस दौरान सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा, बांसडीह विधायक केतकी सिंह, रसड़ा विधायक उमाशंकर सिंह, विनोद शंकर दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष अरविंद गांधी, सुरेंद्र सिंह, कौशल सिंह, दिनेश तिवारी, नरेंद्र सिंह, रंजन सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा आईडी मिश्रा, हरी सिंह, अशोक सिंह, धर्मनाथ सिंह, विद्या शंकर प्रसाद, दीनबंधु प्रसाद, दीपक सिंह, दिलीप गुप्ता, गोल्डन, अमित पांडेय, विवेक गुप्ता, सुनील सिंह, शिवजी सिंह, दिनेश तुरहा, सुरेंद्र सिंह, विवेक सिंह, अभिजीत तिवारी, संतोष गुप्ता, दिनेश तिवारी, प्रमोद सिंह, सीतांशु गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, प्रतुल ओझा आदि मौजूद रहे। संचालन शंभू शरण बेहाल तथा सांस्कृतिक मंच का संचालन रविशंकर तिवारी ने किया। आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त कार्यक्रम के आयोजक अजय सिंह ने किया।

## अजय सिंह ने व्यक्त किया आभार

**बलिया।** सहतवार में आयोजित होली मिलन समारोह को कार्यक्रम सफल बनाने में समाजसेवी अजय सिंह की टीम ने पूरी ताकत झोंकी थी। इसको सफलता उस वक्त मिली, जब सांसद रवि किशन विशाल मंच पर पहुंचे। वहीं, अजय सिंह ने जनता का अभिवादन और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद नहीं थी कि आज के कार्यक्रम में अपार जनसैलाब उमड़ेगा। आज यह महसूस हुआ कि सहतवार की जनता ने मुझे जो सम्मान और प्यार दिया है, मैं उसका ऋणी हूं। वहीं, सांसद रवि किशन ने भी अजय सिंह को आगे बढ़ाने के लिये जनता से निवेदन किया।

## संक्षेप

### लोगों का इलाज कर दी गई दवाएं

**बलिया।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बलिया के तत्वावधान में रविवार को श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने लोगों का इलाज कर निःशुल्क दवा वितरित किया। इसके पहले स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सपा के वरिष्ठ नेता श्रीप्रकाश पांडेय उर्फ मुन्ना ने श्री चित्रगुप्त महाराज जी के मंदिर में पूजन करने के बाद फीता काटकर किया। इस अवसर पर निषिध श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव, राकेश कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव एडवोकेट, कामेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, डा. अनिल श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास्तव, पुनीत श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, संजय सिंहा आदि मौजूदू रहे। प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा. दयाल शरण वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 430 बच्चे

**बैरिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर भोजापुर, बैरिया में रविवार को सत्र 2023-24 के लिये कक्षा नर्सरी से नवम् तक की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। इसमें लगभग 430 बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रामकुमार, कोषाध्यक्ष संजय कुमार कश्यप और प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय ने कक्षों का निरीक्षण किया। साथ ही परीक्षा व्यवस्था सकुशल संपन्न कराने हेतु उचित कार्यवाही के लिए निर्देश दिया। आगामी 23 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे परीक्षा परिणाम विद्यालय के सूचना बोर्ड पर चस्पा कर दिया जायेगा।

### चितबड़ागांव में चालू हुई विद्युत सप्लाई

**चितबड़ागांव।** बिजली विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल के चलते जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था। बताते चलें कि विगत 26 घंटे से बाधित चल रही विद्युत आपूर्ति के कारण तरह-तरह की समस्याएं चल रही थी, जिसे लेकर जनप्रतिनिधि एवं कस्बे के लोगों ने विद्युत स्टेशन का घेराव करने की योजना बनाया था। समस्या को मद्देनजर रखते हुए चितबड़ागांव के प्रभारी निरीक्षक आरएस नागर व समाजसेवी अमरजीत सिंह के प्रयास से टाउन एरिया फीडर की विद्युत आपूर्ति रविवार को लगभग 2:30 बजे से चालू की गई।

### गंगा समग्र अभियान की बैठक संपन्न

**चितबड़ागांव।** क्षेत्र के मानपुर में नेशनल ट्रेडस के बगल में गंगा समग्र अभियान के तहत श्री जवाहर सिह के नेतृत्व में बैठक हुई। इसमे तमसा व मगई नदी की सफाई, आरती, वृक्षारोपण, जैविक कृषि कार्य पर विस्तार से चर्चा किया गया। तत्पश्चात प्रधान दीपक सिंह को स्वच्छता अभियान प्रमुख, अमरजीत सिंह को आरती प्रमुख, जोगिन्दर यादव साधु को सम्पर्क प्रमुख, अरविंद तिवारी को वृक्षारोपण एवं स्वास्थ्य प्रमुख, धीरेन्द्र तिवारी को विधिक प्रमुख, लक्ष्मी कान्त सिंह को संचार प्रमुख एवं आनंद मिश्रा को शिक्षण व जैविक प्रमुख बनाया गया। मौके पर अमरजीत सिंह, गोपाल सिंह, राजेश गुप्त, अरविंद तिवारी, धीरेन्द्र तिवारी, सतीश कुमार सिंह, दिनकर सिंह, जोगिन्दर यादव, धनजी सिंह आदि मौजूद रहे।

### बिजली कर्मचारियों की मांगों का किया समर्थन

**बलिया।** संयुक्त किसान मोर्चा बलिया के संयोजक परमात्मानंद राय, तेजनारायण, अशोक कुमार पांडेय, जनार्दन सिंह एवं शैलेश कुमार सिंह अधिवक्ता ने संयुक्त रूप से बिजली कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया है। कहा कि योगी सरकार जनविरोधी, किसान विरोधी एवं मजदूर विरोधी है। बिजली कर्मचारियों की मुख्य मांगे निजीकरण बंद करो, विद्युत बिल बढ़ोत्तरी वापस लो, वृद्धि पर रोक लगाओ, संविदा कर्मियों की सेवा स्थाई करो आदि में क्या गलत है? उनकी जायज मांगों को अनसुना करके आंदोलन को कुचलना, गिरफ्तारी करना, सेवा समाप्त करना या डराना पूर्णतः अलोकतांत्रिक है। कहा कि उत्पादन की 12 यूनिटों का बंद होना, किसानों की खेती का नुकसान होना एवं शहरी लोगों की तबाही के पीछे सरकार की नीतियां जिम्मेदार है।

## भारत भोग की नहीं, बल्कि त्याग की भूमि है : वीरेन्द्र सिंह मस्त



**रसड़ा।** अमर शहीद भगत सिंह इंका के प्रांगण में रविवार को शताब्दी समारोह के समापन पर सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि भारत केवल एक जमीन का टुकड़ा नहीं है। भारत की समृद्ध सभ्यता, संस्कृति एवं परंपरा रही है, जिसे पूरी दुनिया स्वीकार करती है। भारतवर्ष का ज्ञान विद्या मंदिरों से होकर गुजरता है। यहां वेदों की रचना की गई। हर विषयों का ज्ञान ऋषि मुनियों के पास था। कहा कि बाइबल, गीता, कुरान और गुरु ग्रंथ साहिब ने समाज को एक जीवन दर्शन दिया है। भारत की तपोभूमि पर कणाद ऋषि ने परमाणु की खोज की। पराशर ऋषि ने प्राकृतिक खेती पर बल दिया था। कहा कि आज कुछ लोग रामचरित मानस पर टिप्पणी कर रहे हैं, जबकि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र शरीर के ही अलग-अलग भाग हैं। अगर ब्राह्मण दुराचारी हो जाए। क्षत्रिय अत्याचारी हो जाए और वैश्य भ्रष्टाचारी हो जाए तो समाज को श्रम शक्ति ही बचाती है। भारत देश भोग नहीं, बल्कि त्याग की भूमि है। परिवार टूटते ही समाज और राष्ट्र के टूटने का खतरा पैदा हो जाता है। तत्पश्चात 50 अध्यापकों एवं 50 अवकाश प्राप्त अध्यापकों को अंगवस्त्रम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह, प्रबंधक श्याम कुमार गुप्त, उप प्रबंधक मोहम्मद मुज्तबा हुसैन, वशिष्ठ नारायण सोनी, बलवंत सिंह, अजीत गुप्ता, अशोक कुमार, राजेंद्र मिश्रा, शिवानंद तिवारी, अवधेश सिंह, अश्वनी कुमार तिवारी, वकील तिवारी, रामनिवास सिंह, रविंद्र प्रजापति, लालजी तिवारी, तारकेश्वर सिंह, मोहन सिंह, अवधेश त्रिपाठी, दयाशंकर पांडे, अब्दुल्लाह अंसारी, रामबचन यादव, डा. शब्बीर अंसारी, व्रजनारायन सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन घनश्याम अर्जुन जायसवाल ने किया।

## रायल मसाले का लकी ड्रॉ समारोह संपन्न

**बलिया।** रायल मसाला के वार्षिक उपहार योजना 9 स्टार निश्चित लकी ड्रा उपहार योजना के तहत जोन 3 का लकी ड्रा समारोह का आयोजन टाउन हाल में किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोद शंकर दूबे ने दीप प्रज्जवलित करके किया। रायल मसाले के निदेशक शशांक चौरसिया ने कहा कि व्यापार का हित व्यापारी एवं आमजन के हित के साथ जुड़ा हुआ है। इसलिए अपनी शुरुआत से ही रायल मसाले समूह अपने साथ जुड़े हुए व्यापारी और आमजन के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। कहा कि हमारी कम्पनी का संकल्प का एक हिस्सा है। प्रतिवर्ष जोन वाइज व्यापारियों के गृहनगर जाकर समारोह पूर्वक के ड्रा का आयोजन किया जाता रहा है। सभी के साथ एक खुशनुमा समय सांझा करना रायल मसाले की परम्परा बन गयी है। जनरल मैनेजर नरेंद्र द्विवेदी ने सभी वितरक और विक्रेताओं को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



# अधिकांश क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल

**मिला सुकून**

## विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने को सक्रिय हुए एसडीएम



**बैरिया।** विद्युत कर्मियों की हड़ताल के चलते पुलिस व प्रशासन के हस्तक्षेप से विद्युत आपूर्ति तो अधिकांश क्षेत्रों में बहाल कर दी गई है। बावजूद इसके फाल्ट आने पर फाल्ट ठीक नहीं हो पा रहा है। इससे रविवार की शाम तक विद्युत आपूर्ति सामान्य नहीं हो पाई है।

उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र तथा एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह के प्रयास से शनिवार की रात को ही बैरिया नगर विद्युत उपकेंद्र तथा बैरिया ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई थी। देर रात जयप्रकाश नगर विद्युत उपकेंद्र की भी विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई थी, लेकिन लोक धाम ठेकहां की विद्युत आपूर्ति रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू हो पाई। सभी आरओ मशीन, पानी टंकी, इनवर्टर सहित अन्य संयंत्र एकाएक चालू कर दिए जाने से ओवरलोड में बिजली की लाइन बैठ जा रही है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ जगह फाल्ट आने से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। विद्युत लाइन की फाल्ट ठीक नहीं हो पा रही है। उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र पुलिस बल के सहयोग से विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिए लगातार सक्रिय हैं। जहां भी लाइन फाल्ट की सूचना मिल रही है, संविदा लाइनमैनों को पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर भेजकर लाइन ठीक कराने का प्रयास लगातार कर रहे हैं। देखने वाली बात होगी कि उप जिलाधिकारी के प्रयास से विद्युत आपूर्ति सामान्य हो पा रही है अथवा नहीं। कुल मिलाकर शनिवार की रात और रविवार को दिन में कुछ घंटे भी बिजली मिलने से लोगों को काफी राहत मिली। साइबर कैफे चलने लगे हैं। टेलीफोन एक्सचेंज ने काम करना शुरू कर दिया है।

पानी टंकियों से भी पेयजल की आपूर्ति कुछ घंटे हो गई है। लोगों ने शासन-प्रशासन के इस प्रयास के प्रति कृतज्ञता जताते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि बिजली विभाग का निजीकरण अब इसी समय कर देना चाहिए, ताकि हमेशा हमेशा के लिए हड़ताल की समस्या का समाधान हो जाए।

## बिजली कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

**रतसर।** यूपी में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई है। संघर्ष समिति द्वारा 72 घंटे के कार्य बहिष्कार किया गया था। स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र पर बीते शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे से ही बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। जब कि हड़ताल का एलान रात 10 बजे से होना था। बिजली कर्मियों ने बताया कि करमौता से रतसर के बीच 33 हजार केवी की लाइन में कहीं फाल्ट आ गया है। रविवार को ऊर्जा मंत्री एवं कर्मचारी नेताओं ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा कर दी। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारी सिकन्दरपुर पहुंच कर 33 हजार केवी का फाल्ट ठीक कर दिए और रविवार सायं 5 बजे से सभी फीडर पर निर्वाध रुप से बिजली की आपूर्ति शुरु कर दी गई। आखिरकार 74 घंटे के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल होने से विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े 140 गांवों में खुशी का माहौल है। इसके पूर्व बिजली कर्मचारियों पर प्रशासन द्वारा पूरी तरह से दबाव बनाया गया था।

# विधायक से मिला शिक्षामित्रों का प्रतिनिधि मंडल



**बांसडीह।** विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को उत्तर प्रदेश शिक्षामित्र संघ का प्रतिनिधि मंडल विधायक केतकी सिंह से मैरीटार गांव स्थित आवास पर मिला। शिक्षा मित्रों ने विधायक को बताया कि वे विगत 20 वर्षों से प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे हैं। सभी शिक्षामित्रों के पास कम से कम स्नातक व बीटीसी की योग्यता है।

कहा कि महंगाई के इस दौर में उन्हें मात्र दस हजार रूपये मानदेय मिल रहा है। इससे परिवार का भरण-पोषण नहीं हो पा रहा है। शिक्षामित्र आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान होकर आत्महत्या जैसे प्राणघातक कदम उठा रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री से मिलकर शिक्षामित्रों के भविष्य को सुरक्षित करते हुए आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का प्रयास करें। विधायक ने शिक्षामित्रों को आश्वासन दिया कि इस संबंध में बहुत जल्द मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगी और आपकी समस्या से अवगत कराते हुए समाधान का प्रयास करूंगी। प्रतिनिधि मंडल में पंकज सिंह, निर्भय नारायण राय, परवेज अहमद, डिम्पल, संजय प्रसाद, सुनील कुमार, राकेश, अखिलेश, अशोक, अखिलेश वर्मा, अजय, सुग्रीव, धर्मनाथ सिंह, सुधीर, साकिर, जयप्रकाश, हरगोबिंद, मंटू, मनोज, मृत्युंजय, सतेंदर, बर्जेश सिंह, सुमित्रा मौर्या, सुमन देवी आदि शामिल रहे।

# रोवर्स-रेंजर्स की दो दिवसीय रैली शुरू

**बलिया।** श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया में दो दिवसीय जनपदीय रोवर्स रेंजर्स रैली (समागम) का रविवार को शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। इसी के साथ शुरू हो गया रोवर्स-रेंजर्स के प्रदर्शन का सिलसिला। महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स टीम की अगुआई में विभिन्न महाविद्यालयों से जुटी टीमों ने मार्च पास्ट कर स्काउट झंडे व मुख्य अतिथि को सलामी दी।

मुख्य अतिथि कुलपति ने रोवर्स रेंजर्स टीम का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी संचित ऊर्जा का उपयोग समाज हित में करने पर जोर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र नाथ मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों का विकास पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक कामों में हिस्सा लेकर हो सकता है। आयोजन सचिव प्रो. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स हमारे जीवन में बहुत ही आवश्यक अंग होता है। राकेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी से एक अच्छे रोवर्स रेंजर्स बनने की अपील की। मौके पर डॉ. दिलीप श्रीवास्तव, डा. वैकुंठनाथ, प्रो. अखिलेश, डा. अवनीश, प्रो. अमलदार नीहार, प्रो. जैनेंद्र, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. बृजेश कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सुबोध मणि, डॉ. सुनीता, निर्भय नारायण आदि मौजूद रहे। संचालन प्रो. दयालानन्द ने किया। कार्यक्रमों का संचालन नौशाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. निशा राघव ने दिया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** रसड़ा पुलिसि ने धारा 272, 273, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि एवं 60(1)/63/72 आबकारी अधिनियम से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के आदेश के अनुपालन में अपराध नियंत्रण, संदिग्ध व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी रसड़ा एसएन वैस के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रसड़ा हिमेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम के उनि सुरजीत सिंह मय फोर्स वांछित अभियुक्तगण की तलाश में क्षेत्र में मौजूद थे। मुखबिर खास ने बताया कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त पंकज शर्मा पुत्र शिवहरि शर्मा निवासी जिगनहरा, थाना गड़वार रोडवेज रसड़ा पर कही जाने की फिराक में है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त पंकज शर्मा पुत्र शिवहरि शर्मा निवासी जिगनहरा, थाना गड़वार को गिरफ्तार कर लिया।

# ज्ञानकुंज एकेडमी में हुई प्रवेश परीक्षा

**आयोजन**

## कुल 687 के सापेक्ष 600 बच्चों ने किया प्रतिभाग



**सिकन्दरपुर।** ज्ञान कुंज एकेडमी बंशी बाजार में शिक्षा सत्र 2023-2024 के लिये प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। बच्चों की शैक्षिक अभिरुचि, तार्किक क्षमता एवं लेखन कौशल को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र वितरित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शीबा पाण्डेय ने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा पूर्व माध्यमिक यूकेजी से नौवीं कक्षा तक के लिए आयोजित की गई। इसमें कुल 687 पंजीत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 600 अभ्यर्थियों ने भागीदारी की।

उप प्रधानाचार्या श्रीमती शीला सिंह ने कहा कि प्रवेश परीक्षा में कुल 25 कमरों में अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक कमरे में अधिकतम 24 अभ्यर्थी रखे गये। परीक्षा आयोजक दीपक तिवारी के अनुसार प्रवेश परीक्षा का परिणाम 28 मार्च को आनलाइन प्रकाशित किया जायेगा। परीक्षा परिणाम विद्यालय के सूचना पट्ट पर भी चस्पा किया जायेगा। प्रबन्धक डा. देवेन्द्र सिंह ने कहा कि यह विद्यालय छात्रों के उत्तम स्वास्थ्य के साथ-साथ उत्तम शिक्षा के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहता है। विद्यालय के अध्यक्ष ज्योति स्वरुप पाण्डेय ने प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए मंगलकामना व्यक्त की।

परीक्षा में राकेश पाण्डेय, काशी नरेश सिंह, निशा तिवारी, नर्वदा गुप्ता, शीबा नाज, कुसुमलता सिंह, रितु, मनोज, प्रभाकर, दुर्गेश, रोशन, वंदना, रंजना, रिंकी, पंकज इत्यादि ने अपनी सक्रिय भागीदारी की।

## संक्षेप

### फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से निकाले 90 हजार प्रधानाध्यापक निलम्बित

**बैरिया।** विकास खण्ड मुरली छपरा के ग्राम प्रधान लक्ष्मीपुर का फर्जी हस्ताक्षर कर स्टेट बैंक की शाखा करमानपुर से 90,000 निकालने वाले प्रधानाध्यापक को जांच में प्रथम द्दष्टया कंपोजीट विद्यालय लक्ष्मीपुर के प्रधानाध्यापक को दोषी मानते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया मनीराम सिंह ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले विकास खंड मुरली छपरा के लक्ष्मीपुर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान चुनमुन राम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित कई अधिकारियों को अपने पंचायत के कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक जय कृष्ण यादव के ऊपर चेक से फर्जी हस्ताक्षर कर पैसे निकालने और वित्तीय अनियमितता की शिकायत किया था, जिसके लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने स्तर से जांच किया और प्रधानाध्याक को प्रथम द्दष्टया दोषी मानते हुए निलंबन की कार्रवाई का आदेश पारित किया है। अपने आदेश में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पैसों का भुगतान फर्म में नहीं कराकर नकदी भुगतान किया गया है, जो नियम विरुद्ध है। साथ ही कोरोना काल में बच्चों के खाते में शत-प्रतिशत पैसे नहीं भेजने की शिकायत को ध्यान में रखकर निलंबन की कार्रवाई किया गया है। निलंबन के कार्रवाई के साथ ही उक्त की जांच के लिए राजीव गंगवार खंड शिक्षा अधिकारी बेलहरी व समन्वयक मिड डे मील को नामित किया है। इस दौरान निलंबन के बाद प्रधानाध्यापक को जीवन यापन के लिए आधा वेतन जारी करने का आदेश भी दिया गया है।

### सड़क हादसे में दो युवक घायल

**बैरिया।** थाना अंतर्गत एनएच-31 पर प्रसाद छपरा ढाला के पास रविवार की दोपहर अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सड़क के किनारे खून से लथपथ गिरे दोनों घायलों को ई-रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचवाया। गंभीरावस्था में दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्रसाद छपरा ढाला के पास सड़क पर खून से लथपथ दो युवक बेहोशी की हालत में पड़े मिले। बगल में बाइक गिरी हुई थी। स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा से दोनों घायलों को सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया। दोनों के जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार घायलों की पहचान राहुल गोंड (25) निवासी नेवरी तथा देवेंद्र वर्मा (22) निवासी भृगु आश्रम बलिया के रूप में हुई।

### अधेड़ की संदिग्धावस्था में हुई मौत

**बांसडीह।** मनियर-बांसडीह मार्ग पर जानपुर गांव के सामने बड़ी पुलिया के पास शनिवार की देर शाम 62 वर्षीय अधेड़ की संदिग्धावस्था में मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ को बांसडीह पीएचसी तथा फिर जिला अस्पताल ले गयी, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार खेजुरी थाना क्षेत्र के रूपवार गांव निवासी महबूब आलम देर रात 9 बजे पुलिया के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में अचेतावस्था में पड़े थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें अस्पताल ले गयी। महबूब आलम के जेब से मिली दवाई की पर्ची व अन्य कागजातों से उनकी पहचान हुई। महबूब गांवों में ताबीज बनाकर बेचने का कार्य करते थे। जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

### महासचिव श्याम सुन्दर पटेल व सचिव नियुक्त हुए भारती

**बलिया।** बसपा मण्डल आजमगढ़ के मुख्य मण्डल जोन इंचार्ज हरीशचन्द्र गौतम के निर्देश पर जनपद बलिया का जिला महासचिव पद पर श्याम सुन्दर पटेल को नियुक्त किया गया तथा नगर विधानसभा सचिव के पद पर धनजी भारती के नियुक्त किया गया, जिसकी सूचना जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने दी।

### रोटरेक्ट क्लब के सदस्यों ने किया रक्तदान

**बलिया।** रोटरी क्लब की युवा शाखा रोटरेक्ट क्लब द्वारा रविवार को जिला चिकित्सालय में वृह्द रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रोटरेक्ट क्लब बलिया के सदस्यों समेत अन्य ने रक्तदान किया, जिसमें कुल 15 यूनिट रक्तदान किया गया। अध्यक्ष दीपक कुमार ने समय-समय पर इस तरीके का रक्तदान शिविर आयोजित करने का वचन दिया। मुख्य अतिथि डा. एके स्वर्णकार एवं रोटरी के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी रहे। इस अवसर पर डा. मुकेश वर्मा, अमिताभ शंकर श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार, लक्ष्मण, श्रीप्रकाश गुप्ता, अजय कुमार, सत्यजीत गुप्ता, कन्हैया आदि मौजूद रहे। मनीष कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आग से पांच परिवारों की रिहायशी झोपड़ियां राख



**बैरिया।** दोकटी थाना क्षेत्र के बाजिदपुर के पुरवा नई बस्ती में शनिवार की देर शाम लगी आग में पांच परिवारों की रिहायशी झोपड़ियां और उसमें रखा लाखों रुपए का नगदी सहित घर गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो गया। वही, आग से दो वर्षीय बालिका झुलस गई। एक बकरी आग में जलकर मर गई। बता दें कि बाजिदपुर नई बस्ती में शनिवार की देर शाम को अचानक मुनेश्वर गोंड की झोपड़ी से आग की लपटें उठने लगी। जब तक लोग कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और सुमेश गोंड, ब्रिजेश गोंड, पिंटू गोंड व छोटक गोंड की रिहायशी झोपड़ियों को अपने आगोश में ले लिया। इसमे घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। अचानक लगी आग में मुनेश्वर गोंड की दो वर्षीय बेटी ज्ञान्ती का पैर झुलस गया। वही, बृजेश गोंड की एक बकरी भी झुलसकर मर गई। इस अग्निकांड से पांचों परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने जायजा लिया। वहीं, जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव ने सहयोग किया।

### संस्थान के प्रेरणास्त्रोत थे बलराम शर्माः रमेश

**बलिया।** विश्वकर्मा सेवा संस्थान बलिया के तत्वावधान में संस्थापक सदस्य बलराम प्रसाद शर्मा के निधन पर रविवार को भृगु मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि बलराम प्रसाद शर्मा संस्थान के प्रेरणास्त्रोत एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। उनके सामाजिक जीवन एवं योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। अन्य वक्ताओं ने कहा कि इनके चले जाने से समाज को पूरणीय क्षति हुई है। अंत में गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अरूण कुमामर शर्मा, रामकुमार शर्मा, संदीप कुमार, सोनू शर्मा, श्रीराम शर्मा, विंध्यवासिनी प्रसाद शर्मा, विनोद शर्मा, प्रभात शर्मा, गुप्तेश्वर शर्मा, धूपनारायण शर्मा, श्रीभगवान शर्मा, गोपाल शर्मा, बनवारी शर्मा, सरल शर्मा, नंदजी, दिग्विजय शर्मा, सतीश शर्मा, नंदकिशोर आदि मौजूद रहे। संचालन छट्ठूलाल शर्मा ने किया।

## संक्षेप

### विटैलिटी एकेडमी का हुआ उद्घाटन



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** आईआईटी जेई नेट के अतिरिक्त सिविल सर्विसेज और उत्तर प्रदेश प्रादेशिक सेवाओं के अतिरिक्त एसएससी सीजीएल टीईटी चार्टेड अकाउंटेंट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को अब कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। इनके लिए मुहम्मदाबाद गोहना में ही उच्च स्तर की सुविधाएं प्राप्त होगी। छात्रों की तैयारी के लिए कस्बा के निकट बनियापार में विटैलिटी एकेडमी का उद्घाटन रविवार को मुख्य अतिथि शिबली पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य सलमान अंसारी के हाथों हुआ। एकेडमी के निदेशक जैनब मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर हाजी मुमताज अहमद ने बताया कि क्षेत्र में गरीब छात्रों की स्थिति को देखते हुए अब उन्हें महानगरों की तर्ज पर इंजीनियरिंग मेडिकल पीसीएस लोक सेवा आयोग के अतिरिक्त स्टेट उत्तर प्रदेश टीईटी एसएससी सीजीएल रेलवे आज की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थान की स्थापना की गई है। इसमें गरीब बच्चों को विशेष सुविधा के अनुसार बहुत कम मूल्य पर पूरी ब्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि अति पिछड़े क्षेत्र में प्रतियोगी संस्थान खुलने से छात्रों को सुविधा के अतिरिक्त उनके समय और पैसे की बचत होगी। इसके लिए संस्था के निदेशक बधाई के पात्र हैं। विशिष्ट अतिथि रजनीश यादव ने कहा कि छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए अपनी बुनियादी नींव को मजबूत रखें। कक्षा आठ से ही अपने भविष्य को तय कर ले कि हमें आगे क्या बनना है उसी के अनुसार पढ़ाई की तैयारी करें। इसी तरह से प्रबंधक मौलाना अब्दुल अजीज आजमी, जावेद अहमद, डा. तारिक जमील, अफसाना परवीन आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

### रजत पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** जनपद के मुहम्मदाबाद गोहना शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय खड़गिलिया में 33वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा कबड्डी प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता टीम का सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश, विशिष्ट अतिथिगण जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ कृष्णानन्द राय, जिला व्यायाम शिक्षक शैलेन्द्र सिंह एवं ब्लाक अध्यक्ष शिक्षक संघ शशिभूषण राय के कर कमलों द्वारा बच्चों को माला, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह, सहायक अध्यापकगण विजय शंकर यादव और ज्ञानदीप गौतम के प्रयासों की सराहना की। खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर बधाई देते हुए बच्चों के विकास में हमेशा मदद का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ कृष्णानंद राय ने कहा कि अति पिछड़े इलाके के कम संसाधन में पले इन बच्चों की उपलब्धियों से पूरा जनपद गौरवान्वित हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष दयाराम यादव व संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अध्यापक रामनिवास मौर्य एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय सिंह ने किया। राज्य स्तरीय रजत पदक विजेता आजमगढ़ मंडल की सम्मानित होने वाले टीम के खिलाड़ियों में सौरव यादव, रमायन यादव, भानूप्रताप, विवेकानंद, शिवम, अनंत, कुनाल, अमित, सौरव, यशदीप यादव, आंनद यादव, नितिन सरोज, रजनीश आदि शामिल रहे।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**रसड़ा।** कोतवाली पुलिस ने अवैध रुप से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.500 किग्रा गांजा बरामद किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। उनि अशोक कुमार शुक्ल मय फोर्स द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो की चेकिंग करते हुए घोड़ा चौराहा कस्बा रसड़ा में मौजूद थे। मूखबीर की सूचना पर पुलिस ने नवीन सब्जी मंडी के पास से अभियुक्त दिलीप कुमार मद्धेशिया पुत्र सीताराम मद्धेशिया को 1.500 किग्रा गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### हनुमत दिग्विजय रथयात्रा का भव्य स्वागत

**नगरा।** हनुमत दिग्विजय रथ यात्रा का नगरा बाजार के हनुमान चौक पर पहुंचते ही लोगों के भारत माता सहित देवताओं के गगनभेदी जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो गया। किष्किंधा से निकली हनुमत दिग्विजय रथयात्रा में शामिमल स्वामी आनंद स्वरूप महाराज का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वर्ण जड़ित मन्दिर में शिव दरबार, राम दरबार, हनुमान जी अपनी माता अंजना सहित देवी-देवताओं के साथ विराजमान हैं। रथ का आगमन होते ही लोगों ने पुष्प वर्षा करना शुरु कर दिया। मन्दिर का फाटक खुलते ही श्रद्धालुओं ने वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन अर्चन किया।

# डीएम-एसपी ने विद्युत उपकेंद्रों का लिया जायजा, दिये दिशा निर्देश

**मऊ।** रविवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने मुख्यालय स्थित 132 केवी विद्युत उपकेंद्र मऊ (ओल्ड) एवं 33 केवी विद्युत उपकेंद्र मऊ (ओल्ड) का निरीक्षण किया।

ज्ञातव्य है कि 15 मार्च को कार्य बहिष्कार एवं 16 मार्च से विद्युत कर्मियों के हड़ताल के बावजूद जिला प्रशासन की सतर्कता से जनपद में विद्युत संचालन निर्बाध रूप से हो रहा था परंतु कल शाम शहर में हुई मूसलाधार बारिश और आंधी के चलते कई क्षेत्रों में विद्युत संचालन प्रभावित हुआ, जिसके द्दष्टिगत आज जिलाधिकारी ने मुख्यालय स्थित महत्वपूर्ण विद्युत उपकेंद्रों का निरीक्षण कर विद्युत बहाली के संबंध में जानकारी लेते हुए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर तत्काल विद्युत बहाली के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए, जिससे आम लोगों को के जनजीवन पर विद्युत कर्मियों द्वारा की गई हड़ताल का असर ना पड़े।



विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

इसके पूर्व बिजली कार्मिकों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल के द्दष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त उपकेंद्रों के सुचारू रूप से संचालन एवं विद्युत सप्लाई निर्बाध रूप से रखने हेतु जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी के अलावा जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ ही विभिन्न विभागों में कार्यरत जूनियर, सहायक एवं अधिशासी अभियंताओं तथा आईटीआई के अध्यापकों सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों की ड्यूटी उपकेंद्रों के सुचारू रूप से संचालन हेतु लगा कर जनपद में हड़ताल के बावजूद निर्बाध रूप से विद्युत संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी, जो कि विद्युत कर्मियों द्वारा हड़ताल के द्दष्टिगत अभी भी जारी है, जिससे विद्युत संचालन के दौरान कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर उसका तत्काल निराकरण किया जा सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के अलावा नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता एसई पांडे, सीओ सिटी धनंजय मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लाखों रुपये से बनी बाईपास रोड एकदम जर्जर व खराब, विभाग मौन

**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बे को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बनी बाईपास रोड एकदम खराब व जर्जर हो गई है जगह जगह गिट्टियां उखड़ कर बिखर गई है जिससे लोगों के आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सर्वाधिक परेशानी पैदल व साइकिल चालको को होती है। गिट्टी के बिखर जाने से जहां साइकिल पंचर हो जा रही है वही पैदल चलने वालों को अनेक दुश्वारियां का सामना करना पड़ता है। लाखों रुपए से बना यह बाईपास रोड करीब 900 मीटर है। नेशनल हाईवे पर स्थित विक्ट्री इंटर कॉलेज के बगल से होकर यह सड़क दोहरीघाट आजमगढ़ रोड पर मिलती है। यह सड़क ग्रामीण अंचल की है इस पर भारी वाहनों का चलना मना है। लोक निर्माण विभाग के चेतावनी के बाद भी भारी वाहनों का चलना मना है। इसके बावजूद भी इस रोड पर भारी वाहनों का आना-जाना लगातार जारी है जिससे सड़क एकदम जर्जर व उबड़ खाबड़ हो गई है। क्षेत्र के धर्मेंद्र कुमार राय, दिनानाथ राय, नीरज राय व उमेश राय ने इस सड़क को अविलंब पिच निर्माण की मांग की है ताकि लोगों को आने जाने में आसानी हो तथा लोगों ने भारी वाहनों का इस रोड पर न चलाने की मांग की है। लोगों ने कहा है कि भारी वाहनों के चलने से धूल उड़ रही है धूल उड़ने से अगल-बगल के खेतों को नुकसान होता है।

## आयुष्मान भारत मेला में 489 मरीजों की हुई जांच

**मऊ।** डीएम अरुण कुमार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ ही गोल्डन कार्ड धारकों के उपचार की सुविधा हेतु लगने वाले आयुष्मान भारत मेला में आज जनपद के सभी 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 489 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 76 लाभार्थियों को उपचार की सुविधा प्रदान करने हेतु निकटतम सरकारी एवं संबद्ध प्राइवेट अस्पतालों हेतु चिन्हित किया गया। ज्ञातव्य है कि पिछले चार आयुष्मान भारत मेले में कुल 3210 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ था, जिनमें से 422 लाभार्थियों को उपचार हेतु चिन्हित कर इलाज की सुविधा भी प्रदान की जा चुकी है। इनमें से ज्यादातर मरीज हर्निया, हाइड्रोसील, मोतियाबिंद, गाल ब्लैडर स्टोन, अपेंडिक्स आदि के थे। वर्तमान में जनपद में सरकारी अस्पतालों के साथ ही 24 प्राइवेट अस्पतालों में गोल्डन कार्ड धारकों के इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। जिला प्रशासन के इस अनोखी पहल से आयुष्मान कार्ड धारकों को आयुष्मान भारत मेले का आयोजन से बेहतर इलाज की सुविधा प्राप्त हो रही है।

# बेमौसम बारिश से फसलों को भारी नुकसान किसानों ने सरकार से लगाई मदद की गुहार



खेतों में गिरी गेहूं की फसल

### किसानों ने की मुआवजे की मांग

किसान अनिल का कहना है कि खराब मौसम की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए किसानो मुआवजे देना चाहिए फसलों के भीगने से भाव पर असर पड़ेगा। रंग फीका पड़ने से गेहूं का दाम कम मिलेगाऔर शासन-प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए कहा कि सरकार फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दे।

**मऊ।** शनिवार की देर शाम को अचानक तेज हवाएं चलने और बारिश से किसानों की फसल चैपट हो गई। खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों, मटर, चना मसूर, अरहर वआलू की फसल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है।

किसान अब सरकार से फसली नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं। अचानक बदले हुए मौसम ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी। इससे पहले तेज धूप निकलने से लोगों को बारिश का अनुमान नहीं था। मगर जैसे ही शुक्रवार बाद मौसम ने करवट ली, वैसे ही घने बादल छा गए और शनिवार की देर शाम तेज बारिश होने लगी। बारिश के साथ ही तेज हवाओं ने खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों, आलू की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। मऊ के रतनपुर, कोपागंज, दोहरीघाट, मधुबन, मुहम्मदाबाद, फतेहपुर, परदहा, सही अन्य क्षेत्रो में काफी ज्यादा नुकसान की आशंका है। तेज हवा के साथ हुई बारिश ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को खेतों में बिछा दिया। बारिश और तेज हवाओं से हुए फसली नुकसान के लिए किसान सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। आलू के गिरते भाव को लेकर किसान वैसे ही परेशान थे। ऊपर से हुई बेमौसम बारिश से उन्हें काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। किसान अभी खेतों में आलू की खुदाई कर रहे हैं लेकिन बरसात होने से आलू की खुदाई का काम ठप हो गया है। किसान हरिवंश ने बताया कि शनिवार की देर शाम गरज के साथ हुई बरसात ने धरती पुत्र किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बरसात के चलते कई जगह गेहूं की फसल बिछ गई। इस समय अधिकांश गेहूं की फसल में दाने पक रहे हैं। फसल के गिरने से पैदावार प्रभावित होगी। ऐसे फसलों की कटाई करने में भी दिक्कत होगी।

# पर्यटन विकास को 304 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत

**बलिया।** परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास पर शासन ने जिले में पर्यटन विकास से जुड़ी 304 लाख रुपए की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को अपनी मंजूरी दे दी है। तीनों परियोजनाओं में विकास खंड बांसडीह में वीर कुंवर सिंह के नाम पर शहीद स्मारक का निर्माण, पराशर मुनि आश्रम तथा बैरिया के मिल्कीपुर स्थित महाराज बाबा के स्थान के पर्यटन विकास व सौंदर्यीकरण की स्वीकृति मिली है। तीनों कार्यों के लिए शासन ने प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति देने के साथ ही उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम लि. को कार्यदायी संस्था के तौर पर नामित भी कर दिया है। शासन ने इसके लिए महानिदेशक पर्यटन को पत्र जारी कर तीनों परियोजनाओं पर तत्काल कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए हैं। तीनों कार्यों में वीरवर कुंवर सिंह के बनने वाले शहीद स्मारक के लिए कुल 86.57 लाख रु. का प्रावधान किया गया है, जिसमें 40 लाख जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा पराशर मुनि आश्रम के सौंदर्यीकरण व पर्यटन विकास के लिए 117.57 लाख का बजट है, जिसमें 50 लाख जारी कर दिया गया है। इसी तरह महाराज बाबा के स्थान के विकास के लिए 99.57 लाख का बजट है, जिसमें 50 लाख अवमुक्त हो चुका है। ऐसे में बजट मिलने के बाद अब तीनों विकास कार्यों पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। तीनों परियोजनाओं के लिए सीएम पर्यटन स्थलों का विकास के अंतर्गत प्रावधानित धनराशि में वित्तीय प्रावधान किया गया है।

### पूरा करूंगा हर एक वादाः दयाशंकर सिंह



**बलिया।** परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि शासन ने तीनों कार्यों को मंजूरी देकर जनपद में विकास को बढ़ावा देने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है। महान सेनानी वीर कुंवर सिंह का भव्य स्मारक बनाना मेरी प्राथमिकता में था। पराशर मुनि का आश्रम व महाराज बाबा के स्थान के कायाकल्प से पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। कहा कि जिले के विकास को लेकर जो भी वादे किए गए हैं, उसे पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा।

# उपभोक्ताओं को भारी पड़ी बिजली कर्मियों की हड़ताल

## कई इलाकों में बिजली रही ठप, अंधेरे में बीती सैकड़ों गांवों की रात


धरना देते विद्युत कर्मचारी


अन्धऊ उपकेंद्र का निरीक्षण एसपी ओमवीर सिंह

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** करीब 65 घंटे से अधिक समय से चल रही बिजली कर्मियों की हड़ताल से जिला मुख्यालय के मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई थी। अधिकांश फीडर से जुड़े जिले के सैकड़ों गांवों की बिजली प्रभावित रही। वहीं रविवार को ऊर्जामंत्री और कर्मचारी नेताओं के साथ हुई बैठक में सहमति बनने के बाद हड़ताल समाप्त हो गई। इससे बिजली न आने का दंश झेल रहे उपभोक्ताओं को राहत मिली।

इससे पूर्व शहर के कई उपकेंद्रों से जुड़े दर्जनों मोहल्लों की बिजली भी शनिवार को पूरी रात ठप रही। पल-पल की निगरानी के लिए जिला प्रशासन द्वारा एहतियाती कदम उठाए गए,लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहे थे। विद्युत निगम कर्मचारियों की हड़ताल से तीसरे दिन भी जिले में बिजली व्यवस्था ध्वस्त रही।

जिले के सैकड़ों गांवों में जहां शुक्रवार रात से आपूर्ति ठप रही तो वहीं शहर के अधिकांश हिस्सों में अंधेरा व्याप्त रहा। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता से लेकर अवर अभियंता और लाइनमैन तक सब बीते तीन दिन से हड़ताल पर हैं। हड़ताल के तीसरे दिन रविवार को बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई थी। बिजली कर्मियों की हड़ताल से आपूर्ति का संकट गहरा गया था।

शहर से लेकर गांव तक बिजली पानी के लिए हाहाकार मच गया। रविवार को कार्य बहिष्कार के पांचवें दिन उपकेंद्रों से आपूर्ति में अवरोध उत्पन्न होता रहा। करीब तीस लाख की आबादी में 60 घंटों से अंधेरे में डूबी हुई है। गांवों में मोबाइल फोन, इंवर्टर व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण बंद हो गए हैं। कई पेट्रोल पंप पर बैरियर लगा दिया गया। चार्जिंग के कारण शहर में ई-रिक्शे की तादाद कम दिखी। प्रशासन की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था नाकाम साबित हुई।

**मिली राहत**

### पानी के लिए तरसे लाखों उपभोक्ता

### लोकल फाल्ट से दिनभर रहे परेशान

### बिजली कटौती से प्रभावित हुआ इंटरनेट

मौसम खराब होने से जनपद में बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई। कटौती का असर इंटरनेट पर दिखाई दिया। कार्यालयों का कार्य प्रभावित हुआ है। जिला मुख्यालय पर करीब 17 घंटे बिजली गायब होने से आम आदमी, सरकारी कार्यालयों, प्रतिष्ठानों व अन्य कार्यालयों में कंप्यूटर का कार्य करने वाले व्यक्तियों को परेशानी झेलनी पड़ी। कुछ स्थानों पर प्रकाश व कंप्यूटर सिस्टम संचालित करने को जनरेटर का सहारा लेना पड़ा।


बिजली को लेकर धरना देते कांग्रेस के कार्यकर्ता

### हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे मिस्त्री- लेबर

**मुहम्मदाबाद।** लोहे की ग्रिल बनाने का काम करने वाले उमाशंकर शर्मा का कहना है कि दो दिन से कामकाज बंद हो गया है। उनके यहां पांच मिस्त्री और लेबर काम करते हैं। दो दिन से सभी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। एक रुपये का काम नहीं हो पाया है।

### एक-दूसरे से संपर्क कटा, नींद गायब

**जमानियां।** चार दिनों से चल रही बिजली कर्मियों की हड़ताल से लाखों लोग प्रभावित हैं। बिजली न आने से मोबाइल डिस्चार्ज हो गए थे, जिससे लोगों का संपर्क कट गया। मच्छरों का भरमार हो गया है। रात में नींद नहीं पूरी हो रही है। बच्चों व बुजुर्गों का हाल बेहाल है। हड़ताल से परेशानी झेल रहे लोगों ने अपना दर्द यूं बयां किया।

### वैकल्पिक व्यवस्था दिखी पूरी तरह फेल

जिले में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल से निपटने के लिए प्रशासन की वैकल्पिक व्यवस्था पूरी तरह असफल नजर आई। नगर व देहात के सैकड़ों ग्रामों की बिजली ठप होने से हाहाकार मचा गया। शुक्रवार से बिजली न मिलने से इनवर्टर भी जवाब दे गए पीने के पानी को लोग परेशान रहे आटा चक्की, ई-रिक्शा, मोबाइल आदि भी ठप हो गए। कार्यालय में कामकाज प्रभावित हुआ। रात में पंखे की हवा भी नसीब नहीं हुई। रविवार की शाम पांच बजे यहां आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी।

## जिलाधिकारी ने सभी पावर स्टेशनों का लिया जायजा

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में विद्युत वितरण को लेकर प्रेस वार्ता में बताया कि जिले के कई पावर स्टेशन चालू हालात में है। उन्होंने बताया कि जिले में 220 केवीए के दो पावर स्टेशन हैं, जिसमें एक पावर स्टेशन ग्राम तलवल में तथा दूसरा पावर स्टेशन तहसील सेवराई के भदौरा में स्थित है, जो कि चालू हालत में है। उन्होने बताया कि 132 केवीए छह पावर स्टेशन हैं, जो चालू हालत में है। जो क्रमशः अंधऊ, सैदपुर, सादात, कासिमाबाद, जमानियां, कुण्डेसर में स्थित है। 33/11 केवीए के कुल सात सब स्टेशन स्थित है, जिसमें शनिवार की सांय तक 80 प्रतिशत सब स्टेशनों में आई तकनीकी खराबी को चिन्हित कर उसकी मरम्मत कराते हुए क्रियाशील करा लिया गया है। जनपद में विभिन्न क्षेत्रों आयी ऑंधी एवं बारिश की वजह से कुल सब स्टेशनों में तकनीकी खराबी होने के कारण सब स्टेशन में प्रवाहित होने वाली विद्युत लाइन बन्द हो गई। रविवार को 12.00 बजे तक संविदा के लाइन मैनों के माध्यम से पेट्रोलिंग करके चिन्हित करते हुए मरम्मत कराकर क्रियाशील किये जाने की कार्यवाही चल रही है।


बिजली व्यवस्था को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रेसवार्ता करते डीएम और एसपी

### हर तरफ सुनाई पड़ी जेनरेटर की आवाज

बिजली गुल होने के कारण शहर से लगाए देहात के कस्बों में दिनभर जनरेटर के आवाज सुनाई पढ़ रहे थे। कई जगहों पर मोबाइल टावर का जनरेटर चालू ना होने के कारण लोगों को मोबाइल नेटवर्क का भी सामना करना पड़ा। इसमें खासकर दिक्कत बीएसएनल धारकों को हुआ। जबकि फोटोकॉपी और कई बैंकों के काम भी बिजली गायब होने से हुआ इनका सरवर भी डाउन रहा।

### मोमबत्ती की रोशनी में हुई पढ़ाई

सैदपुर। गृहिणी प्रियंका सिंह कहती हैं कि सबसे बड़ी समस्या पानी की हो गई थी। उनके यहां हैंडपंप नहीं है। वाटर सप्लाई का पानी भी नहीं आ रहा है। बच्चों की परीक्षा चल रही है। मोमबत्ती की रोशनी में उन्हें पढ़ाई करनी पड़ रही है।

### शायद ही कभी हुई हो इतनी लंबी कटौती

**भांवरकोल।** शेरपुर कलां निवासी राकेश कहते हैं कि लगातार तीन दिन से बिजली की इतनी लंबी कटौती शायद ही कभी हुई हो। बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार की रात से ही बिजली नहीं है। मोबाइल, पंखे बंद पड़े हैं। परिवार के लोग बाहर हैं। उनसे बातचीत करना नामुमकिन हो गया है।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व आटा चक्कियां हुईं प्रभावित

**बिरनो।** बिजली न होने के कारण इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर बिक्री कम हुई, उपकरण लेने के बाद बिजली के उपकरण चेक नहीं हो पा रहे थे। वहीं दूसरी तरफ जिन क्षेत्रों में बिजली नहीं रही, उन क्षेत्रों की आटा चक्की बंद रहीं, जिससे लोगों को आटा के लिए परेशान होना पड़ा।

## संक्षेप

### रमेश यादव बने आराजी ओड़ासन समिति के सभापति


निर्वाचित प्रत्याशियों का स्वागत करते भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू

**बिरनो।** साधन सहकारी समिति का चुनाव क्षेत्र में शांति तरीके से संपन्न हुआ। साधन सहकारी समिति आराजी ओड़ासन के सभापति पद पर निर्विरोध रमेश यादव निर्वाचित हुए। उनके विपक्ष में कोई खड़ा नहीं हुआ। वहीं उपसभापति पद पर हजरा बेगम निर्विरोध चुनी गई। इस दौरान सभापति रमेश यादव का समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। सभापति रमेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसान से संबंधित तमाम तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है। उसको मुख्यधारा से जोड़ना मेरा मुख्य उद्देश्य होगा। समिति से संबंधित कोई भी समस्या को लेकर किसान सीधे मुझसे मिल सकता है। तत्काल किसान की समस्या का भी समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जंगीपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी भाजपा नेता रमेश सिंह पप्पू, चंद्रिका सिंह, प्रधान मुरली यादव ,पूर्व प्रधान नेहालुद्दीन, गोवर्धन बिंद, दिनेश जायसवाल, धनंजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, रवि प्रकाश सिंह, रामलाल प्रजापति, दया प्रकाश सिंह, अनिल पटेल, राजेंद्र यादव, , धूमा यादव, लाला उर्फ लाल बहादुर, अरविंद पटेल, विनोद पटेल, रामविलास यादव, रानू सिंह, बड़े जायसवाल आदि लोग रहे।

### सोनवल स्टेशन पर रहता है अंधेरा, यात्री परेशान

**सुहवल।** सोनवल स्थित नये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर करीब 80 लाख की लागत से सभी 110 एलईडी लाइट लगाने का कार्य पिछले महीनें ही पूरा हो चुका है। इसके अतिरिक्त परिसर में लाखों की लागत से तीन हाइमास्क लाईटें भी पिछले वर्ष लगाई जा चुकी है। मगर जिम्मेदारों की लापरवाही से आज तक इनमें कनेक्शन न दिए जाने से यह जहां शोपीस बनकर रह गई है,वहीं दूसरी तरफ पूरे यार्ड परिसर व स्टेशन रात के पहर अंधेरे में डूबा रहता है। लोगों ने मांग किया कि इनमें कनेक्शन जल्द दिया जाए ताकि इसकी उपयोगिता साबित हो सके। मालूम हो कि महकमें के इलेक्ट्रिक विभाग द्वारा प्लेटफार्म पर रोशनी के लिए 65 एलइडी लाईटें एक नंम्बर प्लेटफार्म पर लगाई है। वहीं 45 लाइटें दो नंबर प्लेटफार्म पर लगाई गई हैं। परियोजना का लोकार्पण अगले महीनें होने की उम्मीद है।मगर महकमें द्वारा इन्हें लगाकर छोड़ दिया गया,लोगों ने बताया कि अंधेरा के समय यहाँ काम करने वाले कर्मचारियों, इजीनियरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बतादें, सोनवल में करीब 25 करोड़ की लागत से 620 मीटर लंम्बा नया रेलवे स्टेशन बनकर करीब तैयार हो चुका है। आर बी एन एल के सीपीएम विकास चंद्रा ने बताया कि जल्द ही लगाई गई लाईटों से पूरा स्टेशन रौशन होने लगेगा।

### एसडीएम ने चार लाइनमैन के खिलाफ कराया मुकदमा

**कासिमाबाद।** विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल से कासिमाबाद, बहादुरगंज , ढ़ोटारी, बांकी सहित अन्य फीडर पूर्ण रूप से ठप रहा। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर कासिमाबाद एसडीएम वीर बहादुर यादव और तहसीलदार जया सिंह रविवार को कासिमाबाद 132 केवी उपकेंद्र पर पहुंचकर मेन सप्लाई आपूर्ति चालू कराया। कासिमाबाद विद्युत उपकेंद्र पर सप्लाई मिलते ही सभी उप केंद्रों पर एक-एक कर विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। तब जाकर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली । ढ़ोटारी और अलावलपुर विद्युत केंद्रों पर लापरवाही को लेकर चार लाइन मैन सहित दो एसएसओ के खिलाफ थाने में एफआईआर कर कार्रवाई की गई।

### तमंचा के साथ अभियुक्त धराया

**बाराचवर।** करीमुद्दीनपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक सुरेश कुमार मौर्य अपने हमराहीयों के साथ वाहन चेकिंग तथा संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में क्षेत्र में गशत पर थे । मुखबिर की सूचना पर कुंबरी मोड़ के पास बद्दोपुर गांव निवासी धनंजय यादव पुत्र श्रीराधा कृष्ण यादव तमंचा के साथ दबोच लिया।

# मेदनीपुर व कालूपुर के मध्य हाल्ट स्टेशन की उठी मांग

**अभियान**

### हस्ताक्षर अभियान में सात हजार से अधिक लोग शामिल

जनसंदेश न्यूज


हाल्ट स्टेशन की मांग को लेकर कालूपुर तिराहे पर हस्ताक्षर अभियान के अंतिम दिन अभियान को समर्थन देते ग्रामीण

**सुहवल।** मेदनीपुर व कालूपुर के मध्य हाल्ट स्टेशन की मांग को लेकर तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। तीन दिनों में अब तक सात हजार से ज्यादा लोग इस अभियान का हिस्सा बन चुके है। अभियान के अंतिम दिन रविवार को ग्रामीणों की ओर से एक लिखित मांग पत्र जम्मू कश्मीर उप राज्यपाल मनोज सिन्हा को भेजा गया।

पूर्व प्रधान दीपक सिंह ने कहा कि यह महज एक अभियान नहीं है,बल्कि यह अभी रेलवे को शुरूआती संदेश है। महकमा उनकी मागों को गंम्भीरता से स्वीकार करें। चेताया कि अगर उनकी मागों को सहानुभूति पूर्वक मंजूर नहीं किया गया तो लोग विशाल धरनाप्रदर्शन को विवश होगें। जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेलवे की होगी। उन्होंने कहा कि रेलवे यात्री सुविधाओं के उपलब्ध कराने का बात करता है,मगर जिस तरह से 143 साल पुराने ब्रिटिश हुकुमत के समय बनाए गये इस ताड़ीघाट स्टेशन को बंद कर दिया गया उसके चलते दर्जनों दुकानदारों,टैम्पो चालकों,सहित अन्य के समक्ष रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उनकी आर्थिक व्यवस्था बेपटरी होने लगी है। रेलवे सुविधाएं देने के बजाए लोगों से सुविधाएं छीन रहा है,जिसे लोग किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगें।

इस अवसर पर अवधेश यादव, मुसाफिर राम, मिंटू राय, मोहन, राधे गोविन्द, बब्बन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, राजू, सतेन्द्र, गुलाब राम, जयप्रकाश यादव, रोशन पांडेय आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### छह समिति पर निर्विरोध सभापति का चयन

**सादात।** साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिये रविवार को हुए चुनाव के दौरान क्षेत्र के सात में से बहरियाबाद को छोड़कर शेष सभी छह समितियों पर निर्विरोध सभापति का चयन किया गया। वहीं सातों समिति पर निर्विरोध उपसभापति भी चुने गए। एडीओ कोऑपरेटिव रूद्र प्रकाश ने बताया कि बहरियाबाद में सभापति के लिये चुनाव हुआ। जिसमें श्यामसुन्दर जायसवाल 05 वोट पाकर विजयी रहे। जबकि अमला को चार वोट पाकर हार का सामना करना पड़ा। इसी कड़ी में निर्विरोध सभापति चुने जाने वालों में सादात से फेंकन यादव, सरसौली से रविन्द्र यादव, पलिवार से राजू सिंह, परसनी से राम प्रताप यादव, भीमापार से पुष्पा पाण्डेय, हुरमुजपुर से रत्नाकर यादव रहे। वहीं सादात से सरिता, सरसौली से रमेश यादव, पलिवार से गुल्लू राम, परसनी से संजय सिंह, बहरियाबाद से इंद्रजीत चौहान, भीमापार से ज्योति सिंह और हुरमुजपुर से राजेश निर्विरोध उपसभापति चुने गए। वहीं सभी समितियों से विभिन्न समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का भी चुनाव किया गया।

# चौड़ीकरण के नाम पर गिट्टी डालकर छोड़ दी सड़क

**यह है हाल**

### छह माह से खराब सड़कों पर राहगीर चलने को मजबूर

### विभागीय अधिकारी शिकायत के बावजूद नहीं ले रहे संज्ञान

जनसंदेश न्यूज


भड़सर-हंसराजपुर मार्ग पर चौड़ीकरण के लिए डाली गई गिट्टी

**गाजीपुर।** जिले में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर कई क्षेत्रों में गिट्टी डालकर छोड़ दी गई है। ठेकेदार और विभागीय अधिकारी की मिलीभगत से कार्य में बड़ी लापरवाही की जा रही है। अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा राहगीरों को उठाना पड़ रहा है। राहगीर अधिकांश चोटिल हो रहें है। वहीं धूल से पट जा रहें है।

बिरनो थाना क्षेत्र के भड़सर और बीरबलपुर गांव में सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर गिट्टी डालकर सड़क छोड़ दी गई है। हंसराजपुर-भड़सर मार्ग की लंबाई करीब 9 किमी है। वहीं बरेंदा से बीरबलपुर की सड़क की लंबाई करीब पांच किमी है। इन सड़कों पर ठेकेदार द्वारा करीब छह माह से गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। इसके चलते अब हर दिन लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस सड़क पर यह गिट्टी डाली गई है। वहां पानी का छिड़काव भी नहीं किया जाता है। ऐसे में इस रास्ते जाने वाले लोग धूल के गुब्बारें से पट जाते है। जिससे बड़ी घटना का खतरा बना रहता है।

इसको लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

### धूल के गुबार में स्कूल जाते हैं बच्चे


भड़सर-हंसराजपुर मार्ग पर इंटर और डिग्री कालेज भी स्थित है। स्कूली बच्चें भी काफी संख्या में आते जाते है। सबसे ज्यादा सुबह और दोपहर के समय यहां पर भीड़ हो जाती है। जिस स्थान पर गिट्यिां छोड़ दी गई है। उसके आसपास के क्षेत्र में कई स्कूली बच्चे वाहनों से स्कूल आते जाते है। वहीं काफी संख्या में पैदल भी जाते है जो धूल के शिकार होते है। उनके कपड़े पूरी तरह गंदे हो जाते है। वहीं चौड़ीकरण कार्य के चलते सभी रास्ते चौड़े हो गए है, लेकिन गिट्टी छोड़ देने से लोगो की परेशानी बढ़ गई है।

अधिशासी अभियंता जेपी यादव से कई बार संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके पूर्व में उनसे बातचीत में बताया था कि हम बयान देने के लिए अधिकृत नहीं है। वहीं ठेकेदार के स्टाफ ने बताया था कि होली के बाद कार्य शुरू हो जाएगा। लेकिन आज तक कार्य जैसा का तैसा बना हुआ है।

### करोड़ों के कार्य में लापरवाही

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-2 द्वारा सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मनिहारी विकास खंड के हंसराजपुर बाजार तिराहे से भड़सर तक 9.40 किमी. सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका निर्माण 27 मई से ही हो रहा है। सड़क की लागत 416.70 लाख है। वहीं, पांच साल के लिए अनुरक्षण की लागत 64.91 लाख है। सड़क निर्माण कार्य सैदपुर के करमपुर गांव निवासी ठेकेदार गंगा प्रसाद सिंह द्वारा कराया जा रहा है।

# इस बार नाव पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा



**गाजीपुर।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होने वाले शक्ति की आराधना के महापर्व नवरात्र पर इस बार चार संयोग बन रहे हैं। व्रत और पूजन के लिए नौ दिन मिलेंगे। इस बार माता नाव पर सवार होकर आएंगी, जो फसल और धन धान्य के लिए शुभ है। 22 मार्च को घट स्थापना का मुहूर्त बन रहा है। पारण 31 मार्च को होगा। बंसीबाजार राधेनगर के पंडित श्रीनिवास चौबे ने बताया कि बुधवार को नौका पर माता के आने से विश्व कल्याण होगा।

सभी कार्यों की सिद्धि होगी। उन्होंने बताया कि नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना कर देवी के पहले स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की जाएगी। दरअसल, मान्यता है कि नवरात्र में माता का पाठ करने से देवी भगवती की खास कृपा होती है। मां दुर्गा को सुख,समृद्धि और धन की देवी माना जाती है। श्री चौबे ने बताया कि जो भक्त पूरी श्रद्धा से मां दुर्गा की पूजा करते हैं, उन्हें माता का खास आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि साल में चार बार नवरात्र का पर्व मनाया जाता है। इसमें चैत और शारदीय नवरात्र के अलावा और दो गुप्त नवरात्रि के मनाए जाने का विधान है। चैत्र नवरात्र इस बार पूरे नौ दिनों की होगी। इस बार तीन सर्वार्थ सिद्धि, तीन रवि योग, दो अमृत सिद्धि योग और गुरु पुण्य का संयोग बनेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग 23, 27 और 30 मार्च को लगेगा। अमृत सिद्धि योग 27 व 30 मार्च को और रवि योग 24, 26 व 29 मार्च को लगेगा। नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी पर गुरु पुण्य योग का महासंयोग बन रहा है। जिले में चैत्र नवरात्र पर नौ दुर्गा के साथ ही नौ गौरी पूजा का विधान है। 22 मार्च को प्रथम प्रथम शैलपुत्री की पूजा के साथ ही घट स्थापना की जाएगी। 30 मार्च को महागौरी की पूजा के साथ ही रामनवमी भी मनाई जाएगी। माता का आगमन नौका पर होगा, जो फसल, धन- धान्य और विकास के लिए लाभदायक रहेगा। नवरात्र का समय नजदीक आते ही मां के भक्तों ने व्रत रखने के साथ तैयारी शुरू कर दी है।

**आस्था**

### सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, रवि और गुरु पुण्य योग का बन रहा संयोग

### नवरात्र-रमजान से पहले फलों पर छाई महंगाई

**गाजीपुर।** नवरात्र और रमजान माह शुरू होने से पहले ही फलों पर महंगाई चढ़ गई है। मेवा एवं अन्य खाद्य पदार्थों के दाम सामान्य हैं। फलों के दामों में 10 से लेकर 20 रुपये प्रति किलो तक इजाफा हो गया है। नवरात्रि और रमजान तक इनके दामों में और वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है। नवरात्रों में श्रद्धालुओं द्वारा अन्न का प्रयोग नहीं किया जाता है। वह केवल सिंघाड़ा का आटा खाते हैं। बाजार में सिंघाड़ा का आटा 200 से 220 रुपये प्रति किलो है। सवाई के चावल 120, कुट्टू की गिरी 140 रुपये प्रति किलो तक बाजारों में बिक रही है।

**फलों के दाम एक नजर में**

केला - 70 रुपये प्रति किलो
सेब - 140 से 160 रुपये प्रति किलो
अंगूर - 60 से 80 प्रति किलो
कीवी - 30 रुपये प्रति पीस
पपीता - 50 से 60 रुपये प्रति किलो
अनार - 100 से 120 रुपये प्रति किलो
संतरा - 80 रुपये प्रति किलो
चीकू - 60 रुपये प्रति किलो

### पांच साल बाद माह-ए-रमजान में पांच जुमा

**गाजीपुर।** पांच साल बाद इस बार फिर मुकद्दस रमजान के पाक महीने में पांच जुमा पड़ रहे हैं। इससे पहले 2018 में भी रमजान के महीने में पांच जुमा पड़े थे। चांद के के मुताबिक 23 या 24 मार्च को रमजान का पाक महीना शुरू होगा। पहले दिन तरावी की नवाज होगी। इसका समय शाम आठ बजे से रात 10:30 बजे तक रहेगा। रमजान के महीने में सवाब (पुण्य) का दर्जा सत्तर गुना होता है। हर रोजेदार अधिक से अधिक समय इबादत में गुजारना पसंद करता है। इस्लामी मान्यता के अनुसार जुमा के दिन को विशेष माना जाता है। जुमा को शहर से लेकर कस्बे और देहात तक मस्जिदों में नमाजियों की संख्या अधिक होती है। इस साल रमजान के महीने में पांच जुमा पड़ने पर रोजेदारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पहला जुमा 24, दूसरा 31 मार्च को होगा। इसके बाद सात, 14 और 21 अप्रैल को जुमा पड़ेगा। शहर स्थित रौजा मस्जिद के इमाम हाफिज सलमान के अनुसार रमजान का हर दिन बड़ी ही रहमतों और बरकतों का दिन होता है। इस महीने सवाब का दर्जा सत्तर गुना हो जाता है। रमजानुल मुबारक में जुमा का दिन बड़ा खास हो जाता है।

# क्रय केंद्र पर खुले में रखा किसानों का धान


साधन सहकारी समिति भतौरा-बारा पर खुले में रखा धान

जनसंदेश न्यूज

**बारा।** साधन सहकारी समिति भतौरा-बारा पर खुले आसमान के नीचे किसानों से खरीदा हुआ धान रखा हुआ है। जबकि मौसम विभाग ने 16 से 21 मार्च की अवधि में बारिश की चेतावनी दी है।

यदि बेमौसम बारिश हुई तो खुले में रखा धान खराब हो सकता है। साधन सहकारी समिति भतौरा - बारा में धान क्रय केंद्र खुला था। यहां 333 किसानों से 19683 कुंतल धान की खरीद की गई थी। 19643 कुंतल धान का उठान तो हो गया है, लेकिन 40 कुंतल धान खुले में रखा हुआ है। परिवहन ठेकेदारों की लापरवाही के चलते धान की उठान प्रभावित हुई है।

शुक्रवार से आसमान में बादल छाए और बूंदाबांदी शुरू हुई तो अफरा तफरी मच गई। आनन-फानन तिरपाल से धान को ढका गया। मौसम का मिजाज बदल गया है। सेवराई तहसील क्षेत्र के कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। यदि बारिश हुई तो अभी भी धान के भीगने का खतरा मंडरा रहा है।

सचिव राजेश राय ने बताया कि 19643 कुंतल धान का उठान हो चुका है। साधन सहकारी समिति का गोदाम जर्जर हो गया था, जिसे निर्माण के लिए तोड़ दिया गया है। जगह नहीं है, इससे धान धान बाहर डंप है। जल्द ही उठान के लिए कहा गया है।


**लापरवाही**

### बारिश की चेतावनी के बाद भी नहीं जागा विभाग

## जनसंपादकीय

# नई बोतल में पुरानी शराब

**राम पुनियानी**



'मैं (ईश्वर) सभी प्राणियों में हूं। नाम या रंग चाहे कोई भी क्यों न हो, सबकी काबिलियत एक सी है और सबका बराबर सम्मान है। सब मेरे हैं। धर्मग्रंथों के अनुसार कोई ऊंचा या नीचा नहीं है। पंडित जो कहते हैं वह झूठ है। उच्च और निम्न जातियों के काल्पनिक विभाजन में उलझकर हम अपने राह से भटक गए हैं। यह विभ्रम दूर किया जाना चाहिए।'
ये शब्द हैं हिन्दू राष्ट्र के निर्माण के प्रोजेक्ट में जुटे आरएसएस के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के। वे संत रैदास से जुड़े आयोजन के अवसर पर बोल रहे थे। आरएसएस, भाजपा के अलावा अनेक संस्थाओं का पितृ संगठन है और ये सभी उसके लक्ष्य की प्राप्ति में उसकी मदद कर रहे हैं।
दलित नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने उचित मौका देखकर तुलसीदास की रामचरितमानस के पुनःरीक्षण की अपनी मांग को दुहराया। रामचरितमानस में दलितों और महिलाओं के प्रति अपमानजनक बातें हैं। इसके ठीक विपरीत दकियानूसी शंकराचार्यों और अन्यों ने कहा कि जाति ईश्वर ने बनाई है और भागवत को इसका दोष ब्राम्हणों के सिर पर नहीं मढ़ना चाहिए। अपनी चमड़ी बचाने के लिए भागवत ने स्पष्टीकरण दिया कि पंडितों से उनका आशय विद्वानों से था ब्राम्हणों से नहीं।
निःसंदेह दलितों को आकर्षित करने का हिन्दू राष्ट्रवादियों का यह सबसे ताजा प्रयास है। आरएसएस की मुश्किल यह है कि एक ओर वह पूर्व-आधुनिक जातिगत और लैंगिक रिश्ते बनाए रखना चाहता है तो दूसरी ओर उसे अपने एजेंडा को लागू करने के लिए इन वर्गों को अपने साथ जोड़ना जरूरी है।
जाति के संबंध में आरएसएस की सोच बदलती रही है। आरएसएस की स्थापना के पीछे एक कारण था दबे-कुचले तबकों का जमींदार-ब्राम्हण गठजोड़ के बंधन तोड़ने का संघर्ष। 'गैर-ब्राम्हण आंदोलन'] जिसका लक्ष्य जमींदार-ब्राम्हण गठजोड़ का विरोध करना था, की प्रतिक्रिया में ही कुछ कुलीनों ने मिलकर इस संस्था का गठन किया था।
जाति के बारे में आरएसएस का नजरिया सबसे पहले उसके द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने प्रस्तुत किया था। उन्होंने 'मनुस्मृति' का महिमामंडन करते हुए कहा कि भारत का अतीत स्वर्णिम था क्योंकि उस समय इस पुस्तक में निर्धारित नियमों का पालन किया जाता था। अपनी पुस्तक 'वी ऑर अवर नेशनहुड डिफाइंड' में उन्होंने वर्ण-जाति प्रथा का समर्थन किया। उनके अनुसार इस पवित्र ग्रंथ (मनुस्मृति) में जिस जातिप्रथा का प्रतिपादन किया गया है वह वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है। संघ के अनाधिकारिक मुखपत्र 'द आर्गनाइजर' में इसे इन शब्दों में प्रस्तुत किया गया, "यदि एक विकसित समाज को अहसास होता है कि विद्यमान भेदभाव, विज्ञान सम्मत सामाजिक ढांचे के कारण हैं और विभिन्न वर्ग समाज रूपी शरीर के विभिन्न अंगों का प्रतिनिधित्व करते हैं तो इस विभिन्नता (अर्थात जाति व्यवस्था) को विकृति नहीं माना जाना चाहिए" (आर्गनाईजर, 1 दिसंबर 1952, पृष्ठ 7)।
बाद में एक अन्य प्रमुख आरएसएस विचारक, दीनदयाल उपाध्याय, जो जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे, ने 'एकात्म मानववाद' का सिद्धांत प्रस्तुत किया। संघ परिवार से जुड़े अनेक व्यक्तियों का दावा है कि यही सिद्धांत उनकी राजनीति का पथ प्रदर्शक है। एकात्म मानववाद की अवधारणा के अनुसार "चार जातियां (वर्ण) विराट पुरुष (आदि पुरुष) के अलग-अलग अंगों की तरह हैं...ये अंग एक दूसरे के पूरक हैं और अलग-अलग होते हुए भी एक हैं। उनके हित, पहचान एवं संबद्धता एक है....यदि इस विचार को जीवित नहीं रखा गया तो जाति, पूरक की बजाए संघर्ष का कारण बन सकती है। लेकिन यह एक विकृति होगी" (दीनदयाल उपाध्याय, इंटीग्रल ह्यूमेनिज्म, नई दिल्ली, भारतीय जनसंघ, 1965, पृष्ठ 43)।
इसी तरह की बातों के चलते हिन्दुओं के कुछ वर्गों में संघ का राजनीतिक आधार स्थापित हुआ। इस आधार के सशक्त होने के बाद, आरएसएस ने यह कहना शुरू किया कि सभी जातियां एक बराबर हैं। इस सिलसिले में उसने तीन प्रमुख पुस्तकें प्रकाशित कीं। आरएसएस के विचारकों द्वारा लिखित इन पुस्तकों में यह दावा किया गया है कि मध्यकाल में मुसलमानों के अत्याचारों के कारण अछूतों एवं नीची जातियों का उद्भव हुआ। ये तीन पुस्तकें हैं 'हिन्दू चर्मकार जाति', 'हिन्दू खटीक जाति' एवं 'हिन्दू वाल्मिकी जाति'।
संघी नेताओं का दावा है कि ये जातियां विदेशी आक्रांताओं के अत्याचारों के कारण अस्तित्व में आईं और पूर्व में हिन्दू धर्म में जातियां नहीं थीं। एक अन्य आरएसएस नेता भैयाजी जोशी के अनुसार किसी भी हिन्दू धर्मग्रंथ में शूद्रों को अछूत नहीं बताया गया है। मध्यकाल में 'इस्लामिक अत्याचारों' के कारण अछूत और दलित अस्तित्व में आए। जोशी आगे कहते हैं, "चन्वरवंषीय क्षत्रिय हिन्दुओं के स्वाभिमान (गरिमा) को नष्ट करने के लिए, विदेशी अरब हमलावरों, मुस्लिम शासकों और गौभक्षकों ने उन्हें गायों को मारने, उनकी खाल उतारने और उनके शवों को निर्जन स्थानों पर फेंकने जैसे निकृष्ट कार्य करने के लिए बाध्य किया। इसी प्रकार विदेशी हमलावरों ने स्वाभिमानी हिन्दू बंदियों को दण्डित करने के लिए उनसे यही काम करवाए और चर्मकर्म (चमड़ी संबंधी कार्य करने वाली) को एक जाति बना दिया।" और अब, सबसे ताजा दौर है जिसमें वर्ण व्यवस्था के लिए पंडितों को दोषी ठहराया जा रहा है।
सच यह है कि जाति प्रथा बहुत पुरानी है और अछूत व्यवस्था हमेशा से उसका हिस्सा रही है। आर्य स्वयं को श्रेष्ठ समझते थे और अनार्यों को कृष्णवर्ण, अनास (बिना नाक वाले) व अमानुष कहते थे (ऋग्वेद, 10वां मंडल, श्लोक 22.9)। ऋग्वेद में ऐसे उद्धरण हैं जिनसे यह पता चलता है कि नीची जातियों के लोगों का उच्च जातियों के मनुष्यों के नजदीक आना प्रतिबंधित था और उन्हें गांवों के बाहर रहना होता था। इसका यह आशय नहीं है कि ऋग्वेद के काल में जाति प्रथा पूर्ण विकसित हो चुकी थी परंतु यह जरूर है कि तब भी समाज चार वर्णों में बंट चुका था और यही व्यवस्था मनुस्मृति काल आते-आते तक कठोर जाति व्यवस्था में बदल गई।
अछूत व्यवस्था लगभग पहली सदी ईस्वी में जाति व्यवस्था का अंग बनी। मनुस्मृति, जो दूसरी या तीसरी सदी में लिखी गई थी, में तत्कालीन लोक व्यवहार को संहिताबद्ध किया गया है और इससे पता चलता है कि उत्पीड़क वर्गों द्वारा पीड़ितों पर कितने घृणित प्रतिबंध और नियम लादे जाते थे।
सच जो भी हो अपनी जड़ें मजबूत करने के बाद आरएसएस अब दलित और ओबीसी वर्गों को अपने साथ लाना चाहता है। संघ ने काफी साल पहले दलितों और ओबीसी के बीच काम करने के लिए सामाजिक समरसता मंच और आदिवासियों को अपने झंडे तले लाने के लिए वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की थी। इन दोनों संस्थाओं ने पिछले कुछ दशकों में अपना विशाल नेटवर्क तैयार कर लिया है। इनके प्रयासों से समाज के कई वर्ग संघ की विचारधारा से जुड़े हैं, भाजपा को चुनावों में लाभ प्राप्त हुआ है और देश में हिन्दुत्ववादियों की संख्या में वृद्धि हुई है। ये संस्थाएं ब्राम्हणवादी धार्मिकता और सेवा को बढ़ावा देती हैं।
समय के साथ वंचित वर्गों को संघ के एजेंडे की असलियत समझ में आने लगी है। इससे चुनाव जीतना थोड़ा और मुश्किल हो जाएगा। यही कारण है कि अब जाति के उद्भव के बारे में नए सिद्धांत प्रस्तुत किए जा रहे हैं। संघ जानता है कि उसके मूल समर्थक उसकी विचारधारा में इतने घुलमिल चुके हैं कि अब अगर वह कुछ वर्गों को लुभाने के लिए अलग भाषा का प्रयोग भी करेगा तब भी वे उससे दूर नहीं जाएंगे।


**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

---

**रवीन्द्रनाथ टैगोर**

## अरी ओरी, मेरी भोर की चिरैया गौरैया

कुछ कुछ रहते अँधेरे में फटते ही पौ
नींद का नशा जब रहता कुछ बाकी तब
खिड़की के काँच पर मारती तुम चोंच आकर,
देखना चाहती हो 'कुछ खबर है क्याह।
फिर तो व्यर्थ झूटमूठ से को
चाहे जैसे नाचकर
चाहे जैसे चहचहाती हो;
निर्भीक तुम्हारी पुच्छ
शासन कर सकल विघ्न बाधा को करती तुच्छ।
तड़के ही दोयलिया देती जब सीटी है
कवियों से पाती बख्शीश कुछ मीठी है;
लगातार प्रहर प्रहर भर मात्र एक पंचम सुर साधकर
छिपे-छिपे कोयलिया करती उस्तादी है-
ढकेल सब पक्षियों को किनारे एक
कालिदास की पाई वाहवाही उसी ने नेक।
परवाह नहीं करती हो उसकी जरा भी तुम,
मानती नहीं हो तुम सरगम के उतार और चढ़ाव को।
कालिदास के घर में घुस
छन्दोभंग चुहचुहाना
मचातीं तुम किस कौतुक से !
नवरत्न सभा के कवि गाते जब अपना गान
तुम तब सभा स्तम्भों पर करती हो क्या सन्धान?
कवि प्रिया की तुम पड़ोसिन हो,
मुखरित प्रहर प्रहर तक तुम दोनों का रहता साथ।
वसन्त बयाना दिया
नहीं वह तुम्हारा नाट्य,
जैसा जैसा तुम्हारा नाच
उसमें नहीं कुछ परिपाट्य।
अरण्य की गायन सभा में तुम जातीं नहीं सलाम
ठोंक,
उजाले के साथ ग्राम्य भाषा में समक्ष आलाप होता ;
न जाने क्या अर्थ उसका
नहीं है अभिमान में
शायद कुछ होगा अर्थ तुम्हारे स्पन्दित हृदय ज्ञान में।
दायें बायें मोड़-मोड़ गरदन को
करतीं क्या मसखरी हो अकारण ही दिन-दिन भर,
ऐसी क्या जल्दी है?
मिट्टी तुम्हारा स्नेह
धूल ही में करतीं स्नान-
ऐसी ही उपेक्षित है तुम्हारी यह देह-सज्जा
मलिनता न लगती कहीं, देती न तुम्हें लज्जा।
बनाती हो नीड़ तुम राजा के घर छत के किसी कोने
में
दुबका चोरी है ही नहीं तुम्हारे कहीं मन में।
अनिद्रा में मेरी जब करती है दुःख की रात
आशा में करता हूं, द्वार पर तुम्हारा पड़े चंचुघात।
अभीक और सुन्दर-चंचल
तुम्हारी सी वाणी सहज प्राण की
ला दो मुझे ला दो-
सब जीवों का प्रकाश दिन का
मुझे बुला लेता है,
ओरी मेरी भोर की चिरैया गौरैया।



# चहचहाहट बचाने की जरूरत

**(जीवन में चहचहाहट बचाने की जरूरत है। सिर्फ सरकार के भरोसे हम गौरैया को नहीं बचा सकते। स्कूली पाठ्यक्रमों में हमें गौरैया और दूसरे पक्षियों को शामिल करना होगा। हमें प्रकृति और जीव-जंतुओं के सरोकार से लोगों को परिचित कराना होगा। आने वाली पीढ़ी तकनीकी ज्ञान अधिक हासिल करना चाहती है, लेकिन पशु-पक्षियों से वह जुड़ना नहीं चाहती है। इसलिए हमें पक्षियों के बारे में जानकारी दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। गौरैया नहीं रही तो हम भी नहीं रह जायेंगे। गौरैया को फसलों का संरक्षक कहा जाता है गेहूं आदि फसलों में लगने वाले कीड़ों को गौरैया के झुंड पहुंचकर चट कर जाते हैं इससे किसानों की फसल कीटों के नुकसान से बच जाती थी। पक्षी विज्ञानी डॉ सालिम अली ने अपनी पुस्तक 'इंडियन वर्ड्स' में गौरैया का वर्णन भस्मक मशीन के रूप में किया है जो फसलों के कीड़ो को नष्ट कर देती है ।)**

## गौरैया नहीं रही तो हम भी नहीं बचेंगे

**प्रभुनाथ शुक्ल**



हमारी सोच अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम हम प्रकृति और जीव जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की टैरिश पर पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृतिम घोंसला लगाने लगे। गौरैया धीरे हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरैया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु -पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी खासी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता। गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है।
गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे,लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है।
राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना पानी और घोंसले की व्यवस्था की है।जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जिसकी वजह पशु- पक्षियों के लिए खतरा बन गया है। इंसानों के अधिक दखल से जंगल का पर्यावरण मस्त हो रहा है और पशु पक्षियों के लिए प्रकृति के अनुकूल वातावरण नहीं मिल पा रहा है। जंगल में बढ़ती ऐसी संस्कृत के खिलाफ विराम लगाने की आवश्यकता है।
प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च को चुलबुली गौरैया के लिए रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास अधिक रहना पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पायी जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है।
भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी आफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिक दो मील की दूरी तय करती है। गौरैया को अंग्रेजी में पासर डोमेस्टिक्स के नाम से बुलाते हैं। मानव जहां-जहां गया, गौरैया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गयी।
दुनिया के शहरी हिस्सों में इसकी छह प्रजातियां पायी जाती हैं, जिसमें हाउस स्पैरो, स्पेनिश, सिंड स्पैरो, रसेट, डेड और टी स्पैरो शामिल हैं। यह यूरोप, एशिया के साथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के अधिकतर हिस्सों में मिलती है। गौरैया घास के बीजों को अपने भोजन के रूप में अधिक पसंद करती है। इस पक्षी को बचाने के लिए वन और पर्यावरण मंत्रालय की ओर से कोई खास पहल नहीं दिखती। दुनिया भर के पर्यावरणविद् इसकी घटती आबादी पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। बढ़ती आबादी के कारण जंगलों का सफाया हो रहा है। ग्रामीण इलाकों में पेड़ काटे जा रहे हैं। ग्रामीण और शहरी इलाकों में बाग-बगीचे खत्म हो रहे हैं। इसका सीधा असर इन पर दिख रहा है।
गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था। कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे,लेकिन आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती। यह पक्षी अधिक तापमान में नहीं रह सकता। गगनचुम्बी इमारतें और संचार क्रांति इनके लिए अभिशाप बन गयी। शहर से लेकर गांवों तक मोबाइल टावर एवं उससे निकलते रेडिएशन से इनकी जिंदगी संकट में है।
देश की खेती-किसानी में रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग बेजुबान पक्षियों और गौरैया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। केमिकल युक्त रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से कीड़े-मकोड़े भी विलुप्त हो चले हैं। जिनमें गिद्ध, कौवा, महोख, कठफोड़वा, कौवा और गौरैया शामिल हैं।इनके भोजन का भी संकट खड़ा हो गया है। दूसरा बड़ा कारण मकर संक्रांति पर पतंग उत्सवों के दौरान काफी संख्या में हमारे पक्षियों की मौत हो जाती है। हवाई मार्गों की जद में आने से भी इनकी मौत हो जाती है। हिंसक पक्षी जैसे बाज इत्यादि हमला कर उन्हें मौत की नींद सुला देते हैं। गौरैया, गिद्ध के बाद सबसे संकटग्रस्त पक्षी है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर नासिक से हैं और वह बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने यह मुहिम 2008 से शुरू की थी। आज यह दुनिया के 50 से अधिक मुल्कों तक पहुंच गयी है। दिलावर के विचार में गौरैया संरक्षण के लिए लकड़ी के बुरादे से छोटे-छोटे घर बनाए जाएं और उसमें खाने की भी सुविधा भी उपलब्ध हो। घोंसले सुरक्षित स्थान पर हों, जिससे गौरैयों के अंडों और चूजों को हिंसक पक्षी और जानवर शिकार न बना सकें। सिर्फ सरकार के भरोसे हम गौरैया को नहीं बचा सकते। स्कूली पाठ्यक्रमों में हमें गौरैया और दूसरे पक्षियों को शामिल करना होगा। हमें प्रकृति और जीव-जंतुओं के सरोकार से लोगों को परिचित कराना होगा। आने वाली पीढ़ी तकनीकी ज्ञान अधिक हासिल करना चाहती है, लेकिन पशु-पक्षियों से वह जुड़ना नहीं चाहती है। इसलिए हमें पक्षियों के बारे में जानकारी दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। गौरैया नहीं रही तो हम भी नहीं रह जायेंगे।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क: 8924005444)**

## घटती जा रही है संख्या गौरेया की

**गौरैया दिवस**

**ओम प्रकाश सुमन**



लघु आकार की सामाजिक पक्षी गौरैया की घट रही संख्या से पक्षी प्रेमी बहुत ही चिंतित है तथा पर्यावरण का प्रभाव भी दर्शित होता है।आबादी के निकट रहने वाली गौरैया जो पहले घर में खेत खलिहान बाजार में झुंडो सहित फुदकती हुई तथा चीं -चीं की आवाज करती हुई दिखाई देती थी। पर आज गौरैया हमारे बीच से गायब हो गई है। ब्रिटेन की संस्था 'रॉयल सोसायटी आफ प्रोटक्शन आफ बर्ड्स' के द्वारा गौरैया को रेड लिस्ट संकटग्रस्त सूची में डाल दिया है। गौरैया के संरक्षण की अधिक आवश्यकता महसूस करते हुए संस्था 'नेचर फॉरएवर सोसायटी' 20 मार्च 2010 से गौरैया बचाओ अर्थात इसके संरक्षण की शुरूआत की तथा लोगों को जागरूक करने तथा उसे बचाने के लिए प्रयास कर रही है ।हमें गौरैया को बचाने के लिए क्या करना है आदि की जानकारी से पूर्व गौरैया के बारे में चर्चा करते हैं। गौरैया का वैज्ञानिक नाम पासर डोमेस्टिक है गौरैया एक छोटा पक्षी है जिसका जीवन काल 3-5 वर्ष तक होता है इसकी लंबाई 14 सेंटीमीटर से 18 सेंटीमीटर आंकी गई है। इसका वजन 30 - 40 ग्राम होता है। रंग हल्का भूरा और इसके पैर हल्के पीले होते हैं तथा पंख छोटे-छोटे होते हैं। गौरैया प्रायः झुन्ड में रहती है इसीलिए उसे सामाजिक पक्षी कहा गया है। भोजन में यह सर्वहारी पक्षी है इसका प्रमुख भोजन कीट ,पतंगे बीज, दाने ,फल ,सब्जी आदि हैं। गौरैया को घास के बीज बहुत पसंद हैं जो ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध हो जाते हैं गौरैया को वहां रहना पसंद है ।वह पानी में नहाती है कभी कभी रेत या धूल में भी नहाती? हैं। प्राचीन काल में लोगों का कहना था कि जब गौरैया को रेत में नहाते देखते थे तब बारिश होने की संभावना होती थी। गौरैया पानी में तैर भी सकती है गौरैया चल नहीं पाती है इसीलिए फुदक-फुदक कर ही आगे बढ़ती है। गौरैया अपना घोंसला बबूल ,कनेर, नींबू अमरूद, चांदनी व अनार आदि के पेड़ों पर ही बनाती है क्योंकि यह बहुत अधिक ऊंचाई पर उड़ने वाला पक्षी नहीं है। पुराने समय में आंगन छतों पर या खुली जगहों पर चावल गेहूं आदि अनाज सूखने के लिए डाला जाता था तो गौरैया के झुंड उस पर टूट पढ़ते थे कभी-कभी इन्हें उड़ाना भी पढ़ता था। विश्व में इसकी कुल 43 प्रजातियां पाई जाती हैं पर शहरी इलाकों में इस समय 6 प्रजातियां हीं पाई जाती है इनमें हाउस स्पैरो ,स्पेनिस स्पैरो, रसेट स्पैरो,डेड सी स्पैरो ,वह ट्री स्पैरो हैं। इसका शिकार करने में बिल्ली, कुत्ते, सांप, बाज पक्षी आदि आते हैं।
गौरैया पक्षी को विभिन्न भाषाओं में अलग अलग नाम से जाना जाता है हिंदी में इसी गौरैया, गुजराती में चकली, मराठी भाषा में चिमानी, पंजाबी में चिड़ी ,जम्मू-कश्मीर में चेर, तमिलनाडु व केरल में कूरुवी , तेलुगु में पिच्चूको, कन्नड़ में गुब्बाची, पश्चिम बंगाल में चराई पाखी ,उड़ीसा में घर चटिया, उर्दू में चिड़िया तथा सिंधी में झिरकी कहा जाता है।
गौरैया को फसलों का संरक्षक कहा जाता है गेहूं आदि फसलों में लगने वाले कीड़ों को गौरैया के झुंड पहुंचकर चट कर जाते हैं इससे किसानों की फसल कीटों के नुकसान से बच जाती थी। पक्षी विज्ञानी डॉ सालिम अली ने अपनी पुस्तक 'इंडियन वर्ड्स' में गौरैया का वर्णन भस्मक मशीन के रूप में किया है जो फसलों के कीड़ो को नष्ट कर देती है । विश्व में इस तरह लुप्त हो रहे इस पक्षी को बचाने के लिए ही 20 मार्च को गौरैया दिवस मनाया जाता है जिससे पक्षी के संरक्षण व इसके महत्व बताकर लोगों को जागरूक किया जा सके। विश्व गौरैया दिवस की शुरूआत महाराष्ट्र से हुई पर्यावरणविद मोहम्मद ई दिलावर ने बताया कि वह बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के लिए काम कर रहे हैं सोसाइटी नहीं गौरैया को बचाने का काम कर रही हैं ।वर्तमान समय में गौरैया गिद्ध के बाद सबसे संकटग्रस्त पक्षी है ।गौरैया क्यों लुप्त हो रही है ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से लुप्त हो रहे गौरैया का संरक्षण भी मानव के लिए एक चुनौती है विगत वर्षों से शहरों में गौरैया एकदम कम हो गयी । आधुनिक समय में स्थापत्य कला की बहुमंजिला इमारतों ने गौरैया के आने-जाने के सारे रास्ते बंद कर दिए ।वहां पहुंचने की जगह नहीं मिल पाती है पुरानी बाजार मार्केट में इनको दाना पानी मिल जाता था पर अब उसकी उपलब्धता भी नहीं है ।मोबाइल टावर तरंगों , रेडिएशन भी गौरैया को हानि पहुंचाई है इससे इनके प्रजनन पर विपरीत प्रभाव पड़ा और संख्या कम होने लगी। एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार घरों में लगे सीलिंग फैन ने भी गौरैया को काफी नुकसान पहुंचाया है ।प्रदूषण वाहनों के प्रदूषण से भी इनकी संख्या कम हुई है बढ़ते तापमान को भी गौरैया सहन नहीं कर सकती है ।गौरैया को बचाने के लिए पशु -पक्षी प्रेमियों का कथन है कि हमें अपने घरों की छत पर एक बर्तन में पानी भरवा कर रखना चाहिए साथ ही कुछ अनाज के दाने भी डालें। कीटनाशक का प्रयोग ना करें, हमें हरियाली बढ़ानी चाहिए पार्क व घरों में पेड़ पौधे लगाने चाहिए इनमें अमरूद, अनार, चांदनी कनेर आदि को लगाने का प्रयास करना चाहिए। इनके घोंसले का संरक्षण करना चाहिए, बिल्ली, कुत्ते आदि की शिकार से भी बचाने का प्रयास करना चाहिए। भारत के दिल्ली और बिहार राज्य ने गौरैया को राजकीय पक्षी घोषित करके इसका महत्व बताया है। वर्तमान में गौरैया के संरक्षण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं पर गौरैया का संरक्षण भी एक चुनौती से कम नहीं है।

**( लेखक स्मृति महाविद्यालय भीरा लखीमपुर खीरी में प्रवक्ता रहे हैं)**

## न रहेगी परीक्षा न होंगे लीकेजेस

**डा. प्रदीप उपाध्याय**



'बहुत ही हैरानी की बात है कि आप लोग इतना ही कन्ट्रोल नहीं कर पा रहे हैं!आपने हमारी नाक कटवा कर रख दी है।'
'सर,हम तो हर स्तर पर कोशिश करते हैं कड़ी निगरानी भी करते हैं लेकिन उसके बाद भी पेपर लीक हो जाता है ।समझ में नहीं आता है कि पेपर लीक करने के गोरखधंधे में शामिल लोग कहां से सुराग लगा लेते हैं ।हम एक छेद पर पैबंद लगाते हैं तो वे दूसरा छेद खोल देते हैं।'
'इसका मतलब है कि हमने यहां नाकारा और नाकाबिल लोगों की बड़ी फौज बैठा रखी है। यदि पेपर लीक करने वाले व्यवस्था में सुराख करने की काबिलियत रखते हैं तो क्यों नहीं हम उन्हीं को परीक्षाएं करवाने का ठेका दे दें।'
'नहीं सर,ऐसी बात नहीं है। हमारे ऑफिसर बहुत काबिल हैं। स्टॉफ भी भरोसेमंद है लेकिन शायद उनके वेतन भत्ते कम हैं, लगता है इसी कारण या तो मजबूरी वश फिसल जाते हैं या फिर ऊपरी दबाव में लीकेज में सहभागी हो जाते हैं।'
'क्या मतलब है आपका! क्या हम ही पेपर लीक करने का दबाव डालते हैं।आपको यह कहते हुए शर्म नहीं आई।'
'सॉरी सर,आपने तो हमारे ऊपर कभी दबाव नहीं डाला।जब भी अपने भाई - भतीजों, नातेदारों-रिश्तेदारों की बात आई,तब प्रेम पूर्वक ही पेपर लीक करवाए। आपके सम्मुख पार्टी फंड की मजबूरी भी आई,तब भी अपने सारे कार्य प्रेमपूर्ण ढ़ंग से करवाए।वह तो आपकी प्रेमपूर्ण भाषा को मिस्टर असाटी नहीं समझ पाए और उन्हें चिकनदार विभाग से घासफूस भरे विभाग में जाने की सजा भुगतना पड़ी ।वे आज भी इस बात को लेकर पछताते हैं और इधर-उधर से वापस चिकनदार विभाग के लिए तिकड़म भिड़ा रहे हैं।'
'चलो छोड़ो इस बात को,पहले तो यह बताओ कि इन लीकेजेस से कैसे छुटकारा पाया जाए।'
'सर एक काम करते हैं कि पेपर सेटर से जो पेपर सेट करवाएं, परीक्षा में वह पेपर ही नहीं दिया जाए।इसकी जगह हम पांच साल पुराना पेपर रिपीट कर देंगे,किसी को खबर भी नहीं हो पाएगी।'
'इससे क्या होगा!'
'पेपर सेटर पेपर लीक नहीं कर पाएगा।'
'क्या पेपर लीक पेपर सेटर ही करता है।और भी तो जगह से पेपर लीक हो जाता है।आपको मालूम है या नहीं। पेपर प्रिंटिंग प्रेस से भी लीक हो रहे हैं। बल्कि यहां तक की कड़ी सुरक्षा में रखे गए पेपर स्ट्रांग रूम से भी लीक हो रहे हैं।और इसके बाद रही-सही कसर नकल माफिया पूरी कर देता है'
'हां सर,यह तो है।हम कहां-कहां नजर रखेंगे और कहां-कहां की निगरानी करेंगे। अभी तो मुझे एक ब्रिलिएंट आइडिया दिमाग में आया है।न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी।आपने देखा होगा कि आजकल कंपनियां दो पहिया और चार पहिया वाहनों में बार-बार के पंचर की समस्या से छुटकारा पाने के लिए ट्यूबलैस टायर लगाने लगी है। ठीक इसी तरह क्यों नहीं हम भी बगैर पेपर की परीक्षा शुरू कर दें। पेपर लीक भी नहीं होगा और कोई नकल भी नहीं कर पाएगा।'
'वाकई आप जैसे नौकरशाहों की बदौलत ही हम इतनी प्रगति कर यहां तक आ पहुंचे हैं। हमें लगता है कि हमें नौकरी के लिए सारे पद ही समाप्त कर देना चाहिए। जिससे कोई परीक्षा की जरूरत ही नहीं पड़े।'
'नहीं सर,यह तो ठीक नहीं होगा। बेरोजगारी की समस्या बेतहाशा बढ़ जाएगी। इससे अच्छा तो यह होगा कि सरकारी पदों को कुछ वर्षों के ठेके पर उठा दिया जाए जिससे सरकारी खजाना भी भरता रहेगा और लोगों को रोजगार भी मिलता रहेगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष जनरल प्रमोशन दे दिया जाए तो परीक्षा का झंझट ही खत्म हो जाए।कैसा है आइडिया सर।'
'वाह,कमाल का आइडिया है। इसीलिए तो आपको सेवानिवृत्ति के बाद दो साल का एक्सटेंशन दिया गया है।'

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425030009)**

## अरे वो गिर गया !

**व्यंग्य**

**प्रभात गोस्वामी**



'अरे वो गिर गया , गिर गया बेचारा !' पड़ोस वाले घर से तेज आवाज सुनकर वह बाहर निकला .
बड़े आश्चर्य के साथ पूछा ,' कौन गिर गया ? क्या फिर से शेयर गिरा है ?' एकबार क्या गिरा, देश में हंगामा खड़ा कर दिया मुए ने !'
पड़ोसी बोले,' अरे नहीं भाई, शेयर तो गिर कर उठ जाता है . वो छन्नू बाबू गिर गया, उठ नहीं पा रहा है ,'
' कितना गिरा ?'
' कितना गिरा, मतलब ? ये भी कोई सवाल हुआ , क्या गिरने का भी कोई मापदंड होता है ?'
' जी बिलकुल होता है . अरे भाई , गिरने के कई प्रकार हैं . कोई गलती से गिरता है और तुरंत संभल जाता है . कोई इतना गिरता है कि उठने का कोई चांस ही नहीं होता . कोई गिरता ही इसलिए है कि फिर कभी भी न उठे . कोई गोदी में गिरकर अपना लालन-पालन सुरक्षित कर लेता है . कोई चलते-चलते चरणों में गिरता है और उन्हीं को खींचकर उठता है . कोई गोबर की तरह से गिरता है, कुछ लेकर ही उठता है !
'अमां यार, गिरा तो तगड़ा ही था ,उठना चाहा पर उठ नहीं पा रहा है .'
' वैसे आजकल एक बार गिर जाए तो लोग उठने की कोशिश भी नहीं करते . कई बार गिरने के बाद उठने की इच्छा भी नहीं होती ! गिरने में मजा आता है . कई बार गिरने पर लोग भी उठने नहीं देते.'
' तुम्हें कैसे समझाऊं ? वो सीढ़ियों से उतर रहा था कि अचानक पैर फिसल गया .'
' यह भी हो रहा है . पहले लोग पहले सीढ़ियां उपलब्ध करवाते हैं . जहाँ पैर फिसलते देर भी नहीं लगती . जमाना बहुत खराब है. आजकल लोग गिरने में ही उठने के अवसर तलाश रहे हैं !'
' क्या बकवास कर रहे हो , वो ऊपर से नीचे की ओर गिरा है .'
' गिरने का आलम यही है . जितना ऊपर जाते हैं, उतना ही नीचे गिरते हैं .'
' भैया , क्या बोले जा रहे हो ? उसे गिरने पर भयंकर दर्द हो रहा है .'
' सफेद झूठ. आजकल गिरने वाले को नहीं, सामने वाले को ज्यादा दर्द होता है . गिरा हुआ इंसान किसी भी हद तक और गिर सकता है . इस तरह से गिरना, जनता के लिए ज्यादा घातक होता है.'
' अरे यार ,तुझे कैसे समझाऊं ?'
' मैं सब समझ रहा हूँ . आजकल उठने के लिए गिरना जरूरी होता है . गिरने वाला ही ऊपर उठता है .'
' मां कसम , मैं अपने छोटे भाई छन्नू बाबू की बात कर रहा हूँ . वो ऑफिस जाने की जल्दी में छत से नीचे उतरते हुए, पैर फिसलने से गिर कर आंगन में आ गिरा .'
' ओह ! गिरने का स्थान यही मिला उसे ? ऑफिस में गिरता तो कुछ लेकर ही उठता .' उसने ज्ञान दिया .
तभी घर के आँगन में चारोंखाने चित्त छन्नू बाबू कराहते हुए जोर से बोला ,' अरे, वहां तो इंच-इंच में लोग गिरे हुए हैं . थोड़ी- सी जगह तो मिले गिरने के लिए !! अब मुझे उठाओ भी . कहीं मेरा उठावना न हो जाए !

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

**सफेद झूठ. आजकल गिरने वाले को नहीं, सामने वाले को ज्यादा दर्द होता है . गिरा हुआ इंसान किसी भी हद तक और गिर सकता है . इस तरह से गिरना, जनता के लिए ज्यादा घातक होता है**

# आश्वासन के बाद विद्युत कर्मियों की हड़ताल खत्म

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** तीन दिनों से चल रही बिजली कर्मचारियों की हड़ताल ऊर्जा मंत्री एके शर्मा व संघर्ष समिति के साथ हुई वार्ता में मिले आश्वासन के बाद एक दिन पूर्व खत्म हो गयी।

संरक्षक प्रभु नारायण प्रेमी ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व से वार्ता होने के बाद हड़ताल वापस ले ली गई है। बैठक में हमारे नेता शैलेंद्र दुबे ने इसकी घोषणा की। वार्ता के दौरान सभी 14 सूत्रीय मांगो पर सहमति बन गई। अब तक कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई में चाहे एफआईआर हो, निलंबन हो या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई की गई हो, इसे शीघ्र ही वापस लिया जाएगा। संघर्ष के अन्य मुद्दों पर विचार करने के लिए आने वाले समय में वार्ता के माध्यम से हल किया जायेगा। हम इस हड़ताल में शामिल सभी पदाधिकारियों, संगठनों व कर्मियों का आभार व्यक्त करते है। इस दौरान एडीएम और एसपी सिटी को लायन आर्डर बनाए रखने के लिए उनका भी आभार जताया। जनपद वासियों को जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति के लिए कर्मियों को निर्देशित कर दिया गया है। इस दौरान राज नारायण सिंह, सैयद मुन्नवर अली, लालचंद यादव, ई शत्रुधन यादव, निखिल शेखर सिंह जनार्दन सिंह राम अवध यादव अवध राज यादव वीरेंद्र यादव नीरज त्रिपाठी राम विजय यादव अनुराग अजीत श्रीवास्तव वीरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में विद्युत कर्मी उपस्थित रहे।



हड़ताल समाप्ति की जानकारी देते प्रभु नारायण पांडेय व अन्य।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने घेरा विद्युत उपकेंद्र

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** विद्युत आपूर्ति बाधित होने से क्षेत्र वासियों के सब्र का बांध टूट गया। भारी सख्या में विद्युत उपकेंद्र पहुंच गये। सूचना पर भारी संख्या में पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला।

16 मार्च से प्रदेश व्यापी विद्युत कर्मियों की 72 घण्टे हड़ताल की घोषणा के बाद से फूलपुर विद्युत केन्द्र अंतर्गत गावों और कस्बे में विद्युत आपूर्ति बंद हो गयी थी। जिसके कारण हर तरफ हाहाकार मचा हुवा था। रविवार को सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी विद्युत उपकेंद्र पहुंच गये। सूचना पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ सब इस्पेक्टर अशोक पहुंचकर ग्रामीणों को हटाया। नगर ग्रामीण अंचल के नगर वासी ग्रामीण थाना पहुचकर अधिकारियों से मकैनिक से सही कराने की मांग की और हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

थाना प्रभारी अनिल सिह व उपजिलाधिकारी बिद्युत ब्यवस्था सही कराने में लगे रहे। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया फाल्ट पकड़ लिया गया है जल्द आपूर्ति बहाल कराया जाएगा। **निजामाबाद**

### पानी के लिए मचा हाहाकार

**प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय तहसील क्षेत्र के तहबरपुर निजामाबाद दत्तात्रेय मुहम्मदपुर सरायमीर फरीदाबाद आदि सबस्टेशन पर चार दिन से विजली सप्लाई बंद होने से पूरा क्षेत्र अंधेरे में रहने को विवश है। मोमबत्तियां जो दस मिलती थी वह पचास रुपये में दुकानदार बेच रहे हैं। वह भी ग्रामीण क्षेत्रों में नही मिल पा रही है। ज्यादातार लोगों के मोबाइल बन्द हो गये और अधिकतर घरों में पानी नही है। नगर पालिका निजामाबाद में ईओ प्रहलाद पांडेय ने बताया कि चार दिन से लगातार जनरेटर चलाकर पानी सप्लाई दी जा रही है।



**रानी की सराय प्रतिनिधि** के अनुसार ऊजीगोदाम उपकेंद्र से संचालित क्षेत्र के दर्जन भर गावो मे हडताल की रात्रि से ही आपूर्ति प्रभावित है।

### जेनरेटर कनेक्शन की रही होड़

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बे में विद्युत आपूर्ति तीन दिनो से ठप होने से जनरेटर ही सहारा बना है। कस्बे में शनिवार की रात जनरेटर कनेक्शन लेने वालों की होड़ मच गयी। जनरेटर कनेक्शन के सहारे इन्वर्टर चार्ज और पानी भरने मोबाइल चार्ज करने के लिए लोग बेहाल दिखे। एक जनरेटर के सहारे आधा दर्जन घरों में कनेक्शन रहे।

शनिवार को देर शाम तक आपूर्ति न होने पर ग्रामीणों ने आपा खो दिया और बाजार में सडक पर उतर आये। जाम के चलते आजमगढ़ मेहनगर मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया।

सूचना पा कर पुलिस भी पहुंची और समझा बुझाकर कर जाम खुलाने के प्रयास में लगी रही। किसी जिम्मेदार के न पहुंचने और पुलिस द्वारा वीडीओग्राफी कराये जाने पर मायूस नागरिक जाम समाप्त कर दिये। क्षेत्र की आपूर्ति हड़ताल के दिन से ही बाधित है। रानीकीसराय कस्बा समेत आस पास के गावो मे भी आपूर्ति पूरी तरह ठप है।

## संक्षेप

### भैसहां गांव लिंक मार्ग क्षतिग्रस्त



**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे गड्ढा मुक्त अभियान पर भैसहाँ गांव की जर्जर सड़क पानी फेर रही है। महाराजगंज विकास खंड के भैंसहां गांव का लिंक मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे गांव तथा क्षेत्र के लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस्माइलपुर गोरिया बाजार से सरदहा बाजार जाने वाले मार्ग से एक लिंक मार्ग जो भैसहां गांव में जाता है जिसकी दूरी लगभग एक किलोमीटर है। इसका निर्माण जिला पंचायत द्वारा लगभग 8 वर्ष पहले किया गया। जो इस समय पूरी तरह से टूट कर जर्जर हो गया है जिससे रास्ते से आने जाने वाले स्कूली छात्रों, गांव के सब्जी व्यापारियों और स्कूल के वाहनों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। लोगो को आये दिन गिरकर चोटिल होना पड़ता है। इस सड़क के संबंध में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य फौजदार यादव का कहना है कि जल्द ही इस सड़क का प्रस्ताव जिला पंचायत में भेजकर सड़क की मरम्मत का कार्य पूरा किया जायेगा।

### कार्यशाला में माइक्रो क्रेडिट के प्रति किया जागरूक



**महराजगंज (आजमगढ़)।** कैशपांर माइक्रो क्रेडिट संस्था द्वारा कप्तानगंज बाजार स्थित एक मैरेज हाल में संस्था से संबंधित सदस्याओं को वित्तीय जागरूकता तथा उनके हितो को ध्यान में रखते हुए आरबीआई द्वारा जारी नये दिशानिर्देश के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संस्था हमेशा से ही गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले सदस्यों को वितीय सहायता के साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधाएं भी प्रदान करती है जिससे सदस्यों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ साथ अपने परिवार की बीमारी और बच्चे की शिक्षा का ध्यान दे सके और अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा सकें। मुख्य अथिति के रूप में सुनील कुशवाहा जेईएमआई ब्लॉक महराजगंज ने हिस्सा लिया। थाना प्रभारी कप्तानगंज ने सदस्यों को माइक्रो क्रेडिट के प्रति जागरूक किया। उमेश गौतम ने कार्यशाला 200 से अधिक सदस्यों को संस्था के नये नियमों की जानकारी दी। इस अवसर पर अमन, जीनत, अंशु, रंजना, पवन, गिरिजेश, अलीमुन आदि मौजूद रहे।

### चौकी प्रभारी सिंहपुर को दी गयी भावभीनी विदाई



**मेहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना अंतर्गत सिंहपुर पुलिस चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी सुभाष तिवारी को रविवार को मूसेपुर चौकी प्रभारी के रूप में स्थानांतरित होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। संभ्रांत व्यक्तियों के साथ क्षेत्राधिकारी लालगंज मनोज रघुवंशी थाना प्रभारी मेहनगर विनय कुमार सिंह थाना प्रभारी तरवा बसंतलाल उपस्थित रहे। धनीपुर ग्राम निवासी अजय सिंह ने कहा कि सुभाष तिवारी एक कर्मठ कर्तव्यनिष्ठ और इमानदार चैकी प्रभारी थे जिन्होंने जन सहयोग के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं का बखूबी समाधान करते हुए लोगों को अपने से जुड़े रखा। अश्रुपूरित नैनों से चैकी प्रभारी सुभाष तिवारी को विदा किया। क्षेत्राधिकारी लालगंज मनोज रघुवंशी ने कहा कि पुलिस सदैव अपने कर्तव्य दायित्व और सहयोग के लिए जानी जाती है। श्री तिवारी ने बेहद ही ईमानदारी और कर्तव्य परायणता से लोगों को सुना है और उनकी समस्याओं को सुलझाया है। ऐसे लोग सदैव से प्रशंसा के पात्र रहे हैं। इस मौके पर अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनिल सिंह, राज किशोर सिंह, पंकज सिंह, बबलू जायसवाल, विवेक दुबे, अंकित सिंह, रामजीत यादव, सोनू मौर्य आदि उपस्थित रहे।


### कांग्रेस के पूर्वांचल जोन अध्यक्ष का आगमन आज

**आजमगढ़।** कांगेस विधायक व पूर्वांचल जोन अध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी का आगमन सोमवार को होगा। इस दौरान वह पार्टी कार्यकताओं से मिलकर पार्टी की रणनीति पर चर्चा करेंगें। विधायक वीरेन्द्र चौधरी शहर के हीरापट्टी स्थित आरडी गार्डेन में दोपहर पहुचेगें। उक्त जानकारी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह ने दी।

### होली मिलन समारोह सम्पन्न

**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय बाजारवासियों द्वारा नये चैक के पास रविवार को व्यापार मण्डल के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने एक दूसरे के ऊपर अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे व्यापार मण्डल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम लोगो को अपने अन्दर की अच्छी भावना और प्रेम का भाव जागृत करता है। लोग छोटे बड़े का भेद भुलाकर आपस में मिलकर अबीर गुलाल लगाते हैं। इस अवसर पर दुर्गा गुप्ता, विनय मद्धेशिया, रामकुमार सिंह, आफाक मन्जर, रामबुझ गुप्ता, डॉ.सुनील चैहान, दिनेश जायसवाल, बजरंग गुप्ता, अजय सरोज आदि लोग उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** पंडित विश्वनाथ खादी ग्रामोधोग विकास संस्थान रतुआपार गोविन्दपुर के आयोजन में लोक शिक्षण कार्यक्रम में 17 से 18 मार्च तक दो दिवसीय कार्यक्रम रामनाथ धन्नजय स्मारक महिला पीजी कालेज सिकंदरपुर अतरौलिया के प्रांगण में निबन्ध, वाद विवाद प्रतियोगिता एंव कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुकेश कुमार निगम सहायक निदेशक खादी ग्रामोद्योग आयोग और एसएमई मंत्रालय भारत सरकार एवं मुख्य वक्ता संजीव राणा सहायक निदेशक मंडलीय कार्यालय गोरखपुर उपस्थित रहे। सभी प्रतियोगिता में तीन मेधावी छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया। डिवेट में भी छात्राओं ने भाग लिया जिन्हे संस्था सचिव जय कृष्ण पाण्डेय द्वारा उनके उत्साह वर्धन हेतु पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्था सचिव ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर खादी अंगबस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में खादी उत्पादन केन्द्र प्रभारी विशाल पाण्डेय खादी भवन अतरौलिया के मैनेजर विकास पाण्डेय मनोज साहनी कार्यक्रम के स्पीकर डॉ.अर्चना तिवारी कमलेश यादव एवं देवी प्रसाद मिश्र को मेमेन्टो एंव अगवस्त्रम भेंट किया गया। प्रो. सुरेंद्र देव त्रिपाठी ने गांधी बिचारो को तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग के तत्वावधान में ग्रामीण बेरोजगारों महिलाओं एवं पुरुषों को रोजगार सृजन हेतु बहु आयामी मंच बताया। इस अवसर पर प्रो.रबींद्र पाठक, हरीराम गौड़, प्रर्मिला तिवारी, किरन मिश्रा, बिधा विश्वकर्मा, रेखा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहीं।

## गोविंद और वीरेन्द्र नाथ निर्विरोध निर्वाचित

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** विकास खंड रानी की सराय के क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड निजामाबाद एवं क्षेत्रीय सहकारी संघ के सभापति एवं विभिन्न पदों का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड के सभापति पद पर गोविंद यादव को निर्विरोध निर्वाचित किया गया तथा उपसभापति पर विजय कुमार यादव उर्फ गुड्डू तथा इफको से वीरेन्द्र नाथ मिश्र क्षेत्रीय सहकारी संघ के प्रतिनिधि निर्वाचित किया गया।



नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

इसी प्रकार सभापति पद पर राम अवध सोनकर तथा उपसभापति पद पर वीरेंद्र सिंह निर्वाचित किए गए। सहकारी समिति, सहकारी संघ से विभिन्न जगहों पर प्रतिनिधि के रूप में विभिन्न पदों पर प्रतिनिधियों को भेजा गया। डायरेक्टर पद पर सभी लोग निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसमें निर्वाचन क्षेत्र एक से अशोक यादव, निर्वाचन क्षेत्र तेकमालपुर से मुन्नी देवी विकास क्षेत्र नदौली प्यारेपट्टी से उर्मिला देवी विकास क्षेत्र निजामाबाद टाउन से ओमप्रकाश निर्वाचन क्षेत्र बड़ा गांव हुशामपुर से बालगोबिन्द निर्वाचन क्षेत्र मोहमदल्ला से बृजेश सिंह निर्वाचन क्षेत्र रानीपुर अली से गुलाब सिंह, निर्वाचन क्षेत्र सरायपोही से विजय कुमार निर्वाचन क्षेत्र सुराई रसूलपुर से राजेश निर्विरोध निर्वाचित हुए।

**अतरौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार क्षेत्रीय सहकारी समिति अतरौलिया द्वारा माया सिंह पत्नी रमेश सिंह रामू अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुनी गई। तेजापुर समिति से गिरजा सिंह, पकरडीहा समिति से उमाकांत मिश्रा, बढ़या से अरुण सिंह चुने गए। अतरौलिया समिति से उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती कृष्णा सिंह, डायरेक्टर ओमकार सिंह, तालुकदार सिंह, वकील, विनोद पांडे चुने गए। मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे, रामचंद्र जायसवाल, आनंद तिवारी, संतराम निषाद, सुभाष सिंह, रमेश सिंह रामू आदि ने माया सिंह पत्नी रमेश सिंह रामू के आवास पर उन्हें बधाई दिया। **लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार देवगांव साधन सहकारी समिति पर सभापति चुनाव में बघरवां उर्फ मोलनापुर के चंद्रिका चैहान को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। उपसभापति सुभाष यादव निवासी मोहद्दीपुर कस्बा देवगांव, अन्य सदस्यों में सैयद मलिकपुर मलिक नंदा से मुन्नी लाल यादव, तरफकाजी से दुर्गावती यादव, अगेहता से नंदू यादव, मिजार्पुर बगही से राजेंद्र राम, रेवसा से कल्पनाथ यादव, गड़ौली से ऊषा सिंह तथा तिरौली से सुमित्रा देवी सदस्य निर्वाचित हुए। **पटवध प्रतिनिधि** के अनुसार बिलरियागंज विकासखंड अंतर्गत साधन सहकारी समिति पटवध कौतुक पर अध्यक्ष सरपंच पद का आज चुनाव किया गया। निर्वाचन अधिकारी के रूप में राहुल यादव ग्राम विकास अधिकारी नामित किए गए थे। इनकी देखरेख में अध्यक्ष सरपंच के पद पर मनोज कुमार राय पुत्र महातम राय ग्राम मानपुर पोस्ट पटवध कौतुक का चुनाव किया गया। सदस्य पद के लिए अशोक राय (मान) पटवध सुधाकर, राजेंद्र राय फुलवारी, राजेंद्र राय शादी पट्टी, प्रियंका पत्नी अनिल खालिसपुर, बिंदु पत्नी राम अजोर जल्दी पट्टी, गोपाल पुत्र ढोडई बगवार, चंदेव पुत्र तीजू शेखूपुर, दीपक पुत्र गांधी राम मोहद्दीपुर का सहर्ष ग्रामीणों द्वारा निर्विरोध चुनाव करके माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उमेश राय, सुरेंद्र राय, आशीष राय, सुरेंद्र राय उर्फ महंत राय,अनिल, दुखी मौर्य, सूरज प्रकाश राय, अशोक राय, राजेश राय, राजेंद्र पाठक, बबलू राय आदि उपस्थित रहे।

## अटूट लंगर के साथ समाप्त हुआ सालाना गुरुमत

जनसंदेश न्यूज

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा चरण पादुका साहिब में चल रहे तीन दिवसीय सालाना गुरुमत समागम रविवार को देर शाम समाप्त हो गया। सुबह 9 बजे दरबार साहिब एवं तमसा तट के गुरुनानक घाट गुरुद्वारा साहिब में श्री अखण्ड पाठ साहिब की समाप्ति हुई। कड़ा प्रसाद वितरित करने के बाद संगतों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने गुरुग्रंथ साहिब को लेकर भजन कीर्तन करते हुए दीवान हाल में स्थित फूलों से सजी पालकी में रखा। दीवान हाल में सन्तों ने प्रवचन और रागी जत्थों ने भजन गाकर लोगों का मन मोह लिया। लंगर हाल में दिनभर अटूट लंगर चलता रहा। जहां सभी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर लंगर छका। गुरु का ताल आगरा के बाबा राजेन्द्र सिंह इंदौरिया ने अतिथियों, सिख संगतों के प्रधान एवं समाज मे उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जत्थेदार बाबा सतनाम सिंह, अधिशाषी अधिकारी प्रहलाद पांडेय, जगदीश सिंह बाबा केवल सिंह, हरिजीत सिंह, गतका मास्टर गुरुनाम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



गुरुद्वारे में भजन कीर्तन करते रागी।

अंत मे गुरुद्वारे के जत्थेदार बाबा सतनाम सिंह ने आये हुए आगुन्तकों के आभार प्रकट किया।

## छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया अंकपत्र

**आजमगढ़।** वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल में आठवें कॉन्वोकेशन सेरेमनी में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। ततपश्चात कक्षा नर्सरी से 11वीं तक के बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।

नर्सरी में आदर्श, आलोक, अनन्या, नर्सरी बी में सान्वी सिंह, ऋषभ इसके साथ ही क्रमशः आरव गौतम, प्राची, उसैद, सुहानी, आभास प्रजापति, अनुष्का, अलिशबा, अफरा, रेहान, दिशा ब्रिज, मानवी, अनन्या गुप्ता, रुद्रप्रताप सिंह, कशिश वर्मा, अनन्त सिंह, वैष्णवी सिंह, एंजेल गौतम, सोनू चैहान, गंगा सिंह, सृष्टि शर्मा, अमन, आंशिका सिंह, अनुष्का धवल, मुस्कान यादव, ऋषभ यादव, शिवेन्द्र सिंह, अंशिका यादव और खुशी श्रीवास्तव ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसके बाद विभिन्न क्षेत्रों जैसे बेस्ट राइटिंग, बेस्ट यूनिफॉर्म, बेस्ट स्पीकर, बेस्ट सिंगर, बेस्ट डिसिप्लिन, बेस्ट डाइट, बेस्ट डांसर, शत प्रतिशत उपस्थिति, बेस्ट स्टूडेंट्स ऑफ ईयर, स्किल्ड पैरेंट्स के साथ ही मिस और मिस्टर वेदान्ता के पुरस्कार से नवाजा गया। प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने अभिभावकों के सहयोग और विश्वास के लिये उनका धन्यवाद दिया।



अंकपत्र के साथ विद्यालय के बच्चे।

एकेडेमिक डायरेक्टर आरएस शर्मा ने विद्यालय के उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत कराया। कार्यक्रम में एजाज अहमद को बेस्ट टीचर व फहीम अहमद को जेम्स ऑफ वेदान्ता से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील तिवारी व नेहा सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## नहीं पहुंचे चुनाव अधिकारी लोगों में आक्रोश

**मेहनगर (आजमगढ़)।** साधन सहकारी समिति पर तैनात निर्वाचन अधिकारी नहीं पहुंचे जिससे सभापति, उपसभापति सहित अन्य प्रतिनिधियों का निर्वाचन, निर्वाचित संचालक मंडल के निर्वाचित निर्विरोध सदस्यों में भारी आक्रोश रहा। उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली 2014 के नियम संख्या-8 एवं 30 प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट, जिला सहकारी निर्वाचन अधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा सभापति उपसभापति एवं अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन कराने के लिए साधन सहकारी समिति मेहनगर पर निर्वाचन अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी विशाल चंद्रा को नियुक्त किया गया था। निर्वाचित सदस्य निर्वाचन अधिकारी का इंतजार करते रहे लेकिन वे नही पहुंचे जिससे चुनाव नहीं हो सका। लोगो में काफी आक्रोश व्याप्त हैं। इस बाबत जिलाधिकारी, जिला सहकारी निर्वाचन अधिकारी, एसडीएम, जोनल मजिस्ट्रेट, खंड विकास अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, अपर जिला सहकारी अधिकारी को दूरभाष पर सूचना दी गई। इस बाबत खंड विकास अधिकारी विकास शुक्ला ने कहा कि संबंधित निर्वाचन अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाही होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन सात फिल्मों का हुआ प्रदर्शन

**आयोजन**

### विदेशी कलाकारों ने फिल्म फेस्टिवल को सराहा

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** शहर के सिधारी स्थित शारदा टॉकीज में चल रहे अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का दूसरा दिन विदेशी कलाकारों के आकर्षण का केंद्र रहा। दूसरे दिन सात फिल्मों का प्रदर्शन हुआ।

एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर फिल्म में सोनिया गांधी की भूमिका निभाकर चर्चित हुई जर्मन कलाकार सुजैन बर्नरट ने संवाद कार्यक्रम में कहा कि सोनिया गांधी की भूमिका चुनौती भरी थी। उनके संवाद हिंदी और अंग्रेजी में उनके अनुसार बोलने के लिए निरंतर अभ्यास किया जिसे लोगों ने काफी सराहा। उन्होंने कहा कि जर्मनी में रहने के बावजूद उन्हें भारतीय फिल्मों से काफी प्रेम रहा, इसीलिए उन्होंने हिंदी सीखी। मराठी फिल्मों में काम करने के लिए मराठी लोक नृत्य लावडी भी सीखा। फ्रेंच अभिनेत्री मारियान बोर्गो ने अपनी फिल्मों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय फिल्मों के साथ ही उन्हें भारत की संस्कृति से बहुत प्रेम है। उनकी लघु फिल्मों में दर्शकों ने इसे देखा भी। मुंबई उच्च न्यायालय के अधिवक्ता कार्लिटा मोहनी ने मनोरंजन उद्योग में कॉपीराइट पर विस्तार से प्रतिभागियों से चर्चा की। फिल्म निर्देशक सूरज कुमार ने फिल्म प्रोडक्शन की तैयारी और बारीकियों पर चर्चा की। फिल्म समीक्षक एवं निमार्ता अजीत राय ने संवाद कार्यक्रमों का संचालन किया। इस अवसर पर अभिषेक पंडित, ममता पंडित, डॉ.दिग्विजय सिंह राठौर, अंगद कश्यप, विवेक पांडे, हरिकेश मौर्य, अखिलेश द्विवेदी, आदित्य अभिषेक, अनादि अभिषेक, संस्कार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



लोगों से संवाद करती जर्मन कलाकार सुजैन बर्नरट।

## सीपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल में वितरित किया गया अंकपत्र

**सम्मान**

### संस्थापक अयाज अहमद खां ने किया पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल जाफरपुर और सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल मुबारकपुर में कक्षा-नर्सरी से कक्षा-8 एवं कक्षा-11 के अंकपत्र का वितरण किया गया। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा जिससे विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं अध्यापकों में हर्ष व्याप्त है।

सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल जाफरपुर में कक्षा-नर्सरी की कु.इशानी ने 99.46 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप किया, कक्षा-एलकेजी की कु. प्रज्ञा यादव ने 98.90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप किया, कक्षा-यूकेजी की कु.प्रज्ञा मौर्या ने 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप किया। इसी प्रकार कक्षा एक के कुवर दुबें ने 97.30 प्रतिशत, कक्षा-2 के प्रतीक रंजन ने 94.29 प्रतिशत, कक्षा-3 के अभिनव गुप्ता ने 98.16 प्रतिशत, कक्षा-4 के ऋषभ ने 95.43 प्रतिशत, कक्षा-5 के श्रेयांश राय ने 96.70 प्रतिशत, कक्षा-6 के वेदांश राय ने 99.30 प्रतिशत, कक्षा-7 की कु.सिद्धि गुप्ता ने 97.64 प्रतिशत, कक्षा-8 की कु.महक यादव ने 99.08 प्रतिशत, एवं कक्षा-11 की कु.श्रेया सिंह ने 91.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप किया।



पुरस्कार व प्रमाण पत्र के साथ बच्चे।

इसी क्रम में सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल मुबारकपुर में कक्षा-नर्सरी में सयुक्त रूप से मो.हसन, मो.उमर, कु.अलेरा मोजम्मिल, कु.अदीना मरियम, अबदुल्लाह, रतन सिंह, कु.अजीन अहुजा, एवं मो. समायल ने 100 प्रतिशत प्राप्त कर टाप किया। एलकेजी के सत्यम कुमार ने 98.90 प्रतिशत, यूकेजी के अर्थव कुमार ने 100 प्रतिशत, कक्षा-एक के कु.आयत खॉ ने 98.80 प्रतिशत, कक्षा-2 के कु. खान जोहा ने 95.05 प्रतिशत, कक्षा-3 के मो.मिजान खान ने 94.90 प्रतिशत, कक्षा-4 के काजी मो.जैन ने 89.48 प्रतिशत, कक्षा-5 की कु.शिजा फातिमा ने 90.13 प्रतिशत, कक्षा-6 की कु.अनोखी गुप्ता ने 96.66 प्रतिशत, कक्षा-7 की कु.संजना यादव ने 95.23 प्रतिशत, कक्षा-8 के शादमान हबीब ने 97.81 प्रतिशत एवं कक्षा-11 की कु.सारा मरीयम ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप किया।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करती डा.गीता सिंह एवं डा.अखिलेश चंद्र सिंह।

सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल भिवण्डी के स्कूल में कक्षा-नर्सरी की कु. अंशिका अनिल गुप्ता ने 95 प्रतिशत, एलकेजी की कु.जारा अदनान शेख ने 91.50 प्रतिशत, कक्षा-यूकेजी के लकुश अनिल गुप्ता ने 97.75 प्रतिशत, कक्षा-1 के कु.आयशा शमशाद अंसारी ने 88.88 प्रतिशत, कक्षा-2 के बृजेश विश्वजीत सिंह ने 84.56 प्रतिशत, कक्षा-3 के कु.प्रीयांशी धनेश्वर पांडा ने 94.56 प्रतिशत, कक्षा-4 के वैभव विश्वजीत सिंह ने 77.38 प्रतिशत, कक्षा-5 के कासिम मो.असद सैयद ने 66.06 प्रतिशत, कक्षा-6 के मोहम्मद आरीफ ने 76.94 प्रतिशत, एवं कक्षा-7 के रूद्रराज साहब जी पाटिल ने 81.44 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टाप किया। विद्यालय के संस्थापक अयाज अहमद खॉ ने अव्वल छात्र-छात्राओं और जिन्होंने कक्षा में 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की, सभी को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए पुरस्कृत किया। विद्यालय के चेयरपर्सन तरन्नुम खॉनम, नवाज अहमद खां, डायरेक्टर, प्रधानाचार्या रेखा सिंह एवं नौशाद अहमद खां ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके अभिभावकों, सभी शिक्षको एवं सीपीएस परिवार के शुभ-चिंतको को बधाई दी।



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ परीक्षाफल वितरित

**आजमगढ़।** महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल सिधारी, तिवारीपुर आजमगढ़, में वार्षिक परीक्षाफल पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो.गीता सिंह विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग डीएवी पीजी कॉलेज, एवं प्रो.अखिलेश चंद बीएड संकाय श्री गांधी जी पीजी कॉलेज मालटारी, एवं विशिष्ट अतिथि जयसिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय के संस्थापक चेयरमैन राम लखन मौर्य, प्रबंधक देवी प्रसाद मौर्य, निदेशक नरेंद्र कुमार यादव प्रधानाचार्य राम नयन मौर्य एवं कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य रामचरन मौर्य, अजय कुमार यादव बृजराज यादव आदि उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का निर्देशन शरद गुप्ता एवं गायन का निर्देशन रोहित विश्वकर्मा एवं आदित्य मिश्रा के सानिध्य में हुआ। मंच का संचालन किशन यादव एवं नमिता यादव ने किया। इस इस अवसर पर राहुल तिवारी, कमलेश यादव, बृजेश यादव, राजेश यादव, जितेंद्र यादव, जितेंद्र तिवारी, रामाश्रय शर्मा, जितेंद्र कुमार यादव, पंकज चैहान, संदीप सिंह, बृजलाल, सुभम मौर्य, आरके यादव, नीरज यादव, अरुण कुमार, अभिषेक, अनूप चैहान, चंद्रशेखर यादव, ओमकार यादव, पद्मजा पाल सिंह, सरिता मिश्रा, सरिता यादव, बबीता यादव, अनुष्का सिंह, समीक्षा राय, प्रगति सिंह, नीतू, अनुराधा अनामिका आदि उपस्थित रहीं। विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक ने सभी का आभार प्रकट किया।

### धूमधाम से मना ब्लूमिंग चिल्ड्रेन कॉलेज का वार्षिकोत्सव

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के बसहिया स्थित ब्लूमिंग चिल्ड्रेन कॉलेज का दूसरा वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। देवी प्रसाद त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात विद्यालय की बच्चियां गरिमा और साथियों द्वारा सरस्वती वंदना, ,गरिमा व सृष्टि द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अंशिका द्वारा होली डांस, मजदूर थीम सॉन्ग ड्रामा, एलकेजी की बच्चियों द्वारा लकड़ी की काठी, मुस्कान और साथियों द्वारा झांसी की रानी, आराध्या द्वारा मेरी मां के बराबर कोई नहीं सुना कर लोगो का मन मोह लिया। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा 50 सांस्कृतिक कार्यक्रम व ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण झांसी की रानी पर बच्चों द्वारा ड्रामा की प्रस्तुति रही। मुख्य अतिथि दिनेश सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री हिंदू जागरण मंच तथा विशिष्ट अतिथि रमेश चंद गुप्ता, प्रबंधक ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित, बसंत लाल श्रीवास्तव, श्रीराम मौर्य, विनीत उपाध्याय, राजेंद्र सिंह, चंद्रजीत तिवारी, आनंद तिवारी, सुनील पांडे, विवेक सिंह, उमेश सिंह रहे। अध्यक्षता देवी प्रकाश त्रिपाठी तथा संचालन दिनेश तिवारी, श्रेया सिंह, श्वेता मिश्रा, रजनीश गौड़ ने किया। प्रबंधक अजीत प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बाबा के बुलडोजर का कटरा पुलिस करा रही है दुरुपयोग

**मीरजापुर।** बाबा के सरकार में गजब की दबंगई है। कटरा पुलिस की मिलीभगत और गैर जिम्मेदाराना रवैए से एक गरीब का मकान रात के अंधेरे में बुल्डोजर से जमींदोश करदिया गया। मामला कटरा थाना क्षेत्र के हयातनगर निवासी गुलाम हुसैन का है जो किसी तरह एक छोटी सी दुकान रखकर अपने घर का भरण पोषण करते है। रातो रात दबंगों ने जेसीबी बुलाकर गरीब के मकान को ढहा दिया। कटरा पुलिस की लाख कोशिशों के बाद भी दबंग मकान गिराने में कामयाब हो गये। आखिर बाबा के सरकार में ऐसे दबंगों के ऊपर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। जहां पुलिस की मिलीभगत से एक ही दुकान पर हीरोइन गाजा और शराब सब मिल जाएंगा। अब तो कटरा पुलिस के नाक के नीचे से दिनदहाड़े जेसीबी से दुकान तक गिरा कर दबंग चले जा रहे हैं और कटरा पुलिस उनके आगे असहाय दिख रही है। कटरा पुलिस व हल्का लेखपाल के गैर जिम्मेदाराना रवैये और लापरवाही से गरीब शिकार हो रहे हैं। शनिवार की रात दबंगों ने जेसीबी से उसके दुकान को गिरा दिया गया और पुलिस को कानों कान खबर तक नहीं हुई। वही सुबह स्थानीय लोगों के द्वारा परिजनों को जब इसकी सूचना मिली तो परिजन भौचक्के रह गए। पीड़ित परिवार ने 112 पर फोन करके इसकी सूचना दी। जहां मौके पर पहुंची 112 नंबर मौके का मुआयना कर संबंधित थाने को सूचना दिया। अब देखना है कटरा पुलिस द्वारा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए क्या करती है। वही पीड़ित परिवार पुलिस पर भी सवालिया निशान उठा रही है आखिर पीड़ितों को कैसे इंसाफ मिलेगा।


रात के अंधेरे में गिराई गई दुकान

## आकाशीय बिजली से किशोर की हुई मौत

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मटिहरा गांव में शनिवार को देर शाम गांव के चौराहे से घर वापस जाते समय बाइक सवार की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। साथ में बैठा बाइक सवार भी झुलस गया जिसका उपचार चल रहा है। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए रविवार को पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मटिहरा गांव निवासी गौरीशंकर का 16 वर्षीय पुत्र विनय कुमार गांव के चौराहे से बाइक से घर जा रहा था कि चौराहे से 500 मीटर दूर जाते ही आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। वहीं साथ में बैठा 22 वर्षीय दद्दू भी घायल हो गया। बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाइक सवार का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करने के बाद सदर अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि मृतक दो भाइयों में दूसरे नंबर पर था। मृतक का पिता मजदूरी कर जीवन यापन करता हैं। माता मंजू का रो रो कर बुरा हाल है।

# कई रोगों में एक दवा का काम करती है गौरैया की चहचहाहट

**जानकारी**

### विश्व गौरैया दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** विश्व गौरैया दिवस के पूर्व संध्या के मौके पर पक्षियों की सुरक्षा, संरक्षण व संवर्धन के लिए समर्पित संस्था विंध्य सेवा मंच के तत्वावधान में शेरकोठी सभागार में गौरैया संरक्षण के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया। संस्था द्वारा निर्मित गौरैया के घरौंदे के विषय में संस्था के सचिव जादूगर रतन कुमार मिश्र द्वारा विस्तृत प्रकाश डाला गया। रतन मिश्र ने बताया संस्था द्वारा निर्मित लकड़ी का घोषला गौरैया फ्रेंडली है इसमें कम तिनके में गौरैया घोषाला लगा लेती हैं। संस्था प्रवक्ता व गौराया मित्र त्रियोगी मिट्ठू मिश्र ने संस्था के ओर से निर्मित लकड़ी के घोषले को उपस्थित लोगों को वितरित किया। गौरैया जब बरगद पीपल के फल को खाती है और उसे अपने पाचन तंत्र से गुजार कर बीट करती है तो ही इन वृक्षों का अंकुरण होता है। इस लिये हम बरगद पीपल को बचाने के लिये गौरैया पक्षी को बचाने की अपील कर रहें हैं ताकि हमारे धरा पर ऑक्सीजन की कमी न हो। मिश्र ने कहा गौरैया की चहचहाहट कई रोगों में एक दवा का काम करती है। आधुनिक मकान, बढ़ता प्रदूषण, जीवन शैली में बदलाव के कारण गौरैया लुप्त हो रही है। दिल्ली से आए पर्यावरणविद् राम पाल अत्री ने कहा गौरैया के संरक्षण के लिए मिट्ठू मिश्र विंध्य सेवा मंच शेरकोठी का पहल रंग ला रहा है। उन्होंने मिट्ठू मिश्र द्वारा चलाए जा रहे गौरैया मित्र अभियान की सराहा। इस अवसर पर प्रोमिला, कनिका कौशिक, डॉक्टर प्रेम शंकर पाण्डे, उर्मिला सिंह, मानस मिश्र, मंत्र मिश्र, शशांक मिश्र आदि लोग उपस्थित रहें।


घोसला भेंट करते जादूगर रतन

# एसडीएम के अथक प्रयासों से बिजली आपूर्ति बहाल

## गुरुदेव नगर के पावर हाउस पर कराया वैकल्पिक बिजली कर्मचारी की व्यवस्था

जनसंदेश न्यूज

**राहत**

**बीते शाम से ही आपूर्ति थी बाधित**

**राजगढ़।** बिजली कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से स्थानीय क्षेत्र में बीते शाम से ही बिजली कटौती की गई थी। जिसके बाद चारों तरफ अंधेरा छाया रहा। दूसरे दिन सुबह से ही पेयजल संकट की समस्याएं खुलकर सामने आने लगीं। इस दौरान लोगों की समस्याओं का संज्ञान लेकर एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह स्वयं मोर्चा संभालने निकल पड़े और मड़िहान तहसील क्षेत्र के गुरूदेव नगर पावर हाउस से बिजली आपूर्ति बहाल कराया। ज्ञात हो कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया गया था। जिसके चलते विद्युतकर्मी आपूर्ति बाधित कर हड़ताल का समर्थन करने जिला मुख्यालय पर पहुंचे थे। ऐसे में बिजली आपूर्ति बाधित होने से क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह ने सक्रियता से मोर्चा संभालते हुए सभी पावर हाउसों पर वैकल्पिक बिजली कर्मचारियों की व्यवस्था कर आपूर्ति बहाल कराया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली और दैनिक दिनचर्या को प्रभावित होने से बचाया गया। हालांकि देर शाम तक शासन की ओर से हड़ताल समाप्त होने की घोषणा कर दी गई है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।





**एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत 250 लाभार्थियों को टूल किट का किया गया वितरण**

किट का वितरण करतीं राज्यमंत्री

## ओडीओपी परीक्षण व टूल किट का किया गया वितरण

**मीरजापुर।** जंगी रोड स्थित एक लॉन में उद्योग विभाग के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल के द्वारा एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत 250 लाभार्थियों को टूल किट वितरण किया गया। विशेष अतिथि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, भाजपा जिला अध्यक्ष बृज भूषण सिंह, आदि लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ओडीओपी मार्जिन मनी योजना है अर्थात यदि किसी भी उद्योग को चलोन के लिये चार आवश्यकताएं महत्वपूर्ण होती है जिसमें वित्त, प्रशिक्षण, टूल किट एवं मार्केटिंब। उन्होंने कहा कि उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिय सरकार के द्वारा उद्यमी को सहायता की आवश्यकता होती है तो जो काम आप पारंपरिक तरीके से करते आ रहे हैं उसके लिए सरकार आपको वित्तीय सहयोग भी करेगी उसकी भी अपनी एक प्रक्रिया है दूसरी दूसरी चुनौती है समय बद्धता देश दुनिया का वातावरण और समाज जब परिवर्तित होता है तो लोगों का किसी एक उत्पाद को लेकर जो उनकी मांग होती है तो उनका स्वरूप भी परिवर्तित होता है तो किसी एक स्थानीय उत्पाद को बाजार में उसकी मांग बनाए रखने के लिए हमें क्या करना है। उन्होनें कहा कि ग्राहकों के मांग के अनुरुप जो स्थानीय स्तर पर वर्षों से बनाते चले आ रहे हैं उसमें हमें कुछ परिवर्तन करना होगा किंतु यह परिवर्तन आप अपनी स्वयं की कल्पना से करेंगे ऐसा संभव नहीं है तो इसके लिए सरकार ने तय किया कि हम प्रशिक्षण देंगे प्रशिक्षण अर्थात जो चीजें आप बना रहे हैं उस बात को अपने तरीके से कैसे बनाएं जो आज का हमारा ग्राहक है उसको वह अच्छा लगे उसको खरीदने की इच्छा उसके अंदर उत्पन्न हो इसके लिए हमें यह करना होगा कि जो बात हम पहले से बना रहे हैं उसमें डिजाइन को परिवर्तन करें जिससे ग्राहकों को आकर्षित कर सके।

## संक्षेप

### कम उम्र में ओम प्रकाश पटेल चुने गये डायरेक्टर



**मीरजापुर।** रामपुर खोमर मैना साधन सहकारी समिति लालगंज का अध्यक्ष पद का चुनाव रविवार को संपन्न हो गया। ओम प्रकाश पटेल निर्विरोध चुने गए। जनपद के सबसे कम उम्र के साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष बताए जा रहे हैं। ओम प्रकाश ग्राम खुर्दा राजा के रहने वाले है। छात्र जीवन से ही राजनीति की शुरूआत की है। केबीपीजी कॉलेज से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी का चुनाव लड़ चुके हैं हालांकि कामयाबी नहीं मिल पाई थी। इसके बाद जिला पंचायत सदस्य का भी चुनाव लड़ चुके हैं। यहां भी इन्हें सफलता नहीं मिली। तीसरी बार सहकारी समिति के चुनाव में उतरे पहली बार में ही निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। जिससे सरकारी समिति से जुड़े सभी मेंबरों में खुशी है। उन्होंने कहा है किसानों के हित में काम किया जाएगा।

### धन का प्रलोभन देकर चंगाई सभा बुलाना पड़ गया महंगा



**मीरजापुर।** चंगाई सभा के नाम पर धन प्रलोभन देकर कराया जा रहे धर्मांतरण केंद्र पर पहुंच कर ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए चुनार पुलिस को सूचना दिया। चुनार कोतवाली क्षेत्र के खानपुर में धन का प्रलोभन देकर चंगाई सभा में बुलाकर धर्मांतरण कराए जाने की जानकारी ग्रामीणों को हुआ तो सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीण चंगाई सभा का विरोध किया। चंगाई सभा द्वारा कक्ष निर्माण कराया गया था। बाहर चंगाई सभा का बोर्ड भी लगाया गया था। सभा में उपस्थित होने पहुंचे लोगों को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया। सूचना पर पहुंची चुनार पुलिस ने धर्मांतरण करवा रहे एजेंट सहित तीन लोगों उठाकर थाने ले आई। दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने थाने पर पहुंच कर तहरीर देकर चंगाई सभा के कार्यकर्ताओ पर कार्यवाही किए जाने की मांग की। कोतवाल चुनार त्रिवेणी लाल सेन ने बताया कि धर्मांतरण कराने की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस भेजा गया था। कुछ लोग पकड़ कर पूछ ताछ के लिए थाने पर लाए गए हैं। इस दौरान अर्जुन दुबे, एसपी सिंह, आशीष पाठक, मनोज सिंह, विश्वजीत त्रिपाठी, गुड्डू तिवारी, सोनू दुबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### लगभग चार दर्जन गांव में तेज आंधी पानी के साथ पड़े ओले

**हलिया।** स्थानीय विकासखंड के लगभग 4 दर्जन गांव में तेज आंधी के साथ ओले बरसने से किसानों की बोई गई फसल अलसी, सरसों, चना, मसूर, गेहूं इत्यादि फसलें बर्बाद हो गई। किसानों का कहना है कि समितियों से खाद बीज कर्ज पर लेकर खेती किए थे लेकिन प्रकृति देव तीन दिन से हल्की बारिश के साथ रविवार को ओले बरसने के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो गई। वहीं मड़ाई के लिए किसान अपने खलिहान में फसलें रखे थे। खलिहान में पानी भर जाने के कारण सड़ने के कगार पर हो जाएगी। ऐसी स्थिति में क्षेत्रीय किसान राजकुमार सिंह, शंकर, लाल बहादुर सिंह अमृतलाल, शेशपाल सिंह, विनय कुमार सिंह, राजेश यादव, आदि किसानों का कहना है कि बारिश के साथ ओले पड़ने से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। क्षेत्र के बरबसा, बैधा, थोथा सहित दर्जनों गाँव में ओला बृष्टि की सूचना है। किसानों ने शासन प्रशासन से जांच कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### ट्रेन में वृद्ध महिला हमले में हुई घायल

**मीरजापुर।** ब्रह्मपुत्र मेल डाउन में यात्रा के दौरान मनबढ़ युवक ने शनिवार को सीट पर बैठने को लेकर 65 वर्षीय महिला पर हमला कर घायल कर दिया। दिल्ली निवासिनी इंदल का सिर फट गया। वारदात की जानकारी देते हुए उसके पति शफीक ने कंट्रोल रूम को देकर मदद माँगा। लिहाजा मीरजापुर स्टेशन पहुंचने पर दिल्ली निवासिनी इंदल 65 वर्ष का प्राथमिक उपचार किया गया। इस दौरान ट्रेन करीब 10 मिनट प्लेटफार्म नंबर एक पर रुकी रही। जीआरपी ने कार्रवाई के दौरान आरोपी युवक को दबोच लिया। पुलिस के हाथ लगते ही युवक जमीन पर आ गया। लिहाजा वह पीड़ित महिला का पैर पकड़कर अपनी गलती स्वीकार कर माफी मांगने लगा। खून से लथपथ होने के बावजूद वृद्ध महिला ने युवक को माफ कर दिया। जिसे पुलिस ने चेतावनी देकर आगे यात्रा के लिए रवाना किया। पुलिस ने महिला का इलाज कराकर उसी ट्रेन से आगे के लिए रवाना किया।

### मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन आज

**मीरजापुर।** मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन आज राजकीय इंटर कॉलेज में स्थित केंद्रीय विद्यालय कैंपस में आयोजित होगा। विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब के द्वारा मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन 20 मार्च 2023 को राजकीय इंटर कॉलेज मीरजापुर में स्थित केंद्रीय विद्यालय कैंपस में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मंडल के तीनों जनपद के 45 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किये जायेंगे। मूल्यांकन समिति द्वारा 10 मॉडलों का चयन राज्य स्तर के विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उद्घाटन स्तर के मुख्य अतिथि आयुक्त विन्ध्याचल मंडल रहेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन 11 बजे एवम समापन 3 बजे से होगा।

### संस्था प्रबन्धक को मिला एवार्ड

**मीरजापुर।** प्रदेश व केन्द्र की सरकार को महिलाओं को आगे बढ़ाने व प्रोसाहित करने का लगातार कार्य कर रही है। रविवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने महिलाओं को सुषमा स्वराज एवार्ड से सम्मानित किया। नगर में जीएसबी सेवा समिति के प्रबन्धक फारिहा खान को भी सुषमास्वराज एवार्ड से सम्मानित किया गया है जिससे महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। संस्था के प्रबन्धक को पिछले माह भी प्रशस्ति पत्र. देकर सम्मानित किया जा चुका है। इनकी संस्था महिलाओं व बच्चों के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। इनके अच्छे कार्यो को देखते हुए हर माह किसी न किसी योजना के तहत लगातार सम्मानित किया जा रहा है। संस्था प्रबन्धक फारिहा खान ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से महिलाओं में कार्य करने के प्रति जागरूकता पैदा होती है। मेरा यही हमेशा से यही लक्ष्य रहा है कि जिले की हर महिला व बच्चों को मजबूती के साथ खड़े हर जगह मिले महिला किसी भी मामले में पुरूषों से कम नही है वे आज हर क्षेत्र में कार्य कर रही है और दिन प्रतिदिन उनकी संख्या में अच्छा खासा इलाफा देखा जा रहा है जो एक खुशी की बात है।

### हाकरों ने मनाया होली मिलन

**मीरजापुर।** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी रमईपट्टी स्थित एक हाल में होली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें संगठन के सदस्य काफी उत्साह के साथ गीत व अबीर गुलाल के साथ गुझिया, मिष्ठान और ठंडई का आनंद लेते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में समाचार पत्र विक्रेता अध्यक्ष कन्हैयालाल बिंद, सचिव आकाश, गीतकार कमलाप्रसाद, गीतकार छोटेलाल, माखन दास, नीरज कसेरा, आनंद, कल्लू, मुन्ना, शिवपाल, बसंत, रामबली, सोहन, राजू, प्रमोद, पतालू, गोपाल, विजय, राज कुमार, संदीप, धर्मराज, राजू यादव, राजेंद्र, राजा, राजू, सत्यम, शिवम अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शिक्षकों द्वारा निकाली गई भव्य भगवा यात्रा

**चुनार।** एकल विद्यालय अभियान चुनार के वार्षिक उत्सव तथा भगवा यात्रा का शुभारंभ सरैया सिंकंदरपुर गांव स्थित एक लॉन में मुख्य अतिथि विधायक अनुराग सिंह ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उत्तराखंड के सीएसआर प्रमुख संजीत कुमार तथा ग्राम स्वराज के प्रदेश प्रभारी सत्येंद्र कुमार बीनू तथा विजय वर्मा, कृष्ण कुमार सिंह मौजूद थे। इसमें पांच जनपदों के 360 गांवों में कार्यरत आचार्य व आचार्या बहनों ने भाग लिया। बच्चों ने देशभक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर भारतवर्ष में शुरू से ही संस्कारयुक्त शिक्षा दिए जाने की पद्धति होने के कारण भारतीयों ने मानसिक गुलामी स्वीकार नहीं की। एकल विद्यालय अभियान के शिक्षकों द्वारा गांवों में किया जा रहा प्रयास मील का पत्थर है। सत्येंद्र कुमार ने कहा कि एकल विद्यालय अभियान आज नक्सलवाद और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों समेत पूरे देश के एक लाख गांवों में 22 लाख बच्चों को शिक्षा दे रहा है। एक वटवृक्ष का रूप ले चुका है। पूर्व चेयरमैन विजय वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इसमें मीरपुर के अखिलेश सिंह, नयन वर्मा, जोखूराम वर्मा आदि थे। संचालन ज्योति नारायण ने किया। एकल विद्यालय अभियान के शिक्षकों द्वारा भव्य भगवा यात्रा निकाली। जिसे झंडी दिखाकर विधायक अनुराग सिंह ने रवाना किया। सरैयां से निकल कर यात्रा चुनार नगर पहुंच कर समाप्त हुई।

### गहमा गहमी के माहौल के बीच सम्पन्न हुआ चुनाव

**चुनार।** कैलहट कैलहट क्षेत्र के साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए दिन भर गहमा गहमी का माहौल रहा। कैलहट साधन सहकारी समिति में चुनाव को शान्ति पूर्ण कराने के लिए उप जिलाधिकारी नवनीत सेहारा, सीओ चुनार उमाशंकर सिंह, थानाध्यक्ष त्रिवेणी लाल सेन और पी एस सी की मौजूदगी में चुनाव कराया गया। कैलहट साधन सहकारी समिति में मुन्ना सिंह अध्यक्ष, अनमोल सिंह उपाध्यक्ष, सहसपुरा साधन सहकारी समिति में सन्तोष सिंह अध्यक्ष, श्यामलाल सिंह उपाध्यक्ष, रामपुर साधन सहकारी समिति में विनय कुमार सिंह अध्यक्ष प्रभावती देवी उपाध्यक्ष, जलालपुर माफी साधन सहकारी समिति में सौरभ सिंह अध्यक्ष, शिव कुमार सिंह उपाध्यक्ष पद पर चुनाव में विजई हुए।

# मिल का पत्थर साबित होगा डिजिटल पुस्तकालय : राज्यसभा सांसद

**मीरजापुर।** ए एस जुबिली इंटर कालेज में रविवार को अभ्युदय कोचिंग पुस्तकालय का लोकार्पण सांसद रामशकल द्वारा किया गया। सांसद ने सीलापट्ट से पर्दा उठा कर अनावरण किया तथा रिबन काट कर पुस्तकालय का अवलोकन भी किया। इस अवसर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए रामशकल ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का श्रोत होता है। जहां से छात्र लाभान्वित होते हैं। उन्होंने कहा कि जुबिली कालेज में आधुनिक डिजिटल पुस्तकालय एक मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जहां प्रतियोगी छात्रों को लाभ मिलेगा वहीं विद्यालय के छात्र लाभान्वित होंगे। उन्होंने विधालय के प्रधानाचार्य की विद्यलय में गुणात्मक परिवर्तन करने के लिए सराहना की। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य राजेंद्र तिवारी ने अभ्युदय कोचिंग पुस्तकालय के स्थापना के लिए समाज कल्याण विभाग को साधुवाद दिया और कहा कि विद्यालय में स्थापना हमारे लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कई बड़े काम हुए हैं। जिसमें आम लोगों का बड़ा सहयोग मिला है। उन्हें मंच के माध्यम से आभार है। समाज कल्याण अधिकारी गिरीश दुबे ने सांसद का स्वागत किया और छात्रों से अभ्युदय कोचिंग में प्रवेश ले कर लाभ उठाने का आह्वान किया। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरीब बच्चों को निशुल्क कोचिंग हेतु अभ्युदय कोचिंग पूरे प्रदेश में चालू की गई है। जिले में जुबिली कालेज में संचालित की जा रही है। इस अवसर पर छात्रों के अलावा अभ्युदय कोचिंग के समन्वयक गौरव तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, सागर लाल भूपेश सिंह आदि अध्यापक मौजूद थे।


डिजिटल पुस्तकालय का लोकार्पण करते सांसद

## साहू समाज के सामूहिक विवाह में 4 जोड़ों ने लिए फेरे

**मीरजापुर।** तैलिक साहू समाज के तत्वावधान में होली मिलन एवं 10वां सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन नगर के इमरती रोड स्थित जवाहर एम पैलेस में आयोजित किया गया। जिसमें चार जोड़ो ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। कार्यक्रम में सुर संगीत की बह रही सरिता में विवाह समारोह में शामिल हुए लोगों ने गोता लगाया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि बदलते दौर में जब व्यक्ति के पास अपने लिए फुर्सत नहीं है तो ऐसे माहौल में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन समाज के लिए एक नया संदेश है। उन्होंने समाज के द्वारा विवाह समारोह के आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज के तमाम हिस्सों में होना चाहिए। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन लोगों के बीच की दूरी को कम करते हैं। गरीब परिवार की कन्याओं का विवाह कराने का फल प्राप्त होता है। कार्यक्रम में डा. रामहर्ष गुप्ता, चन्द्रलोचन गुप्ता, राजेश कुमार साहू, शुभम साहू, रविशंकर साहू, उदय चंद गुप्ता, सतीश गांधी, गुंजन गुप्ता, शशि गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, जय लक्ष्मी गुप्ता, राधा गुप्ता,एवं सुनीता गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन उदय चंद गुप्ता एवं रमाशंकर साहू ने किया।

# हम सभी की है क्षत्रिय समाज को जगाने की जिम्मेदारी

**बोले दिलीप सिंह**

### क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जनपद के क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह एक लान में संपन्न हुआ। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कारपेट जगत में अपनी पहचान बनाने वाले सिद्धनाथ सिंह ने कहा कि इस समय क्षत्रिय समाज एकजुट नहीं है कभी क्षत्रिय समाज पूरे हिंदुस्तान शासन करने का काम करता था।

आज क्षत्रिय समाज हासिये पर है कोई भी पार्टी इस समय क्षत्रिय समाज के लोगों को इज्जत देने का काम नहीं कर रही है और हमारे समाज का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। सभी को एकत्रित करने का काम करें नहीं तो आने वाला दिन क्षत्रिय समाज का सबसे खराब दिन होगा। होली मिलन समारोह में आयोजक दिलीप सिंह गहरवार ने कहा कि अपने समाज को जगाने की जरूरत है। इस जिले में 50 गांव से अधिक गांव में क्षत्रिय समाज की संख्या है लेकिन दुर्भाग्य का विषय है की सूचना के बाद भी क्षत्रिय समाज एकजुट नहीं हो पा रहा है जो समाज हमेशा लोगों की रक्षा के लिए आगे रहा वही समाज आज सबसे पीछे है। इस समाज को जगाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। खून का रिश्ता बहुत मायने नहीं रखता यदि आपका रिश्ता दिल का होगा तो निश्चित रूप से समाज का विकास होगा। बैठक में मुख्य रूप से डॉ राहुल सिंह, डॉक्टर सुनील सिंह, आरके सिंह, संजय सिंह गहरवार, प्रदीप सिंह, मृत्युंजय सिंह गहरवार, महेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, त्रिभुवन सिंह, विनय सिंह, प्रशांत सिंह, हरिवंश सिंह, नीरज सिंह, प्रिंस सिंह, सुनील कुमार सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, अशोक सिंह, आदि लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया। संचालन मनीष सिंह ने किया।


कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते दिलीप सिंह

# निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए सुभाष सिंह

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिले के सिटी ब्लॉक के कोऑपरेटिव सोसाइटी के चुनाव में सिटी विकासखंड के राजपुर सहकारी समिति लिमिटेड के चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के तौर पर सुभाष सिंह अध्यक्ष पद पर एवं अखंड प्रताप सिंह उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए। नवनिर्वाचित निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद सुभाष सिंह ने कहा कि मेरी प्राथमिकता सहकारिता के माध्यम से किसानों के हित को वरीयता देने की रहेगी।

कहा कि सहकारी समिति के माध्यम से जितना हो सकेगा किसानों को सुविधाएं देने के लिए कार्य किया। इस मौके पर सुभाष सिंह के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर ग्रामवासियों और सहकारी समिति से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह, मंडल अध्यक्ष सिटी सुजीत सिंह, ब्रिजेश दुबे, ग्राम प्रधान जवाहिर मौर्या, सूरज यादव, श्याम कुमार आदि लोग शामिल थे।

### साधन सहकारी समिति का चुनाव संपन्न

**मीरजापुर।** गौरैया घमही साधन सहकारी समिति सीखड़ की डायरेक्टर पद पर नीलम मिश्रा पत्नी धनंजय मिश्रा, सभापति जितेंद्र प्रकाश सिंह, उप सभापति सर्वेश कुमार सिंह सिंटू निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। साधन सहकारी समिति केला बेला से सभापति किरण मिश्रा, उप सभापति नीला सिंह, निर्विरोध निर्वाचित हुए। साधन सहकारी समिति बगहा में सूर्य प्रकाश सिंह अध्यक्ष, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह बंटी, धनैता में मानसिंह अध्यक्ष, विजय कुमार यादव उपाध्यक्ष, हांसीपुर में ललिता देवी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बाली वही साधन सहकारी समिति मेड़िया में राजेंद्र सिंह अध्यक्ष, उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह निर्वाचित हुए। उपस्थित लोगों ने नव निर्वाचित सभापति व उप सभापति को बधाई देते हुए फुल मालाओं से लाद दिया। ग्राम प्रधान अश्वनी मिश्रा ने निर्वाचित सभापति को मिठाई खिला कर मुंह मीठा कराया। इस दौरान प्रमोद पांडेय मंडल अध्यक्ष भाजपा, विजय नारायण सिंह, शिवप्रसाद दुबे, नागेंद्र त्रिपाठी, प्रभु नाथ त्रिपाठी, अखिलेश तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### पगार में अध्यक्ष जय शंकर तिवारी व लालगंज में बेला देबी निर्वाचित

**लालगंज।** साधन सहकारी समिति कोआपरेटिव चुनाव में रविवार को हुए चुनाव का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें पगार साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर जय शंकर तिवारी और किसान साधन सहकारी समिति लालगंज के अध्यक्ष पद पर बेला देबी निर्वाचित घोषित की गई। लालगंज विकासखंड क्षेत्र के किसान साधन सहकारी समिति चुनाव में बेला देबी को पांच मत अभिषेक उपाध्याय को चार मत प्राप्त हुए। एकमत के अंदर से बेला देबी विजेता बनी। इसी क्रम में लहंगपुर में स्थित पगार साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में जयशंकर तिवारी को छह मत और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अमरेश पांडेय को तीन मत मिले तीन मतों के अंतर से जयशंकर तिवारी चुनाव में विजेता घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी लल्लूराम भारती ने प्रमाण पत्र वितरित दिए। लालगंज में चुनाव अधिकारी द्वारा विजेता को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बालेंदुमणि त्रिपाठी, संतोष दुबे, दिनेश गिरी, राजेश जायसवाल, शिव बहाल दुबे, मुनव्वर अली, जीत नारायण दुबे, हृदय नारायण यादव, अमरेश दुबे, ऐनुद्दीन, मुमताज, मोनू, शेर अली, निविउल्ला, इंद्रेश तिवारी, गंगा प्रसाद तिवारी, बबलू सिंह, अजय मौर्य आदि रहे।

### जैसराम सिंह सभापति सुमित्रा देवी उपसभापति निर्वाचित

**अहरौरा।** सहकारी समिति के सभापति एवं उप सभापति के चुनाव को लेकर रविवार को अहरौरा क्षेत्रीय सहकारी समिति पर दिन भर राजनीति गहमागहमी रही। अहरौरा सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर जैसराम सिंह, उपाध्यक्ष पद पर वीरेन्द्र कुमार उर्फ राजू सिंह की माता सुमित्रा देवी को आपसी तालमेल के बीच निर्विरोध घोषित किया गया। सहकारी समिति के सचिव शिव श्याम ने कहा की सहकारी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद का चुनाव आपसी सहमति से निर्विरोध सम्पन्न हुआ है। इस बीच डायरेक्टर संजय भारती को गायब हो जाने से चुनाव के दौरान गहमागहमी मची रही। नामांकन के दौरान डायरेक्टर संजय गौतम का फोन स्विच ऑफ करके गायब हो गए। अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने एक दूसरे के ऊपर गायब करने का आरोप लगाते रहे।

### कहीं निर्विरोध तो कही चुनाव के बाद आये नतीजे

**जिगना।** साधन सहकारी समिति नरोइयां में निर्धारित समय सीमा के अंदर एक प्रत्याशी द्वारा केवल नामांकन किया गया जिसके कारण श्रीनिवास सिंह को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। वही 12 बजे के बाद पहुंचे तो प्रत्याशी पर्चा दाखिल करने लगे। जिसके कारण चुनाव अधिकारी फार्म लेने से इनकार कर दिया। समय के बाद पहुंचे प्रत्याशियों अपना पर्चा चुनाव अधिकारी के सामने रख दिया। इस वजह से उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। थाना प्रभारी अरविंद पांडेय ने विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रत्यासी व उनके समर्थकों को मौके से सारे नियम बता कर हटाया। तीन बजे निर्वाचन अधिकारी पीयूष दुबे ने दुर्गावती व सावित्री देवी का नामांकन निरस्त कर दिया। श्रीनिवास सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। गौरा में लगातार दूसरी बार इंद्र कुमार सिंह उर्फ डिंकू सिंह निर्विरोध निर्वाचित उपसभापति के पद पर अजीत प्रताप निर्वाचित हुए बबुरा समिति का चुनाव निरस्त कर दिया गया। चितौली में सीमा तिवारी ने एक मत से विजय हासिल किया। साधन सहकारी समिति नरैना में वीरेंद्र उर्फ दल्ले सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। खैरा में मीरा सिंह कोलेपुर में अशोक सिंह शिवपुर जितेंद्र सिंह गैपुरा आशीष पांडेय नौगांव अशोक उपाध्याय बौड़ई रामसागर मिश्रा डेरवां अरविंद निर्वाचित हुए। विजेता प्रतिभागियों को उनके समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद दिया।

### जमुई सहकारी समिति की निर्विरोध अध्यक्ष बनी कुसुम पटेल

**कलवारी।** जमुई स्थित सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर महिला प्रत्याशी कुसुम सिंह पटेल निर्विरोध चुनी गई। उपाध्यक्ष पद पर राजबहादुर सिंह ने भी निर्विरोध कब्जा जमाया। जमुई सहकारी समिति पर पहली बार महिला प्रत्याशी ने अपना कब्जा जमाया। इससे पहले समिति के अध्यक्ष पद की कमान पुरुषों के हाथ में थी। महिलाओं की सहभागिता अब सहकारी समिति पर हुई है। निर्विरोध महिला उम्मीदवार के चयन से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। चुनाव अधिकारी आशुतोष पाठक रहे। इस दौरान समिति के सचिव कृष्ण कुमार, सुरेश सिंह पटेल, राहुल सिंह, कृष्ण मुरारी, बउ पंडित, अखिलेश, राजू अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### शिव प्रसाद, अदलहाट में राज नरायन बने अध्यक्ष

**अदलहाट।** विकास खण्ड नरायनपुर के क्षेत्रीय सहकारी समिति घाटमपुर में चंद्र भूषण सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। ग्राम प्रधान हिनौती माफी प्रदीप सिंह पटेल ने माल्यार्पण कर जीत की बधाई दी। इसी प्रकार क्षेत्रीय सहकारी समिति कोलना में शिव प्रसाद सिंह, अदलहाट में राज नरायन सिंह अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए।

# बिजली कर्मियों की हड़ताल खत्म, काम पर लौटे कर्मचारी

**राहत**

### ऊर्जा मंत्री से सार्थक वार्ता के बाद बिजली कर्मियों की हड़ताल समाप्त

### अगले कुछ घंटों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर आने के आसार


अनपरा में सभा करते बिजली कर्मी

**सोनभद्र/ओबरा/अनपरा।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से वार्ता के बाद सांकेतिक हड़ताल वापस लेने की घोषणा किया। ऊर्जा मंत्री ने संघर्ष समिति उप्र के साथ विगत तीन दिसम्बर को हुए समझौते के क्रियान्वयन और अन्य मांगों के सार्थक समाधान हेतु शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही करने की घोषणा किया है। साथ ही ऊर्जा मंत्री ने इस आन्दोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मियों के विरूद्ध की गयी समस्त दमनात्मक कार्यवाहियों निलम्बन, निष्कासन, एफआईआर आदि वापस लेने हेतु ऊर्जा निगमों के चेयरमैन एम देवराज को निर्देश जारी कर दिये हैं।

ऊर्जा मंत्री के सकारात्मक घोषणा के दृष्टिगत विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा के प्रति आभार प्रकट करते हुए एवं उच्च न्यायालय के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए हड़ताल वापस लेने का ऐलान किया। संघर्ष समिति ने बिजली कर्मियों से अपील किया है कि वे जनता की तकलीफों को देखते हुए काम पर वापस लौटे और शीघ्रतिशीघ्र बिजली व्यवस्था सुचारू करने हेतु सभी कार्य करें। वार्ता में ऊर्जा मंत्री के साथ ऊर्जा निगमों के चेयरमैन एम देवराज, प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार, प्रबन्ध निदेशक पी गुरू प्रसाद उपस्थित रहे।

संघर्ष समिति के मुख्य पदाधिकारी संयोजक शैलेन्द्र दूबे, राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, जय प्रकाश, जी.वी. पटेल, गिरीश पाण्डेय, सदरूद्दीन राना, राजेन्द्र घिल्डियाल, सुहेल आबिद, महेन्द्र राय, चन्द्रभूषण उपाध्याय, शशिकान्त श्रीवास्तव, मनीष मिश्र, पीके दीक्षित, मो. वसीम, छोटेलाल दीक्षित, योगेन्द्र कुमार, राम चरण सिंह, पवन श्रीवास्तव, माया शंकर तिवारी, विशम्भर सिंह, राम सहारे वर्मा, शम्भू रत्न दीक्षित, पी एस बाजपेई, जी पी सिंह, रफीक अहमद, मो. इलियास, आर.के. सिंह, देवेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे। उधर समझौते की जानकारी मिलने के बाद अनपरा तापीय परियोजना पर भी संयोजक/ सहसंयोजक ने आंदोलन रात विद्युतकर्मियों के साथ सभा का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए इं अदालत वर्मा ने बताया कि ऊजार्मंत्री और चेयरमैन के अपील पर विश्वाश करते हुए अपने केंद्रीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार हम सभी आंदोलन स्थगित कर ड्यूटी पर वापस जा रहे हैं और फिर अपनी मशीनों को दक्षता पूर्वक उत्पादनरत करेंगे।

संयोजक अभिषेक बरनवाल ने सभा को संबोधित करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा में मुख्य रूप से एसपी यादव, उत्पल शंकर, ऋषि कांत त्रिपाठी, राजकुमार, रविकांत यादव, अनूप वर्मा, आशुतोष द्विवेदी, सचिनराज, सत्यम यादव, मनोज सिंह, अभिषेक सिंह,आरएन तिवारी,शारदा प्रसाद, रामकिशुन,विवेक सिंह,श्याम बिहारी सिंह,राजीव यादव, शैलेंद्र सिंह,जितेंद्र खरवार, विशाल जायसवाल, कालिका प्रसाद, दिनेश द्विवेदी समेत भारी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मुख्यतया उपस्थित थे।

## 49 बिजली कर्मियों पर दर्ज मुकदमे होंगे वापस

**ओबरा।** बिजली कर्मियों की हड़ताल के मद्देनजर शनिवार की देर रात जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 49 बिजली कर्मचारियों के नेताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया। इस दौरान जनपद सोनभद्र के ओबरा तथा अनपरा में बिजली कर्मचारियों के हड़ताल करने व जो कर्मी कार्य करना चाहते हैं उनको कर्मचारियों के नेताओं द्वारा कार्य करने से रोकने व धमकी देने के सम्बन्ध में थाना ओबरा पर धारा 342, 506 भादवि व 4, 5, 6 आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम एवं 7 सीएलए एक्ट का अभियोग 25 बिजली कर्मचारियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। वही इसी मामले में थाना अनपरा पर धारा 342, 506 भादवि व 4, 5, 6 आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम एवं 7 सीएलए एक्ट का अभियोग 24 बिजली कर्मचारियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है। हालांकि इसे समाप्त करने हेतु ऊर्जा मंत्री द्वारा बिजली विभाग के चेयरमैन को निर्देशित किया गया है।

# एएसपी का स्थानान्तरण दी गयी विदाई


एएसपी को प्रतीक चिन्ह देते एसपी

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी ओबरा के पद पर नियुक्त रहे शंकर प्रसाद का स्थानान्तरण डिप्टी कमांडेंट पीएसी 10 बटालियन पीएसी जनपद बाराबंकी होने पर विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। फूलमाला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य तथा सेवाकाल में आगे आने वाली चुनौतियों के लिये उन्हे शुभकामनायें दी गयी। समारोह में अधिकारीगण द्वारा जनपद में शंकर प्रसाद द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन हेतु प्रयासों की प्रशंसा की गयी। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह, नक्सल त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, सीओ राहलु पांडे, एसडीएम सदर रमेश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, सनसनी

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुड़पान गांव में शनिवार की रात एक युवक का शव पेड़ के सहारे लटकता मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवा दिया। बताया गया कि 20 वर्षीय मुन्ना चेरो पुत्र रामचंद्र चेरो निवासी कुडपान टोला देवकूड ने घर के सामने पेड़ में रस्सी का फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के पिता रामचंद्र ने बताया कि रात में भोजन करके सभी लोग सोने चले गए। रात में कब उठा और कब जाकर फांसी लगा लिया पता नहीं चल सका। सुबह जब सोकर उठे और घर से बाहर निकले तो सामने पेड़ से शव लटकता मिला। यह देख परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर वीर बहादुर चौधरी घटनास्थल पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवा दिया। बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सूखा हैण्डपम्प, पेयजल के लिए तरसे ग्रामीण

**सोनभद्र।** सदर ब्लाक के तरावा मनौर में पानी की भीषण समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं। गर्मी का मौसम प्रारम्भ ही हो रहा है कि हैण्डपम्पों ने साथ छोड़ना शुरू कर दिया। जिससे ग्रामीणों को अपना गला तर करने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। तरावा के मजरा मनोर स्थित सृष्टि नरायन उर्फ बचऊ के घर के पास स्थित हैंडपंप पिछले कई दिनों से पानी देना बंद कर दिया है, आस पास के ग्रामीण प्रधान व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से उक्त हैंडपंप के रिबोर के लिए मांग कर रहे हैं, लेकिन उनके पानी की समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब प्रधान व पंचायत विकास अधिकारी समस्या पर ध्यान नहीं देंगे तो समाधान कैसे होगा।


### बारिश, ओला पड़ने से किसानों को भारी नुकसान मुआवजा की मांग

**सोनभद्र।** पिछले तीन दिनों से बेमौसम बारिश तथा जगह जगह हो रही ओलावृष्टि पर चिंता जताते हुए पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच के नेता गिरीश पाण्डेय ने सरकार से नुकसान की समीक्षा कराकर मुआवजा देने की मांग किया है। गिरीश पाण्डेय ने बताया कि किसानों के खेत और खलिहान में इस समय सरसों, मसूर,चना, मटर लगभग तैयार है। इस दौरान हो रही बारिश तथा ओलावृष्टि तैयार फसलों के लिए काल के समान है। गिरीश पाण्डेय ने कहा कि इस सत्र में समय से अच्छी बरसात ना होने से धान की खेती से किसान पहले ही वंचित रहा है। किसी तरह से दलहन तथा तिलहन की फसल तैयार हुई तो प्रकृति दंश दे रही है। मांग किया कि ओलावृष्टि से किसानों की फसलों के नुकसान की समीक्षा करा मुआवजा दिया जाय।

### एक पासर गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे पासरों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में रविवार को पुलिस ने उपखनिज परिहार नियमावली खान एवं खनिज लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम से सम्बन्धित मामले में रामेश्वर सिंह पुत्र राजेन्द्र प्रसाद सिंह निवासी सिद्धी कला, हालपता- ग्राम बीरबल पो नरोखर, रावर्ट्सगंज को गिरफ्तार विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### डा. अर्पित ने नीट पीजी में प्राप्त की सफलता



**सिकंदरपुर।** क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी डा. अर्पित कुमार सिंह ने प्रथम प्रयास में ही नीट पीजी की परीक्षा पास कर लिया है। यह जानकारी जैसे ही उनके परिजनों व गांव के लोगों को लगी, खुशी की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि डा. अर्पित कुमार सिंह तहसील सिकंदरपुर के लेखपाल संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के पुत्र हैं। एमबीबीएस की पढ़ाई उन्होंने रसिया के ओरेनबर्ग स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से करने के बाद नीट पीजी की परीक्षा दिया था। प्रथम प्रयास में ही उन्होंने सफलता अर्जित कर परिवार एवं गांव का नाम रोशन किया है।

# साधन सहकारी समितियों के चुनाव में रही गहमा-गहमी

**निर्वाचित**

### जगत मोहन मिश्र सजौर प्रतिमा पटेल बनी तरांवा सासस की अध्यक्ष


साधन सहकारी समिति चुनाव में चुने गये पदाधिकारी



साधन सहकारी समिति सजौर के निर्वाचित अध्यक्ष व समर्थक

**सोनभद्र/रामगढ़।** जिले में रविवार को साधन सहकारी समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत संचालक मंडल का चुनाव संपन्न कराया गया। इस दौरान समितियों पर गहमा-गहमी देखी गई। तमाम समितियों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया लेकिन अधिकांश पर चुनाव कराया गया सभी परिणाम देर रात तक आने की उममीद है। सदर ब्लक के श्री रामपुरी उर्फ तरावां साधन सहकारी समिति के अध्यक्षी के चुनाव में सत्तापक्ष को मात मिली है। सदस्यी के चुनाव में ढेरों दांव-पेंच अपनाने के बावजूद, यहां प्रतिमा पटेल निर्विरोध अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने में कामयाब रही हैं। बताते चलें कि श्रीरामपुरी उर्फ तरावां साधन सहकारी समिति के सदस्यों के चुनाव के लिए पिछले एक सप्ताह से निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही थी। कभी भाजपा का मजबूत अंग रहा यह खेमा इस बार भाजपा खेमे से हटकर चुनाव की तैयारी में लगा हुआ था। इसको देखते हुए भाजपा खेमे की तरफ से सदस्यों के चुनाव के समय से ही सियासी बिसात बिछाए जाने का खेल शुरू कर दिया गया था।

बावजूद भाजपा से अलग हटकर चुनाव लड़ रहा खेमा नौ सदस्य पदों में पांच पर निर्विरोध निर्वाचन में कामयाब रहा था। रविवार को भी सुबह से ही भाजपा खेमे की तरफ से अपना अध्यक्ष निर्वाचित कराने को लेकर हलचल जारी थी लेकिन आखिरी समय तक प्रतिमा पटेल का ही एकमात्र पर्चा दाखिल हो पाया।

इसके चलते वह निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने में कामयाब रहीं। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक सत्यनारायण जैसल, पूर्व ब्लाक प्रमुख कुसुम कुशवाहा, संचालक सदस्य सूबेदार कुशवाहा, विक्कू प्रसाद, प्रमोद यादव, जगधारी यादव, राजेश कुमार सिंह, रामनारायण सिंह, बबुंदर भारती, विमलेश पटेल, नामवर कुशवाहा, बबलू खां, रामलखन देहाती, स्वदेश पटेल, अंकित कुशवाहा, राजाराम भारती, मिथिलेश पांडेय, मोनू खां, जितेंद्र पासवान, सियाराम यादव, अर्जुन चौहान, दिनेश पटेल, पिंटू मौर्या, बृजेश पटेल, सोनू भारती, तेजबहादुर सिंह, रमाशंकर, दिलीप पटेल, मोनू खां आदि मौजूद थे। राबर्ट्सगंज नगर से सटे साधन सहकारी समित सजौर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव हुआ। यहां तनाव की स्थिति को देखते हुए उप जिलाधिकारी रमेश कुमार की मौजूदगी में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। जहां मतदान के जरिए अध्यक्ष पद पर जगत मोहन मिश्रा और उपाध्यक्ष पद पर विवेक चौबे निर्वाचित हुए। यहां सुरक्षा व्यवस्था में फोर्स तैनात रही। इस मौके पर ईश्वर प्रसाद, सुशील पाठक, पवित मौर्य, राजेंद्र, अखिलेश, नई बाजार चौकी इंचार्ज श्रीकांत राय उपस्थित रहे। रामगढ़ संवाददाता के अनुसार शिवपुर साधान सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर मंजू पांडेय, रामगढ़ विनोद मिश्र, कोरियांव से ओम प्रकाश सिंह, सोढ़ा से तपेसी धांगर व साधन सहकारी समिति विरधी से गुलाब पटेल अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

## किर्ती सिंह परासी दुबे की अध्यक्ष

**सोनभद्र।** परासी दुबे साधन सहकारी समिति लिमिटेड से वार्ड संख्या 9 मानपुर सेक्टर से मानपुर निवासी कीर्ति सिंह पत्नी जयप्रकाश सिंह को साधन सहकारी समिति से कॉपरेटिव अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। सहकारी समिति से चुने गए कुल 9 सदस्य भी निर्विरोध चुने गए, जिसमें चयनित सदस्यों ने मिलकर कीर्ति सिंह को अपना अध्यक्ष चुना। कीर्ति सिंह ने बताया कि परासी दुबे सहकारी समिति से संबंधित सभी मतदाताओं व क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करती हूं और उनके द्वारा दिए गए इस जिम्मेदारी को वह पूरी ईमानदारी वह निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगी। उन्होंने बताया कि वे अपनी पढ़ाई इलाहाबाद विश्वविद्यालय से की हैं और आगे वे राजनैतिक क्षेत्र में उतरकर क्षेत्रवासियों की सेवा करना चाहती हैं। वहीं निर्विरोध चुने गए प्रत्याशियों से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

## नगवां ब्लॉक में सत्ता पक्ष का रहा दबदबा

**खलियारी।** नगवां ब्लाक के साधन सहकारी समिति के सम्पन्न हुए चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों का पलड़ा भारी रहा। चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद चुनाव की विसात बिछने के साथ ही सह और मात का खेल शुरु हो गया था। लेकिन विपक्षी दलों को अपेक्षित सफलता नही मिल सकी और सभी दांव फेल हो गये। काफी उठापटक और जोर आजमाइश के बाद आखिरकार सफलता भाजपा खेमे के प्रत्याशियों को मिली। जिसमे साधन सहकारी समिति वैनी से अर्चना सिंह, आमडीह से परमानंद सिंह पटेल व खलियारी से राजेश चौरसिया ने अध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत दर्ज कराते हुए अटकलों पर विराम लगा दिया। साथ ही नौडीहा साधन सहकारी समिति पर अध्यक्ष पद के लिए किसी के नामांकन नही करने से चुनाव रद्द हो गया। ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने विजयी प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत के लिए सदस्यों का आभार जताया। इस मौके पर अमरेश पटेल, महेश खरवार, विजय सिंह, संदीप आदि मौजूद रहे।

## झारो लैम्पस के अध्यक्ष बने शिवप्रसाद, लक्ष्मण उपसभापति



निर्वाचित पदाधिकारी

**दुद्धी।** झारो लैम्पस में लैम्पस अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें नौ नवनिर्वाचित संचालकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें कादल के शिवप्रसाद 5 मत पाकर झारो लैम्पस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं निकटम प्रतिद्वंदी मनबसा के नन्दकिशोर ने 4 मतों पर संतोष करना पड़ा। झारो लैम्पस के उपसभापति पद पर लक्ष्मण प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने इसकी घोषणा करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं दुद्धी लैम्पस अध्यक्ष का चुनाव अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी। चुनाव अधिकारी विजय बहादुर ने इसकी घोषणा करते हुए इसकी नोटिस लैम्पस के बाहर चस्पा कर दी। वहीं बघाडू लैम्पस अध्यक्ष का चुनाव भी चुनाव अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया। जिसकी नोटिस लैम्पस कार्यालय के बाहर चस्पा कर दी। दुद्धी लैंपस में प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय व कस्बा इंचार्ज संजय सिंह सुरक्षा को लेकर मौजूद रहे।

## लैंपस चुनाव में भाजपा के तीन अध्यक्ष हुए निर्विरोध निर्वाचित कार्यकर्ताओं में हर्ष

**चोपन/ सोनभद्र।** रविवार को शांति पूर्ण ढंग से सहकारी समिति लैंपस अध्यक्ष चुनाव सम्पन्न हो गया सुबह से ही ब्लॉक परिसर में लोगों का जमावड़ा लग गया जहाँ चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह के देखरेख में चुनाव हुआ जिसमें भाजपा की श्यामसती देवी पत्नी सुरेश तिवारी निर्विरोध चुनाव जीत गई वहीं जुगैल लैंपस में धर्मेन्द्र सिंह व सलखन में सत्यदेव पाण्डेय निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए जिसके बाद सभी नवनिर्वाचित लैंपस अध्यक्षों को मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह द्वारा विकास खंड चोपन के परिसर में माला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद,संजीव तिवारी, उदयनारायण पाण्डेय, रामनारायण पाण्डेय,रामपृत गुर्जर,घनश्याम चौधरी, परशुराम केशरी, तेजवंत पाण्डेय, विकास सिंह छोटकू आदि लोग मौजूद रहे। वहीं चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चोपन पुलिस मुस्तैद रही।

# सोनभद्र के जल जंगल और जमीनों पर पूँजीपत्तियों का कब्जा: अभिषेक

**सोनभद्र।** ओबरा तहसील क्षेत्र के सलईबनवा स्थित निमार्णाधीन एसीसी सीमेंट कंपनी के मनमानी और जल, जंगल, जमीन के दोहन कर समाप्त करने के मामले में एनजीटी में याचिका प्रस्तुत करने के बाद रविवार को स्थानीय लोगों से अपनी-अपनी क्षतिपूर्ति का दावा अदालत में पेश करने के लिए कानूनी जानकारी देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक चौबे ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाया। कहा की गरीब आदिवासियों के लिए उद्योग समस्या बनते जा रहे हैं। फैक्ट्री के निर्माण से स्थानीय लोगों का नहीं पूजी पतियों का भला होगा। बताया कि 13 फरवरी को ही विकास शाक्य एडवोकेट की याचिका पर एनजीटी में एसीसी सीमेंट सलाई बनवा के निमार्णाधीन फैक्ट्री द्वारा प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं जलाशय के अस्तित्व को समाप्त कर दिए जाने के विरोध में प्रस्तुत याचिका पर जिलाधिकारी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एवं जल शक्ति मंत्रालय से अधिकृत अधिकारियों की संयुक्त जांच कमेटी बनाकर भौतिक सत्यापन आख्या 17 मई के पूर्व मांगा गया है परंतु आज तक इस मामले में कमेटी ने याचिकाकर्ता को संज्ञानित नहीं किया जल स्त्रोत नाले, जलाशय पर स्थानीय लोगों एवं पशुपालकों की निर्भरता के साथ-साथ औषधीय गुणों वाले वनस्पतियों की उपस्थिति थी, परंतु उनके वजूद को नष्ट कर दिया गया। इसलिए स्थानीय लोगों को यह अधिकार है कि एनजीटी की याचिका में अपने-अपने क्षतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत करें। इस कानूनी लड़ाई में स्थानीय लोगों की निशुल्क मदद की जाएगी। विकाश शाक्य ने बताया कि एसीसी सीमेंट एक उद्योगपति का है और जिस तरह से सोनभद्र में एक के बाद एक बड़े और नामचीन उद्योगपति स्थानीय प्रशासन की मदद से जमीनों का मूल्यांकन कम करा कर आने पौने दाम पर खरीद रहे हैं वह भी एक गंभीर विषय है। उद्योगपतियों को कानून के विपरीत प्रोत्साहन एवं गरीब दलित आदिवासियों पर फर्जी मुकदमे लादे जा रहे हैं। जनपद आर्थिक अपराध का हब बनता जा रहा है हर कोई पैसे के दम पर वर्चस्व स्थापित करना चाहता है। और यहां के स्थानीय दलित आदिवासी समाज सबसे ज्यादा प्रभावित है एसीसी सीमेंट सलाईबनवा रेलवे स्टेशन के सामने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ बैठकर जन चौपाल लगाई और ग्रामीणों की समस्या को सुनी और सीमेंट फैक्ट्री से प्रभावित लोगों की क्षतिपूर्ति दावा पेश करने पर कानूनी मदद करने का भरोसा दिलाया। चौपाल कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विकास शाक्य, महफूज पठान, ऋतिशा गोड, राजनंदनी, भगत देवी, काजल, ओमप्रकाश यादव, शकुंतला, तैलवेती, विमली, फागो, रीता देवी, राधेश्याम, बलदेव, शोहराझायक, प्रभावती देवी, संगीता, राधेश्याम, फूलवती, विजय, काजल, शिवलखन आदि लोग उपस्थित रहे।

**खतरा**

### सीमेंट फैक्ट्री की जद में प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं जलाशय के अस्तित्व को खतरा

## एनटीपीसी रिहंद में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

**बीजपुर।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में मानव संसाधन विभाग के राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक प्रशासनिक भवन के मंथन प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक रिहंद अशेष कुमार चट्टोपाधाया ने किया। उन्होंने बैठक में भाग लेने वालों से आग्रह किया कि वे कार्यालय के कामकाज में अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का प्रयोग करें। साथ ही साथ आम बोलचाल में भी हिन्दी भाषा का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा बोलने में सरल एवं लिखने में भी आसान है। उन्होंने कहा कि हिन्दी संस्कृति एवं संस्कार की भाषा है। आज के दौर में हिन्दी सामाजिक, राजनीतिक, मनोरंजन, मीडिया, उत्पादन, सिनेमा के साथ रोजगार के क्षेत्र में भी अपना एक सुनिश्चित स्थान बना लिया है। इसलिए हम सभी को हिन्दी के ऊपर गर्व करते हुये अपना कार्यालय का कामकाज हिन्दी भाषा में करना चाहिए। उन्होंने लोगों से हिन्दी को और आगे बढ़ाने के लिए विचार विमर्श किया। बैठक में महाप्रबंधकगणों के साथ अन्य विभागाध्यक्षगण उपस्थित रहे। संचालन कार्यपालक नैगम संचार ग्रीष्मा कुमारी ने किया।

# डीसीएम टीम ने जीता टी12 महेंद्र सिंह धोनी कप


आफताब को सम्मानित करते मुख्य अतिथि अभिषेक चौबे

**डाला।** डाला नगर पंचायत विकास मोर्चा के अध्यक्ष अंजनी पटेल के नेतृत्व में रविवार को राष्ट्रीय जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में टी12 महेंद्र सिंह धोनी कप कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काट कर किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल एस विधि मंच व अधिवक्ता प्रयागराज हाईकोर्ट अभिषेक चौबे रहे। पहला मैच डीसीए व डीएलसीसी के बीच खेला गया, जिसमें डीएलसीसी ने टास जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बबलू ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। पूरी टीम नौ ओवर तीन गेंद के भीतर चालीस रन में सिमट गई। जीत का लक्ष्य को लेकर उतरी टीम डीसीए ने दो ओवर पांच बाल में मैच जीत लिया।

मुख्य अतिथि ने बताया कि राष्ट्र के निर्माण में खेल ही एकाकी की भावना उत्पन्न करती है। डाला में मिनी स्टेडियम का निर्माण जनप्रतिनिधियों को करना चाहिए। युवाओं के भीतर खेल की भावना सर्वप्रथम होनी चाहिए। मैन आफ द मैच आफताब रहे। कमेंट्री रविन्द्र चौधरी, स्कोरर अरुण पटेल और मैच के एम्पायर फैजल व पिंटू मिश्रा रहे। इस मौके पर प्रमोद कुमार, प्रवीण कुमार त्रिपाठी, अरविंद पटेल, पुष्पराज, अमित श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राम जियावन, चंद्रशेखर सिंह, नागेश मणि पाठक, विनोद यादव, संजय, सर्वेश कुमार, राजू चौधरी, सजावल पाठक, केदारनाथ चंद्रवंशी, राम शिरोमणि, अजय कुमार, दयाशंकर पटेल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सकलडीहा में सत्य प्रकाश और सलेमपुर में हरेन्द्र बने अध्यक्ष


सकलडीहा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्यप्रकाश सहित अन्य

**सकलडीहा।** विकास खंड के तेरह न्याय पंचायत अंतर्गत साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर रविवार को निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान समर्थकों ने माला फूल पहनाकर स्वागत किया। साधन सहकारी समिति सकलडीहा से सत्य प्रकाश यादव पुत्तुल को निर्विरोध अध्यक्ष व इन्द्रा पांडेय को उपाध्यक्ष चुना गया। सलेमपुर में हरेन्द्र प्रताप सिंह को दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष और सदानंद को उपाध्यक्ष चुना गया। धरहरा से निर्विरोध अध्यक्ष बृजेश पांडेय और त्रिलोकी यादव को उपाध्यक्ष चुनाव गया। तेन्दुई साधन सहकारी समिति पर निर्विरोध नंदलाल कुशवाहा अध्यक्ष और मीना कुमारी उपाध्यक्ष चुनी गयी। दिघवट में अरविंद सिंह अध्यक्ष और दामवंती देवी उपाध्यक्ष चुनी गयी। भोजापुर में हरेंद्र नारायण अध्यक्ष और चन्द्रशेखर आजाद को उपाध्यक्ष चुना गया। बढ़वलडीह में सहेन्द्र राय अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दिनेश यादव चुने गये। गोकुलपुर में राजपति अध्यक्ष और निर्मला देवी उपाध्यक्ष चुनी गयी। बथावर में अध्यक्ष अमित सिंह और उपाध्यक्ष अजीत सिंह चुने गये। घूस में अध्यक्ष बलवंत मौर्या और योगेन्द्र उपाध्यक्ष बने। डिग्धी में अध्यक्ष सुभाष और मनीष उपाध्यक्ष चुने गये। नोनार साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र बहादूर सिंह और रामकुमार राय उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। संघती में अध्यक्ष सुमन और राजेश सिंह उपाध्यक्ष बने। अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मालाफूल से समर्थकों ने सम्मानित किया। इस मौके पर मुराहु विश्वकर्मा, अमित सिंह, सिंटू यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात वार्ड ब्याय पर कार्रवाई के निर्देश

**चहनियां।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से विगत 10 दिन पूर्व वार्ड ब्याय द्वारा ताला तोड़कर फाइल चोरी करने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 रितेश कुमार ने जांच में सही तथ्य पाये जाने पर विभागीय कार्यवाही हेतु रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रेषित किया है। चिकित्साधिकारी ने विभागीय कार्यवाही करने का निर्देश जारी कर दिया है । चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात वार्ड ब्याय अरुण कुमार होली की रात में स्वास्थ्य केंद्र कार्यालय का ताला तोड़कर अपनी माता सैहजादी देवी की 1967 की पुरानी फाइल को गायब कर दिया था। मामले का पता तब चला जब बड़े बाबू किसी काम से कोई फाइल निकालने गये। वहां ताला टूटा देख स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 रितेश कुमार को सूचना दी। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने चोरी की सूचना थाने पर दी । बलुआ थाने से फोर्स आकर जब मामले की जांच किया व प्रभारी द्वारा डांटने पर वार्ड ब्याय ने फाइल लाकर पुलिस प्रशासन के सामने सौप दिया । प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 रितेश कुमार ने उच्चाधिकारीयों को अवगत कराते हुए वार्ड ब्याय के खिलाफ चोरी गये फाइल की रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रेषित कर दिया।

# सहकारी समिति के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये राजेश सिंह


नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव सिंह व अन्य

**चहनिया।** साधन सहकारी समिति टांडा कला विकास खंड चहनिया न्याय पंचायत जुड़ा हरधन अन्तर्गत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद का चुनाव गहमा-गहमी के बीच चुनाव अधिकारी संजीव सिंह कोआपरेटीव सचिव अशोक यादव, व पुलिसकर्मियों के देख- रेख सम्पन्न हुआ वहीं राजेश सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष व निर्विरोध उपाध्यक्ष संजीव सिंह रिंकु को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं जिला सहकारी बैंक लिमिटेड 6,क्रय विक्रय,6 टांडा सहकारी संघ लिमिटेड 11, फेडरेशन वाराणसी 2, इफको 2 प्रतिनिधि निर्विरोध चुने गए। चुने गये सभी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष प्रतिनिधियों ने कहा कि समिति के विकास में अपना भरपुर सहयोग प्रदान करेंगे। लोगों ने निर्विरोध निर्वाचित सभी लोगों को पहनाकर सम्मानित किया गया! इस दौरान राजीव कुमार सिंह मुन्ना अतुल सिंह रघुवंशी, आनंद सोनकर, सतेन्द्र सिंह, सौरभ सिंह, सिद्धार्थ सिंह, पिंटू जायसवाल, घनश्याम पांडेय, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## साधन सहकारी समिति नादी का चुनाव निर्विरोध संपन्न


नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह

**चहनिया।** क्षेत्र के नादी सहकारी समिति पर रविवार दोपहर 12 बजे सहकारी समिति का चुनाव प्रारंभ हुआ जिसमें कोऑपरेटिव बैंक ,पीसीएफ तथा इफको के लिए अजीत कुमार सिंह को निर्विरोध प्रतिनिधि पद पर निर्वाचित किया गया तथा साधन सहकारी पद के लिए बनारसी यादव सभापति व उर्मिला सिंह उपसभापति पद के लिए निर्विरोध चुनी गयी। इस दौरान मुख्य रूप से आनंद यादव चुनाव अधिकारी, भगवती यादव सचिव प्रसाद अहमद मृत्युंजय यादव प्रधान प्रतिनिधि नादी शिवधारी यादव , मंगला यादव , राधेश्याम यादव, रामजी राम कैलाश राजेन्द्र प्रताप सिंह ,आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सहकारी समिति संघ क्रय-विक्रय के प्रतिनिधियों का हुआ चुनाव


सहकारी समिति पर चुनाव संपन्न होने के बाद पदाधिकारी

**चंदौली।** राज निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर सहायक सहकारी समिति संचालन मंडल एवं समिति के सभापति व उपसभापति के साथ जिला सहकारी समिति संघ क्रय-विक्रय के प्रतिनिधियों का चुनाव रविवार को किया गया। इसी क्रम में सहायक सहकारी समिति चंदौली कि निर्वाचन शांतिपूर्ण गारंटी तरीके से विरोध हुआ। जिसमें चंदौली के अध्यक्ष पद पर नीलम सिंह उपाध्यक्ष संतोष सिंह को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी राजेश्वर पाल ने निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र दिया इसके बाद समर्थकों ने प्रत्याशी का माल्यार्पण कर स्वागत किया इस दौरान अमित सिंह, जय प्रकाश पाल,गुप्तेश्वर उपाध्याय, सुरेश सिंह, नामवर सिंह,संतोष सिंह, मनोज सिंह, विपिन बिहारी सिंह, प्रमोद पासवान, सुरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन


एस एस हॉस्पिटल द्वारा होली मिलन समारोह में उपस्थित लोग

**नियामताबाद।** अलीनगर स्थित अंबिका पैराडाइज लाल में एसएस हॉस्पिटल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि होली मिलन समारोह का आयोजन करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता एसएस हॉस्पिटल के प्रबंधक को धन्यवाद देना चाहता हूं। जो कि सभी कार्यकताओं को एक जगह एकत्रित करके अपनी बात रखने का मौका दिया। वहीं सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि कार्यक्रम में आप सभी को साधुवाद देना चाहता हूं होली मिलन समारोह में पार्टी के सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों को कहा कि इस खुशी के मौके पर सभी लोग गले से गले मिलकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें। इस अवसर पर अमित यादव, चंद्रशेखर यादव पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुगलसराय, अजीत यादव, महेंद्र माही जिला पंचायत सदस्य, सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय शिव पुराण कथा का हुआ आयोजन

**कंदवा।** गांव में शिव मंदिर परिसर में तीन दिवसीय शिव पुराण कथा के प्रथम दिवस काशी से पधारे विद्वान डॉ बृजेशमणि पाण्डेय जी ने शिव पुराण महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि चन्चुला एवं बिन्दुग नामक ब्राह्मण के उद्धार का वर्णन किया शिव विवाह का वर्णन करते हुए राजा अनरण्य की पुत्री पदमा की कथा सुनाई एवं महर्षि दधीचि की तपस्या एवं उनकी हड्डियों के वज्र के समान मजबूत होने की कथा वर्णन किया गया कथा श्रवण करने वालों में सर्व श्री हरिवंश राय, संजय राय,गिरिराज द्विवेदी धन्वन्तरि पांडेय, श्याम लाल यादव, वेद प्रकाश राय,नामवर सिंह, बाबू नंदन जी, वीरेंद्र यादव आदि कथा प्रेमी उपस्थित रहे।

# मूल्यांकन के दूसरे दिन भी शिक्षकों का आंदोलन रहा जारी

**मांग**

**शिक्षकों ने चेताया मांगे पूरी नहीं होने तक आंदोलन रहेगा जारी**


मूल्यांकन केंद्र पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते शिक्षक

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक समन्वय समिति के आवाहन पर मूल्यांकन के दूसरे दिन रविवार को भी शिक्षकों ने सात सूत्री मांगों को लेकर कार्य का बहिष्कार कर विरोध जताया। और सरकार के विरोध में नारेबाजी कर शिक्षकों ने आंदोलन को जारी करने का आह्वान किया चेताया कि जब तक हमारी मांगों पर सरकार विचार नहीं करेगी, तब तक हमारा आंदोलन चलता रहेगा।

मुख्यालय स्थित महेंद्र टेक्निक इंटर कॉलेज के मूल्यांकन केंद्र पर शिक्षकों ने अपनी मांगों के प्रति मुखर होकर मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया। इसके चलते मूल्यांकन केंद्र के कोठार से एक भी उत्तर पुस्तिका नहीं निकली जहां पर मूल्यांकन कार्य पूरी तरह से प्रभावित रहा। इस दौरान शिक्षक नेताओं ने कहा कि लंबे समय से सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं किया है। जिससे हम शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करना पड़ रहा है। चेताया आगे भी मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। जब तक हमारी मांगों को पूरा सरकार नहीं करती है। तब तक हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। पुरानी पेंशन बहाली सहित तमाम मुद्दों को लेकर कई बार हम लोगों ने आंदोलन के जरिए सरकार को अवगत कराया, लेकिन आज तक उस पर कोई अमल नहीं किया गया। इसके चलते हमें बाध्य होकर आंदोलन का रुख अख्तियार करना पड़ा है। इसके लिए पूरी तरह से सरकार जिम्मेदार है। इस दौरान ओमप्रकाश चैबे, विरेंद्र कुमार सिंह,प्रेम नारायण सिंह, बृज बिहारी सिंह, आनंद कुमार सिंह, अजीत सिंह, छोटेलाल, राजीव कुमार सिंह, रमेश सिंह, रंगीलाल,संजय सिंह,महेंद्र प्रताप सिंह, शमशेर सिंह, रामायण सिंह, अरविंद पांडे आदि शामिल रहे।

# धर्म की रक्षा को अवतरित होते हैं भगवानः संजय कृष्ण त्रिपाठी



**कंदवा।** बरहनी गांव स्थित मां मंशा देवी मंदिर परिसर में भागवत कथा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन उपस्थित जनों को कंस वध की कथा श्रवण कराते हुए संजय कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि कंस ध्यान वध के समय श्री कृष्ण की आयु बहुत कम थी। किशोरावस्था में ही श्री कृष्ण ने छावनी की रक्षा के लिए अपने मामा कंस का वध किया था कहते हैं कि भगवान धर्म की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए पहले स्वयं दुष्ट दानवों का नरसंहार किया फिर अर्जुन का सारथी बनकर कौरवों अधर्म के मार्ग पर चलने वालों का संहार करवा या। कथा की शुरूआत आचार्य ऋषिकेश महाराज द्वारा लयबद्ध तरीके से गणेश,हनुमान वंदना के साथ की गई। अखिलेश कुमार त्रिपाठी के तबले की थाप व नखडू,जितेन्द्र पाठक के हाथ जब बैंजो, हारमोनियम पर थिरके तो कथा प्रेमी,श्रोतागण झूम उठे। सोमवार को विशाल भंडारा के साथ कथा का समापन होगा। इस अवसर पर बासदेव तिवारी,विशाल सिंह,राजीव सिंह,नवनीत सिंह,संजय,रामपूजन सिंह,पप्पू सिंह,अनुष्ठान सिंह, बंदना तिवारी,पूजा सिंह,अंशिका सिंह ,फूलमती, शकुंतला, महिमा, अनिता, नीलम, मनाकी, फूलमती, खुशी, नव्या, सहित अन्य रहे।

# पशु आरोग्य शिविर मेला का हुआ आयोजन


पशु आरोग्य शिविर मेला में लोगों को जानकारी देते चिकित्सक

**नियामताबाद।** विकासखंड स्थित धपरी ग्राम सभा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन पशुपालन विभाग नियमताबाद ब्लॉक प्रभारी डॉक्टर वाई के यादव की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान संजय सोनकर ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में 66 पशुपालकों को मिनरल मिक्सचर, कृमिनाशक, किलनी, कैल्शियम और विटामिन की दवाएं दी गई। ब्लॉक प्रभारी डॉ वाई के यादव ने कहा कि पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए चारे के साथ पौष्टिक तत्व भी खिलाएं विभिन्न रोगों से बचाव के लिए समय-समय पर पशु डॉक्टर से सलाह लेना बहुत जरूरी है।

गोवंश के दूध गोबर और मूत्र के महत्व के बारे में भी विस्तृत रूप से ग्रामीणों को जानकारियां दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संजय सोनकर,डॉक्टर राम अवध यादव, मोहम्मद सलीम, आशा, नरेंद्र बिंद, लक्ष्मीना,नरेश आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बेखौफ पिकअप धारी चोरों ने चुराई चारा मशीन

**कंदवा।** क्षेत्र में इस समय चोरियों की बाढ़ आयी हुई है। पिकअप धारी चोर रात के अंधेरे में निकलते हैं चोरियों को अंजाम देकर रफूचक्कर हो जाते हैं। लेकिन पुलिस को कानों कान खबर नहीं होती है न ही पकड मे आते हैं। शनिवार की देर रात कुछ ऐसा ही वाकया घटित हुआ कंजेहरा गांव निवासी परमेंद्र यादव का चारा मशीन पिकअप धारी चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। लबे रोड मैजिक लगाकर चोरों द्वारा चोरी को अंजाम दिया गया वह भी कंदवा थाना से चंद किमी दूर पर। क्षेत्र में हो आए दिन हो रही चोरियों से आमजन में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस की कार्यप्रणाली पर पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है।
कंजेहरा गांव निवासी परमेन्द्र के अनुसार गांव से कुछ दूर पर सैयदराजा जमानिया मार्ग के किनारे छावनी है। जहां चारा मशीन लगा था। शनिवार की देर मैजिक पिकअप धारी चोर सैयदराजा जमानिया मार्ग पर मैजिक पिकअप लगाकर चारा मशीन लेकर रफूचक्कर हो गए। भुक्तभोगी की मानें तो कुछ दूर पर वह सो रहे थे आहट पाकर नींद खुली चोरों को आवाज भी दी गई। लेकिन तब तक सैयदराजा जमानिया मार्ग पर खड़ी मैजिक जिस पर बकायदा चोर चारा मशीन लादकर कंदवा की तरफ फरार हो गए।

# सीजनल इंफ्लूएंजा रोग से बचने के लिए किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार यादव ने बताया कि देश के अनेक राज्यो में सीजनल इंफ्लुएंजा रोग के द्दष्टिगत सकलडीहा विकासखंड के ग्रामीणों से अपिल करते हुए बताया कि अगर किसी भी व्यक्ति को आचानक तेजी से बुखार, ठण्ड लगना, शरीर में दर्द, गले में खराश, सूखी खॉसी, सर दर्द के लक्षण हो तो तत्काल ऐसे संक्रमण के मामलों को ध्यान में रखते हुए सीजनल इंफ्लुएंजा रोग के अनुरूप सामाजिक व्यवहार अपनाने की आवश्यकता है।

जैसे किसी भी व्यक्ति या बच्चे को तेजी से सांस चलना, सांस लेने में कठिनाई होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जॉच एवं उपचार कराये।वही उन्होंने ने बताया कि सीजनल इंफ्लुएंजा रोग संक्रमण की दर में वृद्धि को रोकने हेतु निम्न उपायों को तत्काल प्रभाव से अपनाया जाना महत्वपूर्ण है। जैसे किसी भी पब्लिक प्लेस,भीड़ भाड़ वाले स्थानो,चिकित्सालयो व अन्य स्थान पर मास्क पहनाना अनिवार्य है।



अनावश्यक भीड़ भाड़ वाले स्थानो पर बिना मास्क के जाने से बचे।छिकते समय रूमाल,टिशू पेपर,नाक एवं मूह को ढक कर रखे।जब भी कही बाहर से आंये तो घर के बाहर ही पहले साबुन से हाथ धोये, हैण्ड सेनेटाइजर करे। व हर पल सोशल-डिस्टेंसिंग का पालन करे। स्कूल कॉलेजों में सीजनल इंफ्लुएंजा रोग के अनुरूप व्यवहार का शत प्रतिशत अनुपालन हेतु प्रेरित किया। सीजनल इंफ्लुएंजा रोग के लक्षण प्रकट होने पर तत्काल चिकित्सक के परामशार्नुसार जॉच एवं मेडिसिन प्राप्त कर उसका सेवन जरूर करे।वही डॉ0 बीके प्रसाद ने बताया कि वर्तमान समय मे पूरे देश मे (एन्फ्लूएंजा लाइक वायरस )एंटीजेनिक शिफ्ट एंड एंटीजेनिक ड्रिफ्ट के चलते अपना स्ट्रेन को बढ़ाना है जिससे एक पैडेमिक एरिया होता है जिसमे खास कर बच्चो को सास लेने में तकलीफ व सास लेने में तकलीफ व बुखार नाक से पानी त्रीव गति से होना शुरू हक जाता है।

इसमें खास कर बच्चो को तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सक के संपर्क में आकर दिखाए। व चिकित्सक के अनुसार पानी,भोजन उबला हुआ इस्तेमाल करे साथ ही इसका विशेष ध्यान दे कि बच्चो को बासी खाना न खिलाये साथ ही हरि सब्जी सलाद का इस्तेमाल करे।

# सेमिनार में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा


सेमिनार में मुख्य अतिथि को मोमेंटो देते लोग

**नियामताबाद।** जीवक आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर कमलापुर एकौनी में राष्ट्रीय सम्भाषा परिषद जीवक हेल्थ सिंपोजियम सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पदमश्री से सम्मानित प्रोफेसर के के त्रिपाठी एमडी डी एम नेफ्रोंलॉजी काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर के एन द्विवेदी संकाय प्रमुख आयुर्वेदिक विभाग काशी विश्वविद्यालय वाराणसी व संस्था के संस्थापक पूर्व विधान परिषद सदस्य शिवबोध राम ने संयुक्त रूप से किया।

दो दिवसीय सेमिनार में अनेक संस्थान से आए अतिथि गण, पीजी, यूजी के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जीवन शैली व अन्य व्याधियों लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर पर साइंटिफिक पेपर, अतिथियों का भाषण, पोस्टर, योग कार्यशाला तथा विविध प्रकार के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर प्रोफेसर सी बी झा पूर्व संकाय अध्यक्ष आयुर्वेद विभाग बीएचयू वाराणसी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को सेमिनार के माध्यम से नित नई जानकारियां प्राप्त होती है। और जीवन शैली में बदलाव होता हैं। और कुछ कर गुजरने की चाहत बढ़ जाती है। वक्ताओं ने बारी बारी से कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉक्टर सुनील कुमार गौतम, डायरेक्टर सौरभ भारती,डॉ भावना द्विवेदी, प्रोफेसर नीलम गुप्ता, प्रोफेसर के के पांडेय, डायरेक्टर सौरभ भारती, प्रोफेसर कमलेश द्विवेदी ,प्रोफेसर जीडी गुप्ता,प्रोफेसर प्रदीप जैन, सरिता मिश्रा, राजीव त्रिपाठी, सुनील जायसवाल,आनंद प्रकाश तिवारी, अनुराग श्रीवास्तव, अग्निवेश दुबे, अमित सिंह, सुमित पांडे, प्रिया, कामिनी सिंह, पूनम, ममता, पूर्णिमा,प्रभा शंकर, प्रदीप आदि चिकित्सक गण मौजूद रहे।

## फंदे से झूला अर्धविक्षिप्त, मौत

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के केराडीहगांव में रविवार की दोपहर में अर्धविक्षिप्त व्यक्ति साड़ी का फंदा लगाकर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। गांव निवासी राजेश कुमार 35 वर्ष काफी दिनों से अर्धविक्षिप्त चल रहा था। सोमवार को घर की कुंडी अंदर से बंद कर साड़ी का फंदा लगाकर झूल गया।

जिससे उसकी मौत हो गयी। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। फंदे से शव लटका रहा था। परिजनों चीख पुकार सुनकर भारी संख्या में ग्रामीण जूट गयी। वहीं घटना की सूचना पुलिस को दिया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। वहीं थाना अध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

# गर्मी में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप लोगों में डेंगू, मलेरिया, होने का बढ़ा खतरा

**मच्छरों का प्रकोप**

**नगर पंचायत की तरफ से वार्डो में फॉगिंग व दवा का छिड़काव महज खानापूर्ति**

**चंदौली।** गर्मी शुरू होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। लोगो पर मच्छरजनित रोगों का खतरा मंडराने लगा है। खासकर डेंगू, मलेरिया, और चिकुनगुनिया का खतरा ज्यादा है। लेकिन नगर पंचायत की तरफ से वार्डो के नालियो में अब तक मैलाथियान पाउडर का छिड़काव नही हुआ है। वही फॉगिंग के नाम पर महज खानापूर्ति किया जा रहा है। गर्मी शुरू होने पर मच्छरों की संख्या में काफी इजाफा हो गया है। शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। और लोग मच्छरों के प्रकोप का शिकार हो रहे है। मौजूदा समय में जिले का तापमान लगभग 28 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। ऐसे में मच्छरों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। और लोगो पर मच्छर जनित रोगों का खतरा मंडरा रहा है। वही नगर में नाले, नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है। जगह-जगह फैली गंदगी में मच्छर, पनप रहे हैं। इन मच्छरों को मारने के लिए समय-समय पर नगर पंचायत दवा का छिड़काव कराती है। लेकिन अब तक नगर पंचायत की तरफ से कोई दवा का छिड़काव नही कराया गया है। और नाही नालियो की सफाई कराई गई है। नगर पंचायत के अंतर्गत 15 वार्ड है। सबसे ज्यादा मच्छरों का प्रकोप वार्ड नंबर सात किदवई नगर होता है। क्योंकि किदवई नगर में स्थित सड़सा बाबा पोखरे में फैली गंदगी के कारण मच्छर पनपते हैं। पर लोगों को शाम होते ही अपना शिकार बनाना शुरू कर देते हैं। इससे वार्ड वासियों को डेंगू व मलेरिया जैसे बीमारियों का खतरा होने का डर सता रहा है। वही वार्ड नंबर 14 गांधीनगर में सिंचाई विभाग का खुला नाला होने के कारण उसमें भी काफी तादाद में मच्छर पनपते हैं। और लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। लोग नगर पंचायत से फॉगिंग व दवा छिड़काव कराने की मांग कर रहे हैं। इस बाबत वरिष्ठ लिपिक इकबाल अहमद ने बताया कि नगर पंचायत की तरफ से नगर के नालियों में मैलाथियान पाउडर व वार्डो में फॉगिंग कराई जा रही है। जिससे मच्छरों का प्रकोप कम हो सके और लोग बीमारियों से दूर रहे।


चंदौली नगर के सर्विस रोड पर खुली नाली व उसमे पनपती गंदगी

## बिजली दुर्व्यवस्थाओं का दंश झेल रहे ग्रामीण

**चंदौली।** बिजली विभाग की ओर से 72 घंटे के हड़ताल के दौरान ग्रामीण अंचलों के लोगों को बिजली के दुर्व्यवस्थाओं का दंश झेलना पड़ा। शासन और प्रशासन व्यवस्था बहाली के आश्वासन देते रहे। लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारियों पर कोई असर नहीं दिखाई दिया। जिसका खामियाजा ग्रामीण अंचलों में कुटीर उद्योग और किसानों को भुगतना पड़ा। यही नहीं लोगों को बिजली के आने-जाने के सिलसिले को लेकर लोग चुटकिया भी लेते रहे। उनका कहना था पहले तो सरकार ने मिट्टी का तेल बंद कर दिया। अब बिजली की भी समस्या को दूर नहीं कर पा रही है। जिससे रात्रि में ग्रामीण अंचलों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा जनपद के ग्रामीण अंचलों में बिजली की दूर व्यवस्थाओं का दंश आम जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित करके रख दिया। बिजली विभाग के हड़ताल के कारण लोगों को पानी सहित तमाम समस्याओं से जूझने के साथ अंधेरा का भी सामना करना पड़ा ग्रामीण अंचलों के लोगों को बिजली आने-जाने का सिलसिला पर सरकार के प्रति नाराजगी भी दिखाई दी, लेकिन करें भी तो क्या करें।

## एर्लिंग हालैंड की हैट्रिक, मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप के सेमीफाइनल में किया प्रवेश

लंदन। एर्लिंग हालैंड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हैट्रिक जमाई, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने बर्नले को 6-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालैंड इस तरह से पिछले दो मैचों में आठ गोल कर चुके हैं। एर्लिंग हालैंड ने लिपजिग के खिलाफ मंगलवार को चैंपियंस लीग के मैच में मैनचेस्टर सिटी की 7-0 से जीत में पांच गोल किए थे। मैनचेस्टर सिटी की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी जीत है और इस बीच उसने कुल 23 गोल दागे हैं।

इस बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग में टोटेनहैम ने अंतिम स्थान पर काबिज साउथम्पटन के खिलाफ 3-1 से बढ़त हासिल करने के बावजूद आखिर में 3-3 से ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में लीड्स ने वॉल्वरहैम्प्टन को 4-2 से हराया।



# मिशेल मार्श और स्टार्क के तूफान में उड़ा भारत ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से दी करारी शिकस्त

## कंगारू टीम ने भारतीय पारी को 26 ओवर में 117 रनों पर समेट दिया





**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत को 10 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कंगारू टीम ने भारतीय पारी को 26 ओवर में 117 रनों पर समेट दिया। जवाब में उसने 11 ओवर में ही 121 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। 50-50 ओवरों का यह वनडे मैच कुल 37 ओवर में ही समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच को जीतकर सीरीज में वापसी कर ली। दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीत लिया है और चेन्नई में 22 मार्च को होने वाला तीसरा मैच एक तरह से फाइनल होगा। भारतीय टीम की वनडे में यह गेंद शेष रहने के लिहाज से सबसे बड़ी हार है। ऑस्ट्रेलिया ने पारी में 234 गेंद शेष रहते ही मैच को अपने नाम कर लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने 2019 में ऐसा किया था। तब उसने 212 गेंद शेष रहते टीम इंडिया को हराया था। इसके अलावा भारत के खिलाफ किसी टीम ने सबसे कम ओवरों में लक्ष्य को हासिल कर लिया है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने हैमिल्टन में 14.4 ओवर में दो विकेट पर 93 रन बनाकर भारत को 2019 में हराया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम का शीर्ष क्रम इस मैच में भी फेल रहा। पावरप्ले (शुरूआती 10 ओवर) में ही आधी टीम पवेलियन लौट गई। स्टार्क ने कहर बरपाते हुए पहले ही ओवर में शुभमन गिल को लाबुशेन के हाथों कैच कराया। वह खाता भी नहीं खोल सके। शुभमन ठीक उसी तरह आउट हुए, जैसे वह पिछले मैच में हुए थे। इसके बाद पारी के पांचवें ओवर में स्टार्क ने कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव को आउट किया। ओवर की चौथी गेंद पर स्टार्क ने रोहित को स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। रोहित 15 गेंदों में दो चौके की मदद से 13 रन बना सके। इसके बाद अगली गेंद पर सूर्यकुमार यादव को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। सूर्या ठीक उसी प्रकार आउट हुए, जैसे वह पिछले मैच में आउट हुए थे। सूर्या लगातार दूसरे वनडे में खाता नहीं खोल सके। मिचेल स्टार्क का अगला शिकार केएल राहुल बने। राहुल 12 गेंदों में नौ रन बना सके। उन्होंने पिछले मैच में अर्धशतक लगाया था, लेकिन इस बार उनका बल्ला नहीं चला। स्टार्क ने राहुल को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। शॉन एबॉट ने भारत को पांचवां झटका दिया। उन्होंने हार्दिक पांड्या को स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। हार्दिक एक रन बना सके। स्मिथ ने हवा में डाइव मारते हुए कैच पकड़ा। 16वें ओवर में भारत को छठा झटका लगा। विराट कोहली 35 गेंदों में 31 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में उन्होंने चार चौके लगाए। 91 के स्कोर पर भारत को सातवां झटका लगा। नाथन एलिस ने रवींद्र जडेजा को कैरी के हाथों कैच कराया। वह 39 गेंदों में 16 रन बना सके। 103 के स्कोर पर भारत को दो और झटके लगे। सीन एबॉट ने ओवर की चौथी गेंद पर कुलदीप यादव को हेड के हाथों कैच कराया। वह 17 गेंदों में चार रन बना सके। इसके बाद अगली गेंद पर मोहम्मद शमी को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच कराया। शमी खाता भी नहीं खोल सके। स्टार्क ने सिराज को क्लीन बोल्ड कर भारतीय पारी को 117 रन पर समेट दिया। *एजेंसी*

## बरेका जू. चार विकेट से जीता



**वाराणसी।** बीएचयू के आईएमएस ग्राउंड पर रविवार से शुरू प्रेमा चौरसिया-मोहन चौरसिया क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में बरेका जूनियर क्लब ने आईएमएस क्रिकेट क्लब को चार विकेट से हरा दिया। आईएमएस के 34.1 ओवर में 120 के जवाब में विजेता टीम ने छह विकेट पर 121 रन बनाए। अभिषेक सिंह ने दो विकेट लेने के साथ ही नाबाद 43 रन बनाए। पहले खेलते हुए आईएमएस का आगाज बिगड़ा तो कभी सुधर नहीं सका। भूपें द ने 20 रन बनाए जबकि सीताराम ने 15 रन बनाए। अभिषेक के अलावा रोहन, अनुज ने दो-दो विकेट लिए। किशोर वय क्रिकेटर शिवानी ने भी दो विकेट लिए।? जवाब में बरेका की हालत भी खराब हो गई जब उसके तीन विकेट 37 पर गिरे लेकिन बाद के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों की मेहनत को बचा लिया। इसके पहले पूर्व रणजी खिलाड़ी वेंकटेश सिंह ने गेंद खेलकर स्पर्धा का उद्घाटन किया। इस मौके पर वीसीए सचिव जावेद अख्तर खान, विशिष्ट अतिथि डा. आरएम चौरसिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# निकहत जरीन प्री क्वार्टरफाइनल में बोलीं-मेरी रणनीति दबदबा बनाने की थी

## अफ्रीकी चैम्पियन को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार मुक्केबाज निकहत जरीन ने रविवार को यहां अल्जीरिया की बोआलम रोमायसा को हराकर महिला विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। 50 किग्रा स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा कर रही निकहत ने मौजूदा अफ्रीकी चैम्पियन को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की।

दोनों मुक्केबाजों ने सतर्क शुरूआत करते हुए सुरक्षित दूरी बनाये रखी। पिछले चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली निकहत ने पहला अंक जुटाया। अल्जीरियाई मुक्केबाज को इसके बाद अंक मिला जिसके बाद दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे को पछाड़ने का प्रयास किया।

निकहत ने जहां कॉम्बिनेशन (सभी तरीकों के मुक्के) मुक्के जड़कर अंक जुटाये, वहीं रोमायसा ने भारतीय मुक्केबाज के 'ओपन गार्ड' (गार्ड नीचे कर-के खेलना) से फायदा उठाकर कई मुक्के जड़े। पहला राउंड निकहत के पक्ष में रहा और दूसरे में भी उन्होंने रोमायसा को कोई मौका नहीं दिया जो आक्रामक होने की कोशिश कर रही थीं। फिर दोनों आक्रामक होने के बाद एक दूसरे को जकड़े रहीं लेकिन अंत में केडी जाधव स्टेडियम में विजेता बनी निकहत। निकहत ने मुकाबले के बाद कहा, आज मेरी रणनीति दबदबा बनाने की थी क्योंकि रोमायसा शीर्ष वरीय मुक्केबाज थीं।

वरीयता का फायदा होता है। मुझे भी वरीयता मिली। अगर मैं शीर्ष वरीय को हराती हूं तो इससे जजों पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, मैंने उसके मुकाबले देखे हैं। अगर आप उसके करीब से खेलो तो वह काफी हावी हो जाती है। इसलिये मेरा लक्ष्य दूर से ही मुक्के जड़ने का था, हालांकि क्लिंचिंग (एक दूसरे को जकड़ना) हुई। दिन में एक अन्य मुकाबले में 2022 विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन (57 किग्रा) अपने अभियान की शुरूआत आस्ट्रेलिया की रहीमी टीना के खिलाफ करेंगी।

## रोहन बोपन्ना ने तोड़ा डेनियल नेस्टर का रिकॉर्ड



**एटीपी मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने**

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** भारत के रोहन बोपन्ना यहां बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूनार्मेंट में अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैट एबडेन के साथ पुरुष युगल का खिताब जीतकर एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। बोपन्ना अभी 43 वर्ष के हैं। उन्होंने और 35 वर्षीय एबडेन ने शनिवार को फाइनल में वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की की नीदरलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-3, 2-6, 10-8 से हराया।

अपने 10वें एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में खेल रहे बोपन्ना ने कहा, वास्तव में विशेष। इसलिए इसे टेनिस का स्वर्ग कहा जाता है। मैं बरसों से यहां आ रहा हूं और लोगों को यहां खिताब जीतते हुए देख रहा हूं। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि मैं और मैट यहां खिताब जीतने में सफल रहे। उन्होंने कहा, हमने कड़े और करीबी मैच खेले।

आज हमारा सामना यहां मौजूद सर्वश्रेष्ठ टीम से था। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हम ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। बोपन्ना ने इस तरह कनाडा के डेनियल नेस्टर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2015 में सिनसिनाटी मास्टर्स में 42 साल की उम्र में खिताब जीता था। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, मैंने डैनी नेस्टर से बात की और मैंने उनसे कहा कि मुझे खेद है कि मैं उनका रिकॉर्ड तोड़ने जा रहा हूं। यह खिताब हमेशा मेरे साथ रहेगा और मैं वास्तव में इससे बहुत खुश हूं। बोपन्ना का का यह कुल पांचवा और 2017 में मोंटेकार्लो ओपन के बाद पहला मास्टर्स 1000 युगल खिताब है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी का यह इस साल तीसरा फाइनल था। बोपन्ना अब तक टूर स्तर पर कुल 24 खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन और दो बार के खिताब विजेता जॉन इस्नर और जैक सॉक को हराया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलीसिमे और डेनिस शापोवालोव को पराजित किया था।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की इस जोड़ी ने अपने शुरूआती मैच में राफेल माटोस और डेविड वेगा हर्नांडेज को हराया था। विश्व में पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी बोपन्ना इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# मोहन बागान ने जीता पहला आईएसएल का खिताब सुनील छेत्री की बेंगलुरु टीम को पेनल्टी शूट में हराया

## पेट्राटोस ने बेंगलुरु की जीत में बाधा बनते हुए 85वें मिनट में गोल किया और मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया



**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के फाइनल मुकाबले में एटीके मोहन बागान ने बेंगलुरु एफसी को हराकर खिताब को अपने नाम कर लिया। दोनों टीमों ने निर्धारित समय तक एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी।

यही कारण है कि अंतिम समय तक मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। पेनाल्टी शूटआउट मोहन बागान की टीम शुरूआती चारो प्रयास में गोल करने में सफल रही। बेंगलुरु की टीम तीसरे प्रयास में चूक गई। आखिरी प्रयास में उसे हर हाल में गोल चाहिए थे लेकिन यहां भी उसे निराशा हाथ लगी और शूटआउट का परिणाम 4-3 से बागान के पक्ष में चला गया। इसके साथ ही बेंगलुरु का दूसरी बार खिताब जीतने का सपना भी टूट गया। दूसरी तरफ, मोहन बागान के जुड़ने के बाद ऐटलेटिको कोलकाता फ्रेंचाइजी ने पहली बार खिताब अपने नाम किया।

***मुकाबला टक्कर का रहा***

गोवा के मडगांव में खेले गए मैच में मोहन बागान को 14वें मिनट में ही दिमित्री पेत्रातोस ने पेनाल्टी पर गोल कर मैच में आगे किया। लेकिन, पहले हाफ के इंजरी टाइम में बेंगलुरु को भी पेनाल्टी मिल गया और कप्तान सुनील छेत्री ने इस मौके को जाया नहीं जाने दिया। उन्होंने शानदार गोल कर हाफ टाइम तक स्कोर 1-1 से बराकर कर दिया। 61वें मिनट में हालांकि बागान के पास एक बार फिर गोल का शानदार मौका था लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी।

इसी बीच 78वें मिनट में रॉय कृष्णा ने गोल कर बेंगलुरु को आगे किया। हालांकि इसके सात मिनट बाद ही दिमित्री ने एक बार फिर पेनाल्टी पर गोल कर बागान को बराबरी दिला दी। आखिरकार निर्धारित समय तक मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा, जिसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में मोहन बागान ने बाजी मार ली।

# श्रीलंका पर मंडराया क्लीन स्वीप का खतरा फॉलोऑन के बाद भी न्यूजीलैंड से 303 रन पीछे

वेलिंगटन। श्रीलंका ने फॉलोऑन करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 113 रन बनाए और उसे पारी की हार से बचने के लिए अब भी 303 रन की जरूरत है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी चार विकेट पर 580 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम 164 रन पर आउट हो गई।

न्यूजीलैंड ने इस तरह से पहली पारी में 416 रन की बड़ी बढ़त हासिल की और उसके कप्तान टिम साउदी ने श्रीलंका को फॉलोऑन के लिए आमंत्रित करने में कोई देर नहीं लगाई। न्यूजीलैंड ने एक महीने पहले इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ फॉलोऑन करते हुए एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी। श्रीलंका ने दूसरी पारी में सजग शुरूआत की। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय कुसल मेंडिस 50 और एंजेलो मैथ्यूज एक रन पर खेल रहे थे। पहली पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे मेंडिस ने दूसरी पारी में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले 96 गेंदों पर अपना 17वां अर्धशतक पूरा किया। तीसरे दिन के खेल में श्रीलंकाई बल्लेबाजी का आकर्षण कप्तान दिमुथ करुणारत्ने रहे। श्रीलंका ने सुबह अपनी पहली पारी दो विकेट पर 26 रन से आगे बढ़ाई तो करुणारत्ने ने नौवें विकेट के रूप में आउट होने से पहले टीम की तरफ से सर्वाधिक 89 रन बनाए। इसके बाद वह फिर क्रीज पर उतरे और उन्होंने दिन का खेल समाप्त होने से आधा घंटा पहले साउदी की गेंद पर डीप मिडविकेट पर कैच देने से पूर्व 51 रन की पारी खेली। श्रीलंका की पहली पारी में करुणारत्ने के अलावा दिनेश चंदीमल (37) और निसान मधुशका (19) ही दोहरे अंक में पहुंचे। न्यूजीलैंड की तरफ से मैट हेनरी और माइकल ब्रेसवेल ने तीन-तीन विकेट लिये। श्रीलंका ने अपने आखिरी छह विकेट 50 रन के अंदर गंवाए।



# गायत्री परिवार की तरफ से वैदिक मंत्रोचार के साथ हुई कलश स्थापना

जनसंदेश न्यूज



**चंदौली।** पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ के नव कुंडी गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को नगर के एक वाटिका से कलश यात्रा निकालकर हुआ। गायत्री परिवार के सदस्यों ने पूरे नगर का भ्रमण कर पुनः वाटिका पहुंचे। जहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश की स्थापना की गई और इसके बाद यज्ञ की शुरूआत हो गई।

मुख्यालय स्थित एक वाटिका में चल रहे श्रीमद् पवन प्रज्ञा पुराण कथा एवं नव कुंडी गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ अवसर रविवार को भक्तों की ओर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान पीले वस्त्र धारण कर सर पर कलश लेकर नगर का भ्रमण किया वही युवा और प्रबुद्ध जनों ने झंडा बैनर देव चित्र व बैंड बाजा के साथ नगर की परिक्रमा की। इसके चलते गायत्री परिवार की ओर से किए गए जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद पुनः वाटिका पहुंचकर यज्ञशाला में भक्तों ने प्रवेश किया और वैदिक मंत्र मंत्रोच्चारण के बाद कलश की स्थापना की। वही माताओं बहनों ने आरती के बाद वैदिक नव कुंडी महायज्ञ का शुभारंभ किया। इसके बाद लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सांयकाल शांतिकुंज प्रतिनिधि कंचन चैबे की टोली द्वारा कथा का भी शुभारंभ किया जाएगा।

# आश्वासन पर हड़ताल समाप्त, बहाल हुई आपूर्ति

### खुशी

**जनता ने ली राहत की सांस**

**हड़ताल के दौरान पानी, बिजली के लिए त्राहिमाम**

**मोबाइल चार्ज करने की रही होड़**

**जौनपुर।** बिजली संघर्ष समिति के 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल का जिले भर में असर देखने को मिला। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में लोग रात अंधेरे में गुजारने को मजबूर रहे। शहर की हर गली-मोहल्ले में लोग बिजली पानी के लिये त्राहिमाम करते नजर आये। हालांकि विद्युत विभाग के आलाधिकारी व जिला प्रशासन लगातार विद्युत बहाली को लेकर प्रयासरत रहे वहीं यह भी आरोप लगता रहा कि कर्मचरियों ने हड़ताल के साथ विद्युत प्रवाहित तारों को भी क्षति पहुँचायी है। जिस कारण शहर को घोर समस्याओं का सामना करना करना पड़ा। हालांकि दोपहर बाद विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति व ऊर्जा मंत्री के साथ वार्ता हुई और विद्युत कर्मचारियों की मांगो के समाधान के आश्वासन पर हड़ताल को समाप्त किया गया।

ज्ञातव्य हो कि विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के बाद नगर में बिजली आपूर्ति ध्वस्त हो गयी। लोग बिजली पानी के लिये त्राहिमाम करते रहे। कई क्षेत्रों में तो 3 दिनों से बिजली न आने के कारण लोग काफी परेशानियों से जूझते रहे। प्रदेश के तमाम जिलों सहित जौनपुर में बिजली गुल रही। इस दौरान 72 घंटे चलने वाले हड़ताल को 65 घंटे में ही समाप्त कर दिया गया। हड़ताल के दौरान लोग जहाँ घरों में बिजली के साथ पानी के लिये परेशान दिखे तो वहीं युवा वर्ग मोबाइल चार्ज करने को लेकर काफी तरसते दिखे। नगर के प्रत्येक गली मोहल्ले में लोग पानी व मोबाइल चार्ज करने के लिये चंदा एकत्रित कर किसी तरह विद्युत की प्राप्ति कर राहत की सांस ली। नगर के मोहल्ला ताड़तला, मुफ्ती मोहल्ला व सिपाह सहित अन्य क्षेत्रों में लोग जनरेटर से मोबाइल चार्ज करने को उमड़े रहें। इस दौरान नगर के लोगों के बीच विद्युत कर्मचारियों के लिये खूब आक्रोश देखने को मिला। बच्चें, बूढ़े व महिलाएं बिजली के लिये परेशान रहे व जिम्मेदारों को कोसते रहे। रविवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और बिजली कर्मचारी नेताओं के बीच तीसरे राउंड की बैठक में बात बन गई। सरकार ने जो 3000 लोगों को बर्खास्त व २२ लोगों पर एस्मा की कार्यवाही की थी उसे वापस लेने पर सहमती बनी। हालाकि इस दौरान सरकार की तरफ से वार्ता के साथ ही एक्शन का दौर भी जारी रहा। अन्ततः हड़तालियों व सरकार के बीच कुछ मुद्दों पर समझौते के बाद हड़ताल को समाप्त किया गया और हड़ताली काम पर वापस लौटे तथा देर शाम तक पूरे जनपद की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी।



जनरेटर चलाकर मोबाइल चार्ज करते युवा





पानी के लिए लगी युवाओं और बच्चों की कतारें

**सरकार के आश्वासन पर समाप्त हुई हड़ताल**

**जौनपुर।** रविवार को हड़ताल के तीसरे दिन विद्युत भण्डार केन्द्र में धरना प्रर्दशन जारी था। इस दौरान दोपहर 3 बजे विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के शीर्ष नेतृत्व व ऊर्जा मंत्री के बीच वार्ता एवं विद्युत कर्मचारियों की मांगो का समाधान किये जाने के आश्वासन पर हड़ताल समाप्त हो गई। संयोजक निखिलेश सिंह ने बताया कि प्रबन्धन की विद्युत कर्मियों की मांगो को पूरा करने का वादा किया जाना स्वागत योग्य है तथा समस्त विद्युत कर्मियों को जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने एवं सुचारू रूप से कार्य करने हेतु अनुरोध किया गया।

## दबंगों ने खड़ंजा उखाड़ा और ट्रैक्टर से उठा ले गए ईंट

**जनसंदेश न्यूज**

### दुस्साहस

**विरोध करने पर महिला और उसके बच्चों की जमकर की पिटाई**

**मछलीशहर।** कोतवाली के रामपुर कटहित गांव में सुबह भोर में एक पक्ष ने नवनिर्मित 50 मीटर खड़ंजा ईट को जबरी उखाड़ कर फेंक दिया और विरोध करने पर पड़ोसी महिला और उसके बच्चों की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। करंजे में लगी सरकारी ईंट ट्रैक्टर पर ले गए। विरोध करने पर महिलाओं के साथ परिवार वालों को दौड़ा दौड़ा कर मारा। दर्जनों की संख्या में आए दबंगों ने खड़ंजा उखाड़ने का विरोध करने पर पिटाई किया।

आरोप है पीड़ित पक्ष लगातार पुलिस को फोन करता रहा लेकिन पुलिस की सहायता 3 घंटे बाद उपलब्ध हो पाई। जब लोगों ने जिला कप्तान को फोन किया वहां से फोन आने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और मौके से घायलों को लेकर इलाज के लिए ले गई। जानकारी के मुताबिक अनीता देवी पत्नी शिव प्रकाश के घर जाने के लिए 50 मीटर का खड़ंजा गांव में ही 5 दिन पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा लगवाया गया था। खड़ंजा बिछाने का विरोध सुरेश पुत्र रामदुलार कर रहे थे। आरोप है कि खड़ंजा लगने के बाद उखाड़ने की शुरू से ही धमकी दी जा रही थी। रविवार को घटना को अंजाम भी दे दिया गया। पीड़ित परिवार वालों का कहना है कि पुलिस प्रशासन ने सुनवाई की होती तो खड़ंजा नहीं उखाड़ा जाता। अनीता (40) को सिर पर गहरी चोट आई है। उसके पति शिव प्रकाश और पुत्री आंचल को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच चल रही है। क्षेत्राधिकारी अतर सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी है जो भी दोषी होगा कठोर कार्रवाई होगी किसी प्रकार की गुंडई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## चार विद्युत कर्मियों पर एस्मा के तहत केस दर्ज

**जनसंदेश न्यूज**

**खेतासराय।** बिजली कर्मियों की हड़ताल के बाद आम जनता को हो रही असुविधाओं के बीच प्रशासन सख्त हो गया है। स्थानीय उपकेंद्र में कार्यरत चार कर्मियों के ड्यूटी से नदारद होने पर कार्रवाई की गई है। नोडल अधिकारी की तहरीर पर थाने में चारों सब स्टेशन ऑफिसर के खिलाफ एस्मा के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

प्रशासन की कार्रवाई से हड़ताली बिजली कर्मियों में हड़कंप मच गया। बता दें कि विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेश के तमाम इलाकों में विद्युतकर्मी हड़ताल पर हैं जिसकी वजह से रविवार को लगातार तीसरे दिन विद्युत आपूर्ति ठप्प है। जिसके चलते पूरा इलाका अंधेरे की आगोश में है। शाहगंज उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने स्थिति से निपटने के लिए लेखपालों की करीब दर्जन भर टीम बनाई और नायब तहसीलदारों को उनका नोडल बनाया है।

नायब तहसीलदार शैलेंद्र कुमार सरोज ने बताया कि खेतासराय स्थित 13/11 केवी उप केंद्र में सब स्टेशन ऑफिसर मोतीचंद्र, सूर्यभान, मनोज कुमार और मुकेश की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन चारों एसएसओ अनुपस्थित चल रहे थे और हड़ताल में शामिल रहे। उन्होंने बताया कि शासनादेश के मुताबिक प्रदेश में छह माह तक जरूरी सुविधाओं से संबंधित हड़ताल पर रोक लगी है। इस आधार पर चारों एसएसओ के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि चारों एसएसओ के खिलाफ आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विद्युत कटौती के विरोध में व्यापारियों ने शव यात्रा निकालकर जताया विरोध

**मुंगराबादशाहपुर।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के चलते तीन दिन से लगातार विद्युत कटौती के विरोध में नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की शव यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

रविवार को नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की प्रतीकात्मक शव यात्रा नई बाजार से नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए स्टेशन रोड पर पहुंची जहां सांकेतिक शव को जलाकर विरोध जताया। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार व विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंगराबादशाहपुर में विद्युत बहाल करने को लेकर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जिलाधिकारी व विद्युत विभाग के अधिकारियों का आदेश हवा हवाई साबित हो रहा है लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पूरा नगर 3 दिन से अंधेरे में गुमनामी में जी रहा है लेकिन जिलाधिकारी समेत विद्युत विभाग के अधिकारियों के कानों तक जूं तक नहीं रेंग रही है। आलम यह है कि छात्रों की बोर्ड की परीक्षा में पढ़ने के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अघोषित विद्युत कटौती बहाल नहीं की गई तो आक्रोशित व्यापारी धरना प्रदर्शन देने के लिए विवश होंगे। इस अवसर पर शैलेंद्र साहू, शिव कुमार लल्ला, अभिषेक केशरी, नंदलाल, दीपू, सुरेश सोनो, विश्वनाथ जायसवाल, अमित गुप्ता, दीप केसरी, रवि गुप्ता, दीपक गुप्ता, रवी दुबे, अनुज जायसवाल, पवन जायसवाल, मयंक तिवारी, युवराज गुप्ता, सुजीत गुप्ता, अमित जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।



विद्युत कर्मचारियों की शवयात्रा निकालते व्यापारी

### रोष

**नगर में 3 दिन से विद्युत कटौती को लेकर व्यापारी हुए आक्रोशित**

## संक्षेप



### निर्विरोध सभापति चुनी गई पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनीता

**नौपेड़वा।** बक्शा विकास खण्ड के साधन सहकारी समिति लिमिटेड बेलापार में रविवार को हुए चुनाव में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनीता यादव निर्विरोध सभापति चुनी गई। निवार्चन अधिकारी महेश कुमार तिवारी की देखरेख में आयोजित चुनाव में सुनीता यादव सभापति तो इन्दू सिंह उपसभापति चुनी गई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र कुमार यादव, ब्लॉक प्रमुख मनोज यादव, अशोक शुक्ला, जितेन्द्र सिंह, अभिनय सिंह, सचिव बीरेंद्र सिंह, राजेश यादव, रामसरन वकील सहित अन्य सदस्यगण व समर्थक मौजूद रहे।

### पत्रकार विनय सिंह सहित नौ समितियों के सभापति निर्वाचित

**चंदवक।** क्षेत्र पंचायत डोभी के नौ साधन सहकारी समितियों के सभापति के लिए हुए चुनाव में जहां आठ समितियों के सभापति निर्विरोध निर्वाचित हुए वहीं सहकारी समिति बीरीबारी में चुनाव हुआ। जिसमें निर्विरोध सभापति निर्वाचित हुए साधन सहकारी समिति मन्दूपुर से पत्रकार विनय प्रताप सिंह, अईलिया से राम दयाल सिंह, बराभनपुर से सरिता सिंह, अमरौना से विजय बहादुर सिंह, मढ़ी से राम जियावन यादव, चंदवक से मालती देवी, बोड़सर से संतोष कुमार सिंह बच्चा व बहिरी से बांके यादव। वहीं साधन सहकारी समिति बीरीबारी में हुए चुनाव में मुकेश सिंह को 6 व सुरेंद्र सिंह को तीन मत मिले। मुकेश सिंह को विजयी घोषित किया गया। चुनाव सकुशल संपन्न हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया था।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**केराकत।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत उपनिरीक्षक युगल किशोर चौकी प्रभारी थानागद्दी द्वारा रविवार की सुबह पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त क्षेत्र के टड़वा निवासी देवानंद पुत्र बैजनाथ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### मवेशियों से लदी डीसीएम व एक तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

**सुइथाकला।** रविवार की सुबह थाना क्षेत्र के डीहअसरफाबाद के पास मवेशियों से लदी डीसीएम व एक तस्कर को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिस सम्बन्धित धाराओं के तहत उक्त को जेल भेज दिया। बताया जाता है कि रविवार सुबह पांच बजे के आसपास उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह मय हमराही क्षेत्र भ्रमण पर थे। संदिग्ध हालात में आती डीसीएम यूपी 72टी1978 को पकड़ लिया जिसमें लगभग दस भैंस, पड़िया व एक गाय लदी थी। इधर मौके को भांपते हुए उस पर सवार फरार हो चले पर एक तस्कर गिरफ्त में आ गया। गिरफ्त में आये हुए तस्कर का हाल पता खुशनूर पुत्र इस्लाम निवासी राजापुर थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़ निकला। पूछताछ के बाद मामले में पुलिस चार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को जेल भेज दिया, जबकि तीन अन्य की तलाश में लगी है। खबर लिखे जाने तक मवेशियों की सुपुर्दगी नहीं हो सकी। इस दौरान कान्स्टेबल विजय सिंह व श्रीकान्त गुप्ता मौजूद रहे।

### जनपद स्तरीय एथलेटिक्स महिला का आयोजन 21 को

**करंजाकला।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च पर अवकाश के कारण जनपद स्तरीय एथलेटिक्स महिला का आयोजन 21 मार्च को प्रातः 9 बजे से इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्धीकपुर में किया जाएगा जिसमे 100, 200, 400 एवं 800 मीटर दौड़ में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक महिला खिलाड़ी कृष्ण कुमार यादव पूर्व चैंपियन एथलीट स्टेडियम में संपर्क कर प्रतिभाग कर सकती हैं। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने दी है।

# सुषमा स्वराज सम्मान योजना के तहत महिलाओं को किया सम्मानित

**जौनपुर।** भाजपा महिला मोर्चा जौनपुर द्वारा सुषमा स्वराज सम्मान का कार्यक्रम महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य शशि मौर्या तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा रही। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एव जिलाध्यक्ष ने सयुक्त रूप से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम आरंभ किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर में अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में पहला नाम राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ी और शिक्षिका के रूप में समाज में निरंतर काम करने वाली बंदना सरकार एवं शिक्षिका डा. उषा सिंह और ममता सिंह को सम्मानित किया गया। सखी वेलफेयर की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, शिवानी यादव और साधना सिंह, साधना खरवार, शिखा मौर्या सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शशि मौर्या ने उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुये कहाकि स्व. सुषमा स्वराज महिलाओं की प्रेरणा स्त्रोत रही हैं उनमें सेवा भाव कूट-कूट कर भरा हुआ था उनके नाम से आज महिलाओं को अवॉर्ड दिया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि सुनीता सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेत्री रही स्व. सुषमा स्वराज महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रही हैं और इसी को देखते हुए महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उनके नाम पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अवार्ड दिए जा रहे हैं। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री विमला श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष राखी सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, ममता गिरी, जिला मंत्री अंशु कुशवाहा, चेतना श्रीवास्तव, करुणा मौर्या और मंडल के सभी पदाधिकारी बहनों की उपस्थिति रही।



सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित हुई महिलाएं

## चार नामजद एसएसओ समेत अन्य के खिलाफ एस्मा के तहत मुकदमा दर्ज

**उपजिलाधिकारी की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा**

**मछलीशहर।** कोतवाली पुलिस ने चार नामजद एसएसओ सहित उपकेन्द्र पर तैनात सभी सहयोगी विद्युतकर्मी के एस्मा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र फीडर पर तैनात एसएसओ विजय पाल, अशोक पटेल, अनिरुद्ध यादव उर्फ पिंटू और अरविंद मौर्य सहित उपकेंद्र सभी सहयोगी विद्युत कर्मी के खिलाफ उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया की तहरीर पर एस्मा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। लगातार काफी प्रयास के बाद भी कोई विद्युत कर्मी उपकेंद्र पर नहीं पहुंचा जिसके बाद यह कार्यवाही की गई। बताते चले के नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था तीन दिन से पूरी तरह से ठप्प है। वहीं तीन दिन बिजली नहीं मिलने से कस्बे वासियों को सबसे ज्यादा समस्या पानी की हो रही है। वहीं विद्युत आधारित दुकानें लोग बंद करने को मजबूर हो गए हैं।

## साधन सहकारी समिति मुर्तजाबाद में सुधा राय हुई निर्विरोध निर्वाचित



साधन सहकारी समिति के चुने गये सभापति व उपसभापति

### चुनाव

**दुगौली में कृपाशंकर यादव निर्विरोध हुए सभापति, देवकली में योगेंद्र सिंह सभापति चुने गए**

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के साधन सहकारी समिति मुर्तजाबाद में सर्वसम्मिति से सुधा राय सभापति एवं उपसभापति रामबली यादव चुने गए। वहीं साधन सहकारी समिति दुगौली में कृपाशंकर यादव सभापति एवं विजय तिवारी उप सभापति चुने गए। देवकली में योगेंद्र सिंह सभापति एवं उप सभापति रविन्द्र तिवारी चुने गए। सभी न्याय पंचायतों में सभापतियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संजय यादव, सुबाष यादव, राजनेत यादव, बीरेंद्र सिंह, प्रकाश यादव, लालचंद राय, रामनाथ यादव, जयप्रकाश यादव, चुनमुन राय, लाल बहादुर तिवारी, डिम्पल आदि लोगों ने सभापतियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**जनसंदेश न्यूज**

### कार्यक्रम

**मदरसा एजाजुल उलूम का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह**

**खेतासराय।** रविवार को नगर के मदरसा एजाजुल उलूम परिसर में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ कुरआन की तेलावत तथा हम्द पाक से हुआ। कार्यक्रम में मदरसे के छात्र मोहियउद्दीन काजी, मोहम्मद अरसलान, तथा छात्राओं में फिजा बानो, तहरीम फातमा, कुलसुम शिफा बानो, फिजा खां ने नातिया कलाम तथा तकरीर और संवाद पेश किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष वसीम अहमद, मोहम्मद असलम खान, इंजीनियर मोहम्मद आबिद, आफाक खान, इंतखाब अंसारी, सभासद ग्यास अहमद, जमीर अहमद शाह द्वारा छात्र छात्राओं को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मदरसा एजाजुल उलूम की वार्षिक परीक्षा में एलकेजी में प्रथम स्थान तूबा बानो, द्वितीय स्थान गुलाम वारिस तृतीय स्थान मोहम्मद अहमद, यूकेजी में प्रथम मुहम्मद आरिफ द्वितीय गुलनाज बानो तृतीय स्थान जारा बानों, कक्षा एक में प्रथम शाहीन बानो, द्वितीय स्थान रोजी बानो, तृतीय अबु तलहा अंसारी रहे। कक्षा दो में प्रथम स्थान आएशा बानो, द्वितीय मोहम्मद यासिर, तृतीय लाइबा बानो, कक्षा 3 में प्रथम अलीजा बानो, द्वितीय आत्तेफा बानो, तृतीय अलशिफा बानो, कक्षा 4 में प्रथम जन्नत खातून, द्वितीय मोहम्मद हामिद रजा, तृतीय सरीना खातून, कक्षा 5 में प्रथम नीलोफर, द्वितीय फिजा बानो, तृतीय मनतशा बानो, गर्ल्स सेक्शन में कक्षा 6 प्रथम आएशा बानो द्वितीय हलीमा बानो, तृतीय तस्कीन फातमा, कक्षा 7 में प्रथम जोया खान, द्वितीय कुलसुम, तृतीय तहरीम बानो तथा कक्षा 8 में रोजी बानो ने प्रथम स्थान ने पुरस्कार की ट्राफी अतिथियों के हाथों प्राप्त किया। इसके अलावा मदरसा के यूकेजी की छात्रा सायरा बानो, कक्षा तीन के ओसामा यजदानी तथा कक्षा 6 की आयशा बानो को उनकी विद्यालय में शानदार उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया। संचालन कार्यक्रम सयोजक सैयद तारिक व हाफिज जुबैर अहमद ने संयुक्त रूप से तथा अध्यक्षता सैयद ताहिर ने किया।



## जमीन के विवाद को लेकर दबंगों ने वृद्ध को पीटा

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत पवांरा गांव निवासी सुरेश चन्द्र तिवारी (70) पुत्र स्व. रामशिरोमणि तिवारी 17 मार्च की रात्रि करीब आठ बजे अपने खेत की तरफ जा रहे थे तभी गांव के ही रामलाल यादव, अजीत यादव, अजय यादव उर्फ बंटी व विजय उर्फ छोटू यादव जमीनी-विवाद को लेकर रास्ते में रोककर उनको गाली देते हुए मारने-पीटने लगे। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने पीड़ित सुरेश तिवारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले गयी जहां उसका उपचार करवाया। पुलिस ने पीड़ित के भाई नन्हेलाल तिवारी की तहरीर के आधार पर उपरोक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।



# पहलवानी में भी भविष्य तलाशें युवा उज्वल है भविष्य : जगदीश नारायण

### खेल

**जयवीर धर्मापुर ने मगन भूलनडीह को दिखाया आसमान**

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के गद्दोपुर गांव में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कुश्ती प्रतियोगिता में कई पहलवानों में रोचक मुकाबला हुआ।

रविवार को ब्लॉक क्षेत्र के गद्दोपुर गांव स्थित अखाड़े में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कुश्ती प्रतियोगिता का जफराबाद विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय ने पहलवानों के हाथ को मिलाकर शुभारंभ किया। इस कुश्ती प्रतियोगिता में जयवीर धमार्पुर ने मगन भूलनडीह को मात्र डेढ़ मिनट में आसमान दिखाकर चित कर दिया। वहीं मनीष गद्दोपुर ने लकी नई बाजार को, सचिन परसौली ने नीलेश गद्दोपुर को, करन बहरीपुर ने सूरज नई बाजार को, विश्वास गद्दोपुर ने शुभम धमार्पुर, विकास एकौनी ने लकी बहरीपुर को मात्र दो मिनट में चित कर आसमान दिखा दिया। इस कुश्ती प्रतियोगिता में कुल 11 जोड़ियों ने प्रतिभाग किया। विजेता व उप विजेता पहलवानों को कुश्ती के मुख्य अतिथि विधायक जगदीश नारायण राय व कुश्ती आयोजक व प्रधान प्रतिनिधि राम साहब यादव ने शिल्ड व नकद इनाम राशि देकर पुरस्कृत किया। कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले पहलवानों का उत्साह वर्धन बढ़ाते हुए विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि मेहनत के बलबूते हासिल किया जा सकता है कोई भी मुकाम, भारतीय पहलवानों ने हमेशा विश्व में भारत का सर गर्व से किया है। पहलवानी में भी आज के युवा अपना भविष्य आजमा सकते हैं। पहलवानी का भविष्य बहुत ही उज्ज्वल है। इस कुश्ती प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका में सुभाष यादव, डॉ. सुदर्शन, तेजू यादव व जय सिंह यादव रहे। इस दौरान कमला प्रसाद यादव, राम साहब यादव, सुदर्शन यादव, प्रधान अनिल यादव फौजी, हवलदार यादव, राकेश यादव, राम आसरे, दिनेश, संतोष पहलवान, तेजू पहलवान, डॉ. कल्पनाथ, कमलेश आदि मौजूद रहे।



कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों का हाथ मिलाकर शुभारंभ करते विधायक जगदीश नारायण

# एसडीएम पहुंचे विद्युत उपकेंद्र बिजली आपूर्ति बहाल कराया



विद्युत उपकेंद्र पर आपूर्ति को चालू करवाती एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा रविवार को बिजली विभाग के द्वारा जारी हड़ताल समाप्त होते ही खुद उपकेंद्रों पर पहुचकर बिजली आपूर्ति बहाल करती नजर आई।

बता दें कि रविवार को एसडीएम उपकेंद्र केराकत सहित कई उपकेंद्रों पर खुद पहुंच गयी। उन्होंने तत्काल बिजली विभाग के एसएसओ को निर्देश दिया कि बिजली आपूर्ति बहाल की जाय। एसडीएम नेहा मिश्रा की मौजूदगी में ही बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

बिजली आपूर्ति बहाल होते ही क्षेत्र के लोगों में प्रसन्नता देखी गई। वहीं क्षेत्र के कुछ गणमान्य लोगों ने यह भी कहा कि जब से बिजली विभाग द्वारा हड़ताल चल रही थी, तब से एसडीएम लगातार क्षेत्र के उपकेंद्रों पर भ्रमण करती रही।

## विधायक के दवाब में खरमास में ही बजवा दी सरकारी शहनाई : संजय यादव

**जौनपुर।** मार्च के बीते सप्ताह से खरमास लगने से विवाह कार्यक्रम का आयोजन होने पर सवाल उठ रहे है। चालू वित्तीय वर्ष में विधायक रमेश सिंह के दवाब में ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कराने के दबाव में खरमास में ही शाहगंज महोत्सव कराकर सामूहिक विवाह करा दिया गया। समाजवादी पार्टी के नेता संजय यादव एडवोकेट ने शाहगंज महोत्सव पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा सनातन धर्म की मान्यता के अनुसार जिस समय लोग नए वस्त्र नहीं खरीदते उस समय शादी कराना किसी पाप से कम नहीं है। खरमास के माह में शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। शादी नए भवन का निर्माण, गृह प्रवेश इत्यादि शुभ कार्य करने से लोग बचते है। वहीं विधायक द्वारा गरीब मजलूम में परिवार को अंधकार में रख ऐसा कृत्य कराना गरीबों के साथ भद्दा मजाक उड़ाया गया है। संजय यादव ने कहाकि विधायक द्वारा चीनी मिल, नया जिला बनाने के सभी दावे कहा गए? वित्तीय वर्ष की समाप्ति की आपाधापी में आखिर समाज कल्याण विभाग ने खरमास में बीना मुहूर्त के और विधायक रमेश सिंह ने अपनी वाहवाही लूटने के लिए रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मे शादियां कराया गया।

# रक्तदान सामाजिक भेदभाव दूर करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है : प्रो. त्रिपाठी

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** रोटरी इन्टरनेशनल की इकाई रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर द्वारा आयोजित सात दिवसीय रक्तदान महादान कैम्प का भव्य समापन आइएमए चैरिटेबल ब्लड बैंक में किया गया। क्लब द्वारा आयोजित सात दिवसीय रक्तदान महादान के इनडोर व आउटडोर कैम्प में युवाओं, विद्यार्थी वर्ग एवं समाज सेवियों के सहयोग से कुल दो सौ युनिट से अधिक रक्तदान किया गया।

महादान के समापन के अवसर पर क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता, कोर सदस्य पवन प्रजापति समेत तमाम अन्य लोगों ने रक्तदान किया। रक्तयोद्धाओं को उत्तरप्रदेश लोक सेवा सदस्य प्रोफेसर आरएन त्रिपाठी, रोटरी क्लब संरक्षक श्याम बहादुर सिंह, आइएमए प्रेसीडेंट डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, ब्लड बैंक इंचार्ज मेजर डॉ. एके मौर्य, खझड़ी सम्राट सत्य प्रकाश मुन्ना, रोट्रैक्ट क्लब चेयरमैन विवेक सेठी, रोटरी क्लब अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता का उद्बोधन एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रोफेसर आरएन त्रिपाठी ने रक्तयोद्धाओं को संबोधित करते हुए रक्तदान की सामाजिक परिपेक्ष्य में अहमियत बताया और कहा कि रक्तदान सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। रोटरी क्लब पूर्व अध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने रोट्रैक्ट क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो की प्रशंसा करते हुए निरंतर प्रगतिशील रहने के लिए कहा। आइएमए अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने रक्तदान को संसार में किए जाने वाले सभी दानों से सर्वश्रेष्ठ दान बताया और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव कुलदीप योगी ने किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब से पूर्व अध्यक्ष केके मिश्रा, अमित पाण्डेय, पूर्व सचिव शिवांशु श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनन्या गुप्ता, पवन प्रजापति, रत्नेश शर्मा, नवीन शेखर, दिव्या पाल, स्वेच्छा रानी, कनिष्का मिश्रा, स्वाती राज, समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।


## संक्षेप

### भोला प्रसाद सेठ व समर बहादुर सिंह निर्विरोध चुने गए सभापति



**महराजगंज।** ब्लॉक अंतर्गत साधन सहकारी समिति फतूपुर के सवंसा द्वितीय संचालक मंडल सदस्य पद से चुने गए भोला प्रसाद सेठ रविवार को नौ सदस्यों के सहमति से निर्विरोध सभापति चुने गए। इसी क्रम में गद्दोपुर से समर बहादुर सिंह निर्विरोध सभापति चुने गए। इस मौके पर सचिव सर्वदेव दूबे, अजय सिंह, शिवपूजन सेठ, संजय कुमार दूबे, सुनील गुप्ता, संजय यादव, डॉ. एलबी यादव, ओम प्रकाश, शारदा प्रसाद, सुनील कुमार सहित समर्थकों ने खुशी जाहिर की।

### जयप्रकाश पाठक चुने गए निर्विरोध सभापति



**मछलीशहर।** साधन सहकारी समिति सलारपुर इटहा का चुनाव गहमा गहमी के बीच संपन्न हुआ। जय प्रकाश पाठक को निर्विरोध सभापति चुना गया। नौ गांव के सदस्यों ने मिलकर निर्विरोध चुना। चुनाव अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि कोई और नामांकन न होने की वजह से चुनाव निर्विरोध हुआ है। इस मौके पर डेली गेट सदस्यों में अनिल कुमार पांडेय, रामपति निषाद, प्रदीप, राहुल मिश्रा, रोहित सिंह, मीना उपाध्याय, शांति उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। सभी लोगों ने जयप्रकाश पाठक का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

### शांतिपूर्ण ढंग से समितियों के चुने गए सरपंच



**खुटहन।** विकास खंड में संचालित सभी नौ साधन सहकारी समितियों के सरपंच पद का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। साधन सहकारी समिति मोबारकपुर से निर्विरोध इंद्रावती देवी, खुटहन से श्रवण कुमार यादव, मरहट से उर्मिला देवी, पट्टी नरेन्द्रपुर से महेंद्र प्रताप सिंह, पटैला से ओमप्रकाश निगम, डिहिया से अजय कुमार सिंह, टिकरीकला से राजनाथ यादव, भागमलपुर से आशा देवी और तिसौली समिति के सरपंच उगेश तिवारी चुने गए। चुनाव के दौरान सभी समितियों पर पुलिस बल तैनात रहा।

### इन्द्रदेव दूबे सभापति व उपसभापति रविशंकर निर्विरोध निर्वाचित



**पवांरा।** विकास खण्ड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के अन्तर्गत साधन सहकारी समिति पर रविवार को सभापति पद के लिए इन्द्रदेव दूबे व उपसभापति पद के लिए रविशंकर पाण्डेय निर्विरोध चुने गये। विजयी प्रत्याशी को लोगों ने फूल-मालाओं से लाद दिया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रही। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राजेश कुमार दूबे उर्फ मटरु दूबे, नागेन्द्र दूबे उर्फ गद्दर, शिवाकान्त तिवारी, विक्रम त्रिपाठी, रमाकान्त तिवारी, राजकुमार तिवारी, दीपू दूबे आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं साधन सहकारी समिति हिरामनपुर में इन्दू सिंह पांच वोट पाकर सभापति चुनी गयी।

### सभापति माधुरी सिंह उपसभापति राज बहादुर यादव निर्विरोध चुने गए



**करंजाकला।** विकास खण्ड करंजाकला के साधन सहकारी समिति लिमिटेड जंगीपुर खुर्द में रविवार को सभापति व उपसभापति का चुनाव हुआ जिसमें भाजपा नेता स्व. नरेंद्र प्रताप सिंह की धर्मपत्नी एवं मंडल महामंत्री प्रशांत सिंह "दीपक" की माताजी माधुरी सिंह निर्विरोध सभापति चुनी गई। निवार्चन अधिकारी मुकेश कुमार व उमाशंकर की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें माधुरी सिंह सभापति तो राजबहादुर यादव उपसभापति चुने गए। इस अवसर पर दुर्गेश प्रताप सिंह पिंटू प्रधान संघ अध्यक्ष पति चंदन यादव, महामंत्री मिथिलेश यादव मंडल अध्यक्ष, राजकेशर पाल रामेश्वर सिंह, डीके सिंह प्रभात यादव दागा, अखिलेश विनोद, संतोष, मनीष, आदि सदस्य जीत की बधाई दी।

### निर्विरोध निर्वाचित हुए 9 सभापति

**सिरकोनी।** ब्लॉक में नौ लोग साधन सहकारी समिति के सभापति चुने हए। अधिकांश जगहों पर सभापति निर्विरोध चुने गए। कुछ स्थान पर चुनाव प्रक्रिया की तरह सदस्यों ने मतदान से सभापति चुना। चुनाव प्रक्रिया शनिवार से चल रही थी। चुनाव के लिए सुबह से ही साधन सहकारी समिति पर चुनाव अधिकारी आ गए थे। साधन सहकारी समिति सरस्वती जमैथा में रूपेश कुमार सिंह उर्फ डिपले सिंह, कबुलपुर से डॉ. दिनेश कुमार सिंह, राजेपुर से डेजी सिंह पत्नी अजय सिंह, शाहबड़ेपुर से शरद कुमार चौहान, कुद्दुपुर से माधोपट्टी से अभिषेक सिंह, गोपीपुर से रामशिरोमणि तिवारी निर्विरोध सभापति चुने गये।

### डेढुआना गांव के बब्बू सिंह निर्विरोध सरपंच चुने गए



**केराकत।** ब्लॉक क्षेत्र के डेढुआना गांव के साधन सहकारी समिति उसरपुर के सरपंच का चुनाव रविवार को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। गांव के अतुल कुमार सिंह उर्फ बब्बू निर्विरोध सरपंच चुने गए। उन्होंने सरपंच पद पर अकेले नामांकन दाखिल किया था कि बब्बू के सरपंच चुने जाने पर गांव की ग्राम प्रधान शैव्या सिंह सहित अनिल सिंह, मदन सिंह, रामजतन सिंह, मनोज कुमार सिंह, संतोष राजभर, श्याम नारायण प्रजापति, हिमांशु राय, बेचन, शिवचंद्र, जिलेदार, अरुण कुमार, बच्चा, कृष्णा, डॉ. पप्पू सरोज, चंद्रशेखर, साहबलाल व पंकज ने माला पहनाकर जीत की बधाई दी।

### सहकारी समिति के सभापति का चुनाव सकुशल संपन्न



**बरसठी।** विकास खंड के बारह सहकारी समितियों के सभापति का चुनाव रविवार को सकुशल संपन्न हो गया। सभापति के चुनाव में दस सभापति निर्विरोध चुने गए जबकि दो सहकारी समितियों पर चुनाव हुआ। निर्विरोध सभापतियो में गोहका से इंद्रेश तिवारी, दताव से राकेश शुक्ला, पल्टूपुर से राजनाथ मौर्या, हरद्वारी से प्रकाश चंद्र त्रिपाठी, भन्नौर से राजेश सिंह, बरसठी से रमेश दुबे, गोठाव से हेमराज मिश्र, पपरावन से सुशील पाठक, भदराव से अयोध्या प्रसाद मिश्रा व असवा से संजय मिश्रा निर्विरोध चुने गए। जबकि परियत सहकारी समिति से संतोष कुमार सिंह और काटी से शेरबहादुर यादव बिजयी हुये।

### काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**जौनपुर।** बज्म ए कारवान ए अदब के तत्वावधान में रविवार की शाम में एक गैर तरही काव्य गोष्ठी का आयोजन नगर के मोहल्ला शेख मुहामिद में स्थित अनवार मंजिल में किया गया जिसकी अध्यक्षता शायर जिया जौनपुरी एवं संचालन की जिम्मेदारी शहजाद जौनपुरी ने अंजाम दिया। प्रोग्राम की शुरूआत शायर उलझन जौनपुरी ने अपना कलाम पेश करके किया।

# सबका विकास ही सरकार का मकसद : डॉ. संजय निषाद




**जौनपुर।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ. संजय कुमार निषाद ने जफराबाद में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। निषाद पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की नीति है कि गाँव के गरीब के साथ साथ हर धर्म और वर्ग का विकास है।

श्री निषाद ने बताया कि जिस मछुआ समाज को पूर्व की सरकारें अछूत समझती थी आज उसका ख्याल रखने के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार कर रही है। पिछले बजट में 20 हजार करोड़ ब्लू रेवोल्यूशन के नाम पर मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रावधान किया है और बीते दिन में पास हुए बजट में मछुआ समाज के लिए 6 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान कर मछुआ समाज को विकास के क्रम में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निषाद राज जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर मछुआ समाज का मान बढ़ाया जा रहा है। श्री निषाद ने अपने विभाग से संबंधित बजट के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत होल सेल फिश मार्केट के लिये रू० 257 करोड़ 50 लाख की व्यवस्था प्रस्तावित है, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत रु० 10 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है, निषादराज बोट सब्सिडी योजना हेतु रू० 5 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार 22-2023 वित्त वर्ष में सभी मछुआरों को मत्स्य पालक कल्याण कोष से निम्न मदों में सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहाकि दैवीय आपदाओं से हुई किसी क्षति की स्थिति में मत्स्य पालक/मछुआरा परिवार को वित्तीय सहायता का उपबंध कराना, चिकित्सा सहायता, केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्रफल एवं धनराशि के अनुसार एकल आवास सहित मछुआ आवास निर्माण सहायता की भी अनुज्ञा प्रदान की जाएगी।

## गौरा से तौफीक व पिलखिनी से नागेंद्र चुने गये निर्विरोध सभापति

**गौराबादशाहपुर।** विकास खंड धमार्पुर के चार साधन सहकारी समितियों पर रविवार को सभापति का चुनाव निर्विरोध हो गया। जबकि एक समिति किरतापुर पर संचालक मंडल के सदस्यों का चुनाव स्थगित होने से सभापति नहीं चुने गये। इस दौरान पुलिस फोर्स भी लगी रही। धमार्पुर ब्लाक के प्रभारी एडीओ कोआपरेटिव नरेश कुमार ने बताया कि ब्लाक के साधन सहकारी समिति गौरा से तौफीक अहमद, नयनसंड से विकास सिंह, रत्तीपुर से नंदलाल यादव और पिलखिनी से नगेन्द्र निर्विरोध सभापति चुने गये। गौरा से तौफीक अहमद के निर्विरोध चुने जाने पर पूर्व सभापति श्यामबिहारी यादव, सुजीत जायसवाल, आतिश सोनकर, जमील अख्तर फुले, रामा यादव, रामसहाय यादव, कैलाशनाथ, रामराज यादव, बेचू कटियार अन्य ने प्रसन्नता जताते हुए माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी। पिलखिनी से नगेन्द्र के चुने जाने पर राहुल सिंह, शैलेन्द्र, बड़ेलाल यादव, राजेश यादव, सुरेन्द्र राजभर आदि ने प्रसन्नता जतायी है।

# 10 महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड से किया गया सम्मानित



**भदोही।** भाजपा महिला मोर्चा जिला इकाई द्वारा रविवार को नगर के बाई पास रोड पर स्थित एक प्रतिष्ठान में सुषमा स्वराज अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 10 महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर व विशिष्ट अतिथि मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी प्रांत सुरेखा सिंह तथा डॉ.शिखा मौर्य मौजूद रहीं।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर व मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी प्रांत सुरेखा सिंह तथा डॉ. शिखा मौर्य ने अपने हाथों से समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शर्मिला शर्मा, उर्मिला देवी, पूनम हर्ष, प्रतिमा पुष्प, उषा देवी, मीनाक्षी देवी, ऋतु रानी, योगिता हेमकर, डॉ.सुषमा बरनवाल व डॉ. प्रियंका सिंह को सुषमा स्वराज अवार्ड देकर सम्मानित किया। साथ ही इसके सफल आयोजन के लिए संयोजिका एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री आरती सिंह को बधाई दी। मौके पर वंदना दुबे, सपना दुबे, वंदना तिवारी, ममता, सुषमा, लक्ष्मी, स्नेहलता आदि पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहीं। अंत में आरती सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया।

# वार्ता के बाद बिजली कर्मियों ने हड़ताल लिया वापस

**सहमति बनी**

**समझौते के तहत सभी दमनात्मक कार्रवाई को वापस लेने हेतु ऊर्जा निगमों के चेयरमैन को निर्देश किये गए जारी**

जनसंदेश न्यूज



विधुत कर्मियों का धरना खत्म होने के बाद भदोही सब स्टेशन का निरीक्षण कर बाहर आते तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति

**भदोही।** ऊर्जा मंत्री से सार्थक वार्ता के बाद बिजली कर्मियों ने 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल समय से पूर्व वापस ले ली। ऊर्जा मंत्री ने 03 दिसम्बर के समझौते व अन्य मांगों के क्रियान्वयन तथा आन्दोलन के फलस्वरूप की गयी सभी दमनात्मक कार्यवाहियों को वापस लेने हेतु ऊर्जा निगमों के चेयरमैन को निर्देश भी जारी किये हैं। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा से वार्ता के बाद आज 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल समय के पूर्व वापस लेने की घोषणा की। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के साथ विगत 03 दिसम्बर को हुए समझौते के क्रियान्वयन और अन्य मांगों के सार्थक समाधान हेतु शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही करने की घोषणा की है। साथ ही ऊर्जा मंत्री ने इस आन्दोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मियों के विरूद्ध की गयी समस्त दमनात्मक कार्यवाहियों निलम्बन, निष्कासन, एफआईआर आदि वापस लेने हेतु ऊर्जा निगमों के चेयरमैन एम देवराज को निर्देश जारी कर दिये हैं।

संयोजक धीरेन्द्र प्रताप कौशल व जयकार पटेल ने बताया कि ऊर्जा मंत्री के सकारात्मक घोषणा के दृष्टिगत विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा के प्रति आभार प्रकट करते हुए एवं मा. उच्च न्यायालय के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए हड़ताल वापस लेने का ऐलान किया। संघर्ष समिति ने बिजली कर्मियों से अपील की है कि वे जनता की तकलीफों को देखते हुए काम पर वापस लौटे और शीघ्रातिशीघ्र बिजली व्यवस्था सुचारू करने हेतु सभी कार्य करें। बताया कि वार्ता में ऊर्जा मंत्री के साथ ऊर्जा निगमों के चेयरमैन एम देवराज, प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार प्रबन्ध निदेशक, पी गुरू प्रसाद उपस्थित थे।

## नगर पालिका परिषद क्षेत्र में होर्डिंग, बैनर पोस्टर की जंग, प्रशासन मूक दर्शक

**गोपीगंज।** नगरीय चुनाव की अधिसूचना अभी जारी नही हुई, इसके पूर्व ही नगर में अवैध तरीके से लगे बैनर-पोस्टर से नगर को बदरंग किया जा रहा, प्रशासनिक कार्रवाई न होने से होर्डिंग लगाने वालों के हौसले बुलंद हैं। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में पिछले कई महीनों से अवैध होर्डिंग्स लगाने का सिलसिला जोरों पर है। जिसका जहां मन करता है, वहीं पर पोस्टर-बैनर व होर्डिंग लगा देता है। हालात यह है कि नगर पालिका में सरकारी जगहों पर धड़ल्ले से फ्लैक्स व होर्डिंग्स लग रहे हैं। नगर पालिका अवैध होर्डिंग और बैनर-पोस्टर से पटा हुआ है, लेकिन नगर पालिका को कोई फिक्र नहीं है। राजनीतिक और व्यावसायिक होर्डिंग समूचे नगर में लगे हुए हैं। इससे शासन के आदेश की धज्जियां उड़ रहीं हैं, लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है। सियासत चमकाने की होड़ में राजनीतिक और संगठनों के लोग नगर को बदरंग कर रहे हैं। नगरीय निकाय के होर्डिंग नीति के प्रावधानों को दरकिनार कर ये लोग जहां-तहां होर्डिंग और पोस्टर लगा रहे हैं। होर्डिंग नीति की धज्जियां उड़ाने में वह लोग भी शामिल है जो पालिका के उच्च पदों पर रह कर कानून बनाते है। नगर पालिका के हर चौक-चौराहों में बड़े-बड़े पोस्टर की भरमार है। नगर पालिका के अधिकारी इस समस्या को कभी गंभीरता से नहीं लेते, जिसके चलते लोग पालिका क्षेत्र में अवैध पोस्टर, फ्लैक्स से नगर को दागदार कर रहे हैं। पिछले दिनों पालिका कर्मियों ने होर्डिंग को हटाने का काम ज्ञानपुर रोड से शुरू किया था, परंतु पालिका के उच्च अधिकारी या राजनीतिक दबाव में आकर उतरवाना बंद कर दिया। चुनाव को लेकर इस समय होर्डिंग पोस्टरों की जंग जारी है।

## नवरात्र, रामनवमी और रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**गोपीगंज।** स्थानीय कोतवाली परिसर में रविवार को आगामी त्यौहारों नवरात्र, रामनवमी एवं रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नगर में साफ सफाई अतिक्रमण आदि पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी सदानंद सिंह ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि नवरात्रि व रमजान के पर्व को सभी लोग शांति सौहार्द के साथ मनाएं। सभी लोग आपसी भाई चारे के साथ रहकर कस्बे व क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखें। कोई भी व्यक्ति कस्बे व क्षेत्र में माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर कोतवाल सदानंद सिंह ने अधिशासी अधिकारी से वार्ता कर बताया कि नवरात्र रमजान के पूर्व दुकानदारों द्वारा सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसे हटाए जाने की मुहिम चलाएं इसमें उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में भारी संख्या में पुलिस बल साथ रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से निवर्तमान पालिका अध्यक्ष पहला दासगुप्ता, अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह सहित ज्ञानेश्वर प्रसाद अग्रवाल, रामकृष्ण खड्ग, सरवर खान, गुड्डू चौधरी, माबूद खान, श्रीकांत जायसवाल, विनीत मिश्रा, सानू सिंह सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बंसराज मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष व सुभाष पाल बने मंत्री

**सुरियावां।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र सुरियावा पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की शैक्षिक संगोष्ठी एवं निर्वाचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ब्लॉक सुरियावा के शिक्षकों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक इकाई सुरियावा का निर्वाचन कार्यक्रम प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर संपन्न हुआ। जिसमें निर्धारित समय तक अध्यक्ष पद तथा मंत्री पद हेतु एक एक नामांकन प्राप्त हुआ। नामांकन पत्रों के परीक्षण के उपरांत ब्लॉक अध्यक्ष पद पर बंसराज मौर्य एवं एवं मंत्री पद हेतु सुभाष चंद्र पाल निर्विरोध निर्वाचित किये गये। निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव, चुनाव पर्यवेक्षक अरुण पांडेय रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सदैव शिक्षकों की समस्याओं एवं मान सम्मान के लिए समर्पित रहा है और रहेगा। उक्त कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी के सदस्यगण एवं ब्लॉक अध्यक्ष भदोही भूपेंद्र यादव, सूर्यकांत मौर्य, सूबेदार यादव, प्रवीण यादव, अनुराग कुमार, रुकमणी मौर्या, अनिल श्रीवास्तव, अवधेश यादव, रीता सिंह, राधेश्याम, नवनीत सिंह, महेश कुमार, गुल्लू चंद, प्रदीप प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## एनएसएस के शिविर में तीसरे दिन संदेश योगी ने कराया योगाभ्यास

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन प्रातः पतंजलि योगपीठ के प्रांतीय प्रभारी संदेश योगी के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास किया । योगाचार्य संदेश योगी ने बताया कि व्यायाम, आसन और प्राणायाम से जीवनी शक्ति बढ़ती है। अतिरिक्त वसा जमा नहीं होता है। शरीर लचीला बनता है तथा मन एकाग्र होता है और याददाश्त बढ़ती है साथ ही बहुत सी बीमारियां नियमित योग अभ्यास के द्वारा समाप्त हो जाती हैं। बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता बीएड विभाग के डॉ जय सिंह यादव ने शिक्षा में उद्यमिता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत सी नई संभावनाएं है। आवश्यकता है जो अवसर मिले उसे उपयोगी बनाया जाए। कोचिंग क्लास, ऑनलाइन क्लास या प्रेरक वक्ता बनकर शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर तलाशे जा सकते हैं ।दूसरे वक्ता रसायन विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अभिमन्यु यादव पर्यावरण में व्याप्त अशुद्धता तथा उसे शुद्ध करने की विधियों पर चर्चा की।

# भारतीय संस्कृति व परपंरा का वाहक है होली का पर्व

**बोले सांसद**

**बरनवाल समाज की ओर से नगर में आयोजित किया गया होली मिलन समारोह**

**होली मिलन समारोह में आयोजित किया गया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम**

जनसंदेश न्यूज



बरनवाल सेवा समिति के होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती समाज की बच्चियां




बरनवाल सेवा समिति के होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा दिये गए मोमेंटो के साथ खड़े बरनवाल समाज के लोग

**भदोही।** बरनवाल समाज की ओर से नगर के रजपुरा चौराहा पर स्थित सनबीम पब्लिक स्कूल में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें जमकर अबीर गुलाल उड़े और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डा.रमेश चंद बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव व बरनवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत बरनवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर युवाओं की टोली ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया।

गीत, संगीत व नृत्य का दौर देर रात तक जारी रहा। वहीं महिलाओं और पुरुषों द्वारा भी विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि सांसद डॉ.रमेश चंद बिंद को होली की बधाई देते हुए कहा कि रंगों का यह पर्व भारतीय संस्कृति व परपंरा का वाहक है। यह हमें एकता में अनेकता का संदेश देता है। सौहार्द और भाईचारे की बुनियाद को मजबूत करता है।

बरनवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत बरनवाल ने कहा कि होली ही एक ऐसा पर्व है जिसमें लोग भेदभाव को भूलकर एक दूसरे गले मिलते हैं। कहा कि यह सिलसिला हमेशा जारी रहना चाहिए।

वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी व भाजपा जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया और होली की बधाई दी। इस मौके पर अध्यक्ष सुनील बरनवाल, पीयूष बरनवाल, मनोहर बरनवाल, आशुतोष बरनवाल, विनीत बरनवाल, विकास बरनवाल, पूजा बरनवाल, रंजना बरनवाल, प्रमोद बरनवाल, ललित बरनवाल, अनिल बरनवाल, दर्पण बरनवाल, पंकज बरनवाल, पीयूष बरनवाल, डॉ.अजय बरनवाल, रूपेश बरनवाल, आशीष बरनवाल, रेखा बरनवाल, प्रीति बरनवाल, शिखा बरनवाल, तृप्ति बरनवाल, शिल्पी बरनवाल, उमा बरनवाल, स्वीटी बरनवाल, संदली बरनवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# बेटियां शिक्षा के क्षेत्र की रीढ़- प्रो. निर्मला एस. मौर्य





**संबोधन**

### प्रतिभा सम्मान समारोह में 35 का किया गया सम्मान

### सम्राट अशोक युवा क्लब व मौर्य कुशवाहा चेतना मंच की ओर से लोहता में प्रतिभा सम्मान समारोह

**लोहता।** बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। एक बेटी के शिक्षित होने का मतलब पूरा समाज शिक्षित होता है। इसलिए उनकी शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। उक्त बातें मुख्य अतिथि के तौर पर विचार व्यक्त करती हुई वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने कही।

वह सम्राट अशोक युवा क्लब एवं मौर्य कुशवाहा चेतना मंच के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को लोहता में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पद से विचार व्यक्त कर रही थीं। लोहता स्थित मौर्य मंगलम वाटिका में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें समाज के हाईस्कूल, इंटर के यूपी बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में हाईस्कूल व इंटर की श्वेता मौर्य, तान्या मौर्य, अभिषेक मौर्य, कल्पना मौर्य, अंकिता मौर्या, आर्यन सहित कुल 35 लोगों को सम्मानित किया गया। समाज के उन बच्चों को भी सम्मानित किया गया जो सांस्कृतिक, खेलकूद,व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किये है।

कार्यक्रम की शुरूआत में संरक्षक विजय मौर्य के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सत्येंद्र मौर्य, श्यामबाबू मौर्य, कन्हैया मौर्य, रंजीत मौर्य, किशन मौर्य,मनोज मौर्य,सुधीर मौर्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद मौर्य व संचालन कार्यक्रम सयोजक बबलू मौर्य ने किया।

## सौरभ ने किया आदित्यनगर में पार्क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का शिलान्यास



**वाराणसी।** विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने आदित्यनगर में दुर्गा मंदिर के सामने रु 64.42 लाख की लागत से पार्क निर्माण व सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने शिलान्यास का पूजन वरिष्ठ नागरिक मिठाई लाल से कराया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि डॉ देवाशीष पटेल ने नारियल फोड़ कर पूजन सम्पन्न कराया। विधायक ने उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन, माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ अर्पित करके किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ललन सिंह, ज्ञानी देवी, उर्मिला देवी, शांति देवी, ज्ञानेश्वर प्रसाद, राजन पटेल, सुरेश सोनकर, अनिल पटेल, सुरेंद्र पटेल, सुरेश पटेल, बूल्ला सिंह, विमल पटेल, श्री राजकुमार पप्पू पटेल, दिलीप पटेल, अनिल पटेल, विकास पटेल उपस्थित थे ।

# यूट्यूब से कथक सीखना नामुमकिन –विशाल कृष्ण

### गुरु ही दे सकता है मार्गदर्शन

### गुरु-शिष्य परम्परा खत्म होगी तो बच्चे क्या सीख पायेंगे

### हेमामालिनी संग कर बार कर चुके हैं कथक

### बनारस घराने के कई कथक नर्तक विशाल कृष्ण से खास मुलाकात

**राधेश्याम कमल**

**वाराणसी।** स्वप्न सुंदरी हेमामालिनी के साथ पांच बार कथक कर चुके बनारस घराने के कबीरचौरा निवासी युवा कथक नर्तक विशाल कृष्ण का कहना है कि यूट्यूब के जरिये आज कोई भी कथक नहीं सीख सकता है। आजकल तो यूट्यूब के जरिये कथक सीखाया जा रहा है लेकिन यह कहीं से भी संभव नहीं है। बिना गुरु के यह विधा सीखी नहीं जा सकती है। लोग समझते हैं कि बिना गुरु के यह बड़ा आसान है। लेकिन बिना गुरु के मार्गदर्शन नहीं हो सकता है। जब गुरु-शिष्य की परम्परा समाप्त हो जायेगी तो बच्चे कहां से सीख पायेंगे। अगर किसी को सुविधाएं मिल रही है तो उसका लाभ जरुर उठाना चाहिए लेकिन इसका सही ढंग से उपयोग हो। बनारस घराने के कथक घराने के विशाल कृष्ण से उनके कबीरचौरा स्थित आवास पर बातचीत के साथ ही खास मुलाकात हुई।



### बनारस कथक घराने की चौथी पीढ़ी के हैं विशाल





विशाल कृष्णा 1991 मे बनारस घराने के प्रवर्तक व परदादा आचार्य पं सुखदेव महाराज के यहां हुआ । उनकी नृत्य की शिक्षा महज 3 वर्ष की आयु से प्रारंभ हो गई थी। उनकी प्रथम गुरु कथक की महारानी व दादी सितारा देवी उसके बाद पिता पं मोहन कृष्णा एवं पं. रविशंकर मिश्र से प्राप्त की । विशाल कृष्ण नटराज पं गोपी कृष्णा के भतीजे है । उनको नृत्य में गजब की स्फूर्ति,सुंदर अंग संचालन ,कुशल अभिनय, होने की वजह से एक अलग पहचान मिली।

कथक नर्तक विशाल कृष्ण बताते हैं कि कथक घराने में बनारस घराना भी है। इस घराने की हम चौथी पीढ़ी के हैं। इसकी नींव उनके परदादा आचार्य स्व. सुखदेव महराज ने रखी थी। उस जमाने में कोई भी महिला नृत्य नहीं करती थीं। महिलाओं का मंचों पर नृत्य करना वर्जित था। सर्वप्रथम स्व. सितारा देवी की बड़ी बहन अलकनंदा ने मंच पर कथक नृत्य किया। आज देश में जो भी महिला कलाकार मंचों पर कथक नृत्य पेश कर रहीं हैं उसमें अलकनंदा का बहुत बड़ा योगदान था। इसके बाद सितारा देवी की बहन तारा देवी रहीं जो गायन व नृत्य के क्षेत्र में थीं। तारा देवी के पुत्र पं. गोपी कृष्ण रहे। जिन्होंने झनक-झनक पायल बाजे समेत कई फिल्मों में नृत्य किया। इसके बाद तीसरे नंबर पर सितारा देवी रहीं। सितारा देवी विशाल कृष्ण की दादी बुआ थीं। विशाल कृष्ण के दादा स्व. दुर्गाप्रसाद मिश्र व छोटे दादा स्व. चौबे महराज थे।

### मंदिरों से कथक नृत्य करते-करते मंचों तक पहुंचे



विशाल कृष्ण बताते हैं कि बनारस मंदिरों का शहर है। मंदिरों में नृत्य करते-करते हम कब बड़े मंचों तक पहुंच गये यह हमें भी पता नहीं चला। वैसे हमारी शुरुआत काशी के मंदिरों से ही हुई। वैसे मेरे लिए तो हर मंच मंदिर ही है। वैसे अब तक अनगिनत मंचों पर कार्यक्रम पेश पेश कर चुका हूं। लेकिन इनमें कुछ प्रमुख कार्यक्रमों में गंगा महोत्सव, संकट मोचन संगीत समारोह, कालिदास समारोह उज्जैन, श्रावण महोत्सव उज्जैन, वसंतोत्सव दिल्ली, कथक महोत्सव दिल्ली, काला घोड़ा महोत्सव मुम्बई, खजुराहो महोत्सव खजुराहो, ढाका महोत्सव बांग्लादेश, सिडनी डांस महोत्सव ऑस्ट्रेलिया, इंडियन डांस महोत्सव चीन आदि कई हैं। संकटमोचन संगीत समारोह में वह तीन बार हनुमत दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं। इन दिनों वह सितारा देवी के नाम पर कबीरचौरा में कथक आश्रय चला रहे हैं। जहां पर बच्चों को कथक नृत्य में पारंगत कर रहे हैं।

कई मिले पुरस्कार- विशाल कृष्ण को वैसे तो कई पुरस्कार मिले लेकिन इनमें प्रमुख रूप से कला विभूति सम्मान, श्रृंगार मणि पुरस्कार,पंडित बिरजू महाराज संगीत संमृद्धि सम्मान, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार व उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार आदि शामिल हैं।



### प्रारंभ में सितारा देवी व बाद में पं. बिरजू महराज से सीखा कथक

विशाल कृष्ण बताते हैं कि उनके पिता स्व. मोहन कृष्ण कथक के एक बड़े कलाकार थे। वे प्रख्यात कथक नर्तक स्व. गोपी कृष्ण के छोटे भाई थे। उन्होंने कथक की आरम्भिक शिक्षा अपनी दादी बुआ सितारा देवी से ली। इसके बाद पिता मोहन कृष्ण से सीखा। तत्पश्चात पं. रविशंकर मिश्र से कथक की बारीकियों को जाना। पिता के निधन के बाद उन्होंने कथक सम्राट पद्मविभूषण पं. बिरजू महराज से कथक की गहन जानकारी ली। वे बताते हैं कि कथक नर्तक पं. माता प्रसाद मिश्र-पं. रविशंकर मिश्र स्व. अलकनंदा के शिष्य रहे। कथक नृत्यांगना ममता टंडन ने स्व. दुर्गा प्रसाद मिश्र से सीखा है। वे बताते हैं कि कथक घराना में लखनऊ, जयपुर, बनारस और रायगढ़ घराना है।



**कृष्ण की वेशभूषा धर कर करते हैं कथक**

विशाल कृष्ण शुरू से ही आस्था से जुड़े हुए हैं। बचपन में जब वे कृष्ण का रूप धर कर मंच पर आये तो दर्शकों ने कहा कि इस लुक में तुम बहुत जंचते हो। इसी तरह रहो। इसके बाद वे मंचों पर कृष्ण की भूमिका में ही कथक करने लगे। शनिदेव की महिमा एपिसोड में एक बार सीरियल के डायरेक्टर ने कहा कि क्या तुम मेरे एपिसोड में कृष्ण बनोंगे। लेकिन हम गये ही नहीं।

**स्वप्न सुंदरी हेमामालिनी ने दिया ऑफर**

स्वप्न सुंदरी हेमामालिनी जब अपनी मां की स्मृति में फेस्टिवल किया था तो कहा कि तुम इसमें कृष्ण बनोंगे। रवीन्द्रनाट्य मंदिर मुंबई में यह आयोजन था। इसमें हमने 8 से 10 बार हेमामालिनी के साथ कृष्ण बन कर डांस किया। सच पूछिये तो यह क्षण हमारे जीवन का सबसे सुखद क्षण था। जहां पर हाल में इतने दर्शक बैठे हुए हैं और आप उनके समक्ष नृत्य कर रहे हैं। तालियां बज रही है। यह एक सुखद अहसास था। संगीत नाटक अकादमी की ओर से एक माह के लिए चाइना विजीट पर गये थे। कोरिया में एक हफ्ते के लिए गये थे। वहां भीड़ इतनी कि दर्शकों को मंच पर बिठाना पड़ा। विदेशी क्लासिकल म्यूजिक को ज्यादा पसंद करते हैं।



### कश्मीर व लंदन में नृत्य करने की है इच्छा

विशाल कृष्ण बताते हैं कि उनकी कश्मीर और लंदन में नृत्य करने की इच्छा है। इसके पीछे वजह है कि कश्मीर में एक खूशबू है। यहां पर सुंदर वादियां है। हम फ्रांस में भी डांस करने गये थे। यहां भी बहुत ही सुंदर माहौल था। कश्मीर में जो वादियां हैं वह मुझे बहुत पसंद हैं। लंदन में तो एक जादू है। यहां पर एक बहुत बड़ा समारोह दरबार होता है। मेरी बहुत ही इच्छा है कि इस समारोह में हम परफारमेंस करें। दरबार समारोह शुद्ध रूप से क्लासिकल म्यूजिक पर आधारिकत कार्यक्रम है।

## ट्रांसजेंडर्स की गरिमा की खुलती राह

## ‘बसों में हमारे साथ कोई बैठना नहीं चाहता’

### गुवाहाटी स्टेशन पर खुला ट्रांसजेंडर टी स्टाल

### सम्मान की लड़ाई करार दे रही चलाने वाली

कुछ दिन पहले गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर एक ऐसी पहल हुई जो आगे चलकर नई राह दिखा सकती है जहां तक ट्रांसजेंडर्स का सवाल है। पिछले दस मार्च को स्टेशन के एक नंबर प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में ट्रांसजेंडर पहुंचे थे। लोग सोच रहे थे कि इनके जमावड़े का यहां क्या मतलब। पता चला कि चाय स्टॉल के उद्घाटन का अवसर है और



यह स्टाल एक ट्रांसजेंडर को आवंटित किया गया था। घरों या सड़कों पर ताली बजाकर पैसे मांगने वाले चाय की दुकान चला रहे हैं। उसी भीड़ में एक अफसर भी था, जिसके दिमाग की यह उपज थी। साव्यसाची डे को यह प्रस्ताव असम ट्रांसजेंडर एसोसिएशन ने दिया था कि चाय स्टाल अगर खोलने दिया जाएगा तो उनकी जिंदगी में ये एक अहम मोड़ होगा।

दावा तो यहां तक है कि असम की राजधानी गुवाहाटी भारतीय रेलवे का पहला स्टेशन बन गया है जहां ट्रांसजेंडर चाय बेचते नजर आ रहे हैं। हालांकि दक्षिण भारत में दो साल पहले ऐसा प्रयास हो चुका है। जब महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता इस ट्रांस टी-स्टॉल का उद्घाटन कर रहे थे तो पास खड़े ट्रांसजेंडरों के चेहरों पर खुशी इस कदर थी मानो उन्होंने अपने अधिकार पा लिए हों।

27 साल की ट्रांसजेंडर रानी पिछले कई दिनों से इस चाय के दुकान पर बिना आराम किए काम कर रही है। उनका कहना था कि लोग बड़ी हिकारत के साथ हमसे बात करते हैं, हमें छेड़ते हैं और अपशब्द कहते हैं। लेकिन चाय स्टॉल में आने वाले लोग बड़ी इज्जत के साथ बाइदो (असमिया भाषा में बड़ी बहन) कहकर बात करते है। वो लोग हमसे चाय खरीद रहे हैं। हम ट्रांसजेंडर समूचे समाज से ऐसा सम्मान चाहते हैं। रानी कहती हैं कि बसों की सीटों पर महिला-पुरुष लिखा रहता है, लेकिन हमारे लिए वहां अलग सीट नहीं होती। हम लोग ज्यादातर महिला वाली सीट पर ही बैठते हैं। लेकिन जब महिलाओं की सभी सीट भरी रहती है तो हम कई बार पुरुषों वाली सीट पर भी बैठ जाते है, लेकिन उसके बाद हमारे बगल की खाली सीट पर कोई नहीं बैठता।

हमें कोई नौकरी पर नहीं रखता। हम अच्छे मकान में रहना चाहते हैं लेकिन हमें कोई भी अपना घर किराए पर नहीं देता।

हमें हर जगह से भगा दिया जाता है, इसलिए हमारे ज्यादातर लोग गंदगी वाले इलाकों में गुजर-बसर करते है। हमें इन सारे अधिकारों के लिए अभी लंबी लड़ाई लड़नी होगी। असम में ट्रांसजेंडर एसोसिएशन के अंतर्गत करीब 25 हजार सदस्य हैं और इनमें ज्यादातर लोग ट्रेनों, बसों और दुकानों में जाकर भीख मांगते है।

रानी कहती है, भीख कौन मांगना चाहता है। जिस तरह रेलवे ने चाय स्टॉल खोलने में हमारी मदद की है अगर सरकार भी हमारे समुदाय की मदद करे तो हम सब काम करके अपनी जीविका चला सकते है। हममें से ज्यादातर लोग अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए क्योंकि समाज के डर के कारण घरवालों ने हमारा साथ छोड़ दिया। हममें से अधिकतर ने कम उम्र में घर छोड़ दिया था।

मैंने 10 साल की उम्र में घर छोड़ा, उसके बाद यही एक रास्ता बचा था। समाज का एक बड़ा वर्ग आज यही सोच रखता है कि किन्नर या हिजड़ा लोग ताली बजाकर खाएंगे। हमारे देश में पुरुषों और महिलाओं को जो अधिकार मिले हुए हैं क्या वो हम ट्रांसजेंडरों को नहीं मिलना चाहिए? हमारे समुदाय में बुजुर्ग हैं जो भीख मांगने भी नहीं जा सकते। हम सबको सरकार और समाज से मदद की जरूरत है। रानी का कहना था कि उनका टी-स्टॉल अच्छा चल रहा है और लोग ट्रांस टी-स्टॉल से चाय या फिर खाने-पीने का सामान खरीदने में किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं बरत रहे। ये सोच हर जगह विकसित होनी चाहिए। हम अलग हाड़-मांस के नहीं बने हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ट्रांस टी-स्टॉल को ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान की ओर एक कदम बताते है। वो समुदाय को टी-स्टॉल चलाने के लिए दी गई सुविधा को ट्रांसजेंडरों के सशक्तिकरण के लिए उठाया गया कदम बताते हैं।